CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK1 User: kamlesh.mestry@timesofindia.co Time: 02-06-2026 23:34 Color:

महानगर > मुंबई > **शनिवार, 7 फरवरी 2026** > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082


WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 77, संख्या 32 > मूल्य ₹6.00 > पेज 18 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57


www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



फराह खान की फिल्म में शाहरुख का डबल रोल!

▶देखें अंदर



बैन के बाद भी धुरंधर पाक और गल्फ देशों में नंबर 1 फिल्म

▶देखें अंदर

Raymond | REALTY
Go Beyond

MahaRERA website viz
maharera.mahaonline.gov.in
PR1170002501904
PR1170002501878

द क्राउन अराइव्स टू वडाला।
सो डज़, अ १००–इयर लीगेसी ।



एक सदी से, रेमंड का नाम रहा है भरोसे और बेहतरीन क्वालिटी की पहचान।
आज, वह विरासत अपनी नयी जगह पा रही है।

क्राउन का आगमन सिर्फ़ एक नई क्षितिज से कहीं ज़्यादा है।
यह अपने साथ लाता है, बेहतर कर दिखाने की कला में माहिर जैसी बेजोड़ सटीकता।

इसमें है श्री. गौतम सिंघानिया का ख़ास अंदाज़, जिससे यह साबित होता है कि लग्ज़री
अब कोई कैटेगरी नहीं, बल्कि एक निभाया गया वादा है।

**यह तलाश वडाला में खत्म होती है। नया सोबो-सेंट्रल।**

LAUNCHING
THE ADDRESS BY GS
— WADALA —

the baya company
details make a difference

सेल्स गैलरी: द एड्रेस बाय जीएस, मोनोरेल डिपो के पास, वडाला

022 6868 5566

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: c-suman.v@timesofindia.com Time: 02-06-2026 22:28 Color:




TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

## प्रॉपर्टी

### मुंबई प्रॉपर्टीज

**दादर**

**MATUNGA** Spacious 4 BHK Perfect Plan - 6.75 Cr Only Balcony,Study,Servants Area Kids Play Area / Pool / Gym Highrise Estates 99 200 11 888

**NEW** 13th Flr 545 Rera Cpt Westerly Mpty Vacant 2BHK +Parkin +OC @Dadar Nr Stn @K'khana @2.43Cr 9820048175. Fix Vdo https://dkrealty.in/JT

**कल्याण**

**KALYAN-(W)** Nile Co-op. Housing Society, Godrej Hill 1-BHK for Sale 37.86 sq.mtrs, corner flat, ground floor, good condition. 38 Lacs (Brokers Welcome). Contact Owner: S. Parthasarathy 9167425304

**पवई**

**POWAI** Opposite Lake Ownership 3BHK + Servant, area 1300 carpet, excellent view, parking. Contact 9619613342/ 40020800

**दक्षिण मुंबई**

4 BHK Near Race Course Spacious / Terrace Deck 3 Covered Car Parks @ 8.60 Cr Pool, Gym, Kids Play Area Highrise Estates 99 200 11 888

**वर्ली**

**SEA** Facing Bungalow Style 4 BHK 3500 Sq Ft Carpet High Ceilings / Sun Deck 5 Acres / 7* Resort Style Highrise Estates 99 200 11 888

**बोरीवली पश्चिम**

**2-BHK-फर्निश्ड-फ्लैट-750'** पुढ़ेबल कालोट, बोरीवली (वेस्ट) देवीदास लेन क्रॉस रोड, एसवा, पार्किंग के साथ. (2.01 Cr.) Mukesh Estate : 9820074825.

**3-BHK-फ्लैट-1150'** पुढ़ेबल कालोट, बोरीवली (वेस्ट) एल. टी. रोड, चंदावरकर लेन, पार्किंग के साथ. (3.50 Cr.) Mukesh Estate : 9820074825.

**मलाड पश्चिम**

**MALAD**(W) SV Road, Opp Jain Derasar for sale 1Bed 1.11cr, 2Bed-1.55cr All Incl. Poss. April 2026. 9821291590 / 7506853114.

**उल्वे**

**ULWE,** Navi Mumbai, 1-BHK Flat for SALE, Sector-24, Ulwe, Balcony Grill Covered, with Car Parking. Call : 9082047295

**मुलुंड पश्चिम**

**FOR SALE** 2 BHK- 705 sq. ft. & 3 BHK- 951 sq. ft., 2 Parking on Podium, Valji Ladha Road, Mulund West. (P51800055546) Call 9930 333 456

**MULUND (West)**
885 sq ft Carpet
**3 BHK for Sell at**
Valji Ladha Road, New Building with 2 Lifts on Higher Floor, 2 Parking.
**Price 2.55 cr**
Contact 9869054820

**गोरगांव पश्चिम**

**KALPATARU** RADIANCE 2 BHK 839 Carpet 3.25 Cr Vacant Possession/ Rdy / OC Pool, Gym, Kids Play Area Highrise Estates 97 666 555 00

**GOREGAON (W)**
**"SIDDHARTH NAGAR"**
2 BHK Rs. 1.99 cr*
3 BHK Rs. 2.87 cr*
Full C.C. Received**
8693890177
Maha Rera No : P51800077958

### प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

**औद्योगिक परिसर**

**AVAILABLE** Industrial Land area 2736 Sq Meter at TTC, Rabale, Navi Mumbai, Genuine buyer Contact 9082641644 Shah

**वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)**

**FOR-LEASE,** 700 Sq.Ft. Office Ready to move in, Fully Furnished 5th Floor, Mittal Towers 'B', Nariman Point. 2.58 Lacs P.M.+ GST. Call: 9619265145 Owner.

**MIDC** Approved Industrial Plot for SALE, Total Area 10700 sq. mtrs. Situated at Plot No N13/2 MIDC Tarapur, Boisar, Palghar Dist., Maharashtra.401506
- Clear & marketable title
- MIDC Infrastructure – Road, Power & Water
- Ready for industrial development. Interested parties may contact: Mobile: 9028355011.

**VACANCY: LADY MANAGER CUM WARDEN**

Applications are invited from eligible candidates for LADY MANAGER CUM WARDEN

| | |
|---|---|
| Location : | Sagarika Sainik Aramgah Colaba Mumbai. |
| Job Details : | • 24 x 7 stay within premises. • Managing and handling of occupants. |
| Eligibility : | • Age: 35 to 50 years medically fit. • Min. Qualification: Graduate with good communication and inter personal skills. • Preference to ESM Military Widows (Veer Nari)/ Dependants of Defence Personnel. |
| Salary & Perks : | • Salary in Hand Negotiable. • Free boarding and lodging within premises. • 2 days earned leave per month. |
| How to Apply : | • Send Application and Scanned documents: sagarikaaccn@gmail.com by 15 Feb. 2026 • Contact: 022-20822598 / 9321057226 • Interivew dates will be intimated telephonically. |

**PEN-DIST-RAIGAD,** Sale/ lease 2000 sft carpet, 1st floor - For banks, insurance, MNCs, back offices, poly-clinics etc 9819074959 / 9819032929.

**11000** Sqft, Independent Building Available for Rent at MIDC, Andheri-East, Near Seepz Metro. Contact: 9869273750

**AVAILABLE-LL** Vileparle (East), 600' Office, Near Station, Semi Furnished, Commercial Building. 75,000 Rent / 5 Lacs Deposit. Owner - Yash Kanakia 7021154342 / 9820777095

**लीज और किराए पर**

**1)** ON-RENT,70,000 sq.ft. Highway face N.A.plot built to suit One Lac sqft Vertical 25000 sq.ft. x 4 floors= 100000 sq.ft. for Godown/ Pharma/ Garment / Car Centre/ assembling. Nr Fountain Hotel, 3 km from Kashimira.
2) ON Rent 6000 sq.ft.(1st-3000'& 2nd -3000') office fully furnished at Marol Maroshi Road,3 km from Airport, Nr Seven Hills Hospital.
3) Very Prime Plot 24000 sq.ft. Next to Fun Republic. One lac sqft,10000 sq.ft.@10 floors= 100000 sq.ft. built to suit Glass Façade Jwellery /Showroom /Corporate office/ Bank /IT
4) ON Rent Gr.Floor, besides Lodha Aqua, Mira Road, Super Market 1650' Carpet with A/C & with Racks / Office.
5) On Rent,Gala 4000 sq.ft.at kaman Bhiwandi Road facing, Near Bhajanlal Dairy.
Ph: 9820236654 / 9870643011, Email- gkp.fittech@gmail.com

**बिक्री के लिए भूमि**

**NEAR:GORAI-BEACH** 3 Acre CRZ 111 Plot in Tourist Zone, Ideal for Resorts, Clear title, single owner. Fully fenced with well, electricity & structure.100 mtr frontage on 60 ft DP Road. 9867008218.

**SCHOOL-RESERVATION** 1Acre + 3Acres attach play-grd at Hiranandani Estate Thane for Sale/Lease. Call:- 8097004875 / 9820069642 Brkr Excuse

**BUNGALOW & VILLA**

**BUNGALOW** for Sale 3BHK 1500 sqft Carpet with large terrace & 2 guntha land near Shirgaon Beach, Palghar (W). Rs.1.15 Cr (Neg) Tel: 9545400177

**बिक्री के लिए प्लॉट्स**

**4** acres of agricultural land on state highway, 5 kms from NH66 for sale near Mangaon. For more details write to consultprocon@gmail.com

## भर्ती

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

**प्रशासन**

**प्रबंधक**

**REQ.** Exp. Society Manager at Malad(West) to handle Soc. matters & coordinate with Advocate. Young grad pref. Call: 9967735041/ 9320023451 Em: gigera1956@gmail.com

**लेखा**

**अकाउंटेंट (लेखाकार)**

**REQD.-URGENTLY** Accountants & Office Asst. (Min. 10 years experience) Excellent Salary for a Right Candidates. "AIMJAY AGRO FRESH LLP" 292 Bellasis Rd. potia Bldg. no.2 Off. no. 3. next to Hotel Sahil. Mumbai Central. Contact: 9820216417 aimjayagro@gmail.com

**विपणन, विज्ञापन और बिक्री**

**विपणन (मार्केटिंग)**

**WANTED** an experienced marketing person for an interior design company. Salary with incentives Send resume to Mob 9322689844

**बिक्री**

**FRESHER** with 1-2 yrs exp in Real estate (commercial), handling niche B2B clientele, HNIs, institutional sales etc Location - Thane Interns can also apply. Pls WhatsApp your CV at 9167779918

**मेहनती-सिंधेल** चाहिए हार्डवेर दिहेल सॉप स्वतंत्र रूप से लेडी संभाल सके पार्टटाईम / फुलटाईम, रविवार दुकान चालू, चेंबूर (पूर्व) :- 9820120537

### अन्य रिक्तियां

**चालक**

**REQUIRED** TR License Drivers in Thane, 2 to 5 Years Exp., Salary Rs.26000 fixed per month and Incentives On daily basis. Contact No. 8928682770

**पार्ट टाइम जॉब**

**GOVERNMENT** Recognized Company Looking for Retired/ Bankers/Teachers/VRS/ NRI/ Housewives (Age 40to 70) Fixed Income+ PF+ ESIC...98206 91548

**सेवानिवृत व्यक्ति**

**GRAB-AN-OPPORTUNITY** Vacancy for Retirees/ VRS/ Pensioners/Professionals Good Salary+ Incentives in Flexible time. M: 9619924666/ 9820674900

**सुरक्षा**

**Security** Guards और Supervisor तुरंत चाहिए। ड्यूटी 8 घंटा, आकर्षक पगार, PF+ESIC. लोकेशन : पलावा सिटी, डोंबिवली ईस्ट. इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें। WhatsApp : 9004764233 / Contact: 8655972189

**PHARMACEUTICAL CHEMISTS**

**फार्मासीस्ट,** चेंबूर में मेडिकल स्टोअर के लिये बिनअनुभवी - अनुभवी, रजिस्टर फार्मासीस्ट (डि-फार्म) चाहिये, चेंबूर के आस-पास रहने वालोंको प्राधान्य, संपर्क - 81043 31771

**एकाधिक रिक्तियां**

**?KONARK** Developer Req. "Project Manager, CivilEngg & Site Supervisor" 10yrs exp. (Sites Borivali-Khar) Mail cv- careers.konark@gmail.com/ 8356883939

DISHA GROUP OF COMPANIES
www.disha-group.com
requires:

**Sr. ACCOUNTANT**
- Minimum 5-7 years of Experience
- Finalization with GST & IT Return
- Ability to work effectively with the team

**Jr. ACCOUNTANT**
- Minimum 2-3 years of Experience
- Finalization with GST & IT Return
- Ability to work effectively with the team

**OFFICE EXECUTIVE**
- Should be capable of Drafting and Corresponding in English.
- Should understand & communicate in Marathi.

**Location Criteria: Candidates should reside between Borivali to Bandra.**
Short listed candidates will be called for interview.
Whatsapp resume on: 8976953433

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## सेवाएं

**ज्योतिष**

**बिना** बताये जाने सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहक्लेश, उधारी पैसा का गारंटेड समाधान लोक करते है हम करके दिखाते. 9930724766 / 8828954766

**कानूनी सलाह**

STAMP DUTY
REGISTRATION
ADJUDICATION
INDEX II
POINT ADVISORY
7021653529

## टेंडर और नोटिस

**निविदाएं (टेंडर्स)**

UBI Services Ltd.
UBI Services Limited, 504-506, 5th Floor, Centrum, Wagle Estate, MIDC, Thane (West), Maharashtra - 400604
**TENDER NOTICE**
The company invites sealed offers for Office Premises required on Lease Rental Basis at Pune City, Maharashtra as detailed in RFP. Please visit our website www.ubisl.co.in RFP forms can be downloaded from the website - Navigate to the 'Tender' page through the Quick Links section at the bottom in website.
**Last Date of RFP: 21-02-2026 (6:00 PM)**

**TENDER FOR SALE/ REDEVELOPMENT OF PROPERTY**
(Without Prejudice)
Sealed offers are invited from sound Developers/Firms/ Corporates/ Individuals for **Outright Purchase/ Redevelopment or both** of the Building:
**"Bella Vista CHS LTD."**
Situated on Plot bearing FP No. 28/1 TPS II, Swami Vivekanand Road, Opp. Bandra Lake, Bandra (W), Mumbai 400050. admeasuring 2099.50 sq mtr. Members: Wing "A", 30 Residentials Wing "B", 17 Residentials, 1 Shop and 1 office Tender Document available at PMC, Tejas Mehta: architecttejasmehta@yahoo.co.in
**Contact person:**
Nilesh Parab: 82860 59050
From: **05/02/2026 to 18/02/2026.**
Tender cost: **Rs. 25,000/-**
And bid to be submitted along with EMD refundable vide DD/ Pay order of Rs. 25,00,000/- in the favor of
**"Bella Vista CHS LTD."**
**Submission Deadlines:**
Offers must be submitted in a sealed envelope on or before 10/03/2026 between 11.00 AM to 4.00 PM (Monday to Friday). Collection of tender and submission of Bids to be done at the following Address: B/1 Purshottam Nagar, S. V. Road, Bandra west, Mumbai 400050.
**Note:** the society reserves the right to reject any/all offer without assigning any reason whatsoever.

**TENDER NOTICE**
Navi Mumbai Bengali Association, Vashi invites sealed tenders from reputed and experienced contractors for construction of a Multi-Storied Assisted Living Facility (Old Age Home) at Plot No. 72G, Sector-11, Kharghar, Navi Mumbai – 410210.
**Eligibility:** Contractors with at least 5 - 8 years' experience in similar projects (minimum two completed projects), average annual turnover around ₹ 20 Cr, registered office in Navi Mumbai, and proven capability in handling local & site issues including competency on statutory laws, may apply.
**Tender Schedule:**
* Document Collection: 07.02.2026 to 11.02.2026 (11:00 AM - 5:00 PM)
* Tender Submission: By 18.02.2026 (11:00 AM - 5:00 PM)
Both Technical and Commercial bids are to be submitted in two different sealed envelops.
Tender Fee: ₹ 7,500/- (Non-refundable, Cash/DD in favour of "K Thomas and Associates") **Tender Documents collection and Tender submission at:**
K. Thomas & Associates, E-1, Unit No.3, Sector-5, Vashi, Navi Mumbai - 400703
For any query contact: Ar. Rohit Ghanekar
**Mob: 8369927357 / 9820076207**
The Association reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.
Sd/-
Chairperson, Board of Trustees,
Navi Mumbai Bengali Association, Vashi

## व्यक्तिगत

**नाम परिवर्तन**

**OLD** Name - Samuel Dcosta Radheshyam Singh Alias New Name - Radheshyam Singh Samuel Dcosta

**I,NITA** Wife of Kashid Machchhindra Akaram r/o Nigadi, Jath, Sangli, M.H-416404 have changed my name from Nita to Nita Machchhindra Kashid vide aff. 59AB895043 dt. 05/02/2026 at Nashik

**I** Sayyad Anurbi Amirbhi mother of No 14645288L Hav Sayyad Jakir Ambirbhai of EME Corps r/o of Mandwe Bk Taluka Sangamner, Ahilyanagar - 422622 changed my name from Sayyad Anurbi Amirbhi to Anurbi Ambirbhai Sayyad affidavit No 653 dt 05 Feb 2026 .

**I** Sayyad Amirbhi Sayyadbhi father of No 14645288L Hav Sayyad Jakir Ambirbhai of EME Corps r/o of Mandwe Bk Taluka Sangamner, Ahilyanagar - 422622, changed my name from Sayyad Amirbhi Sayyadbhi to Ambirbhai Sayyadbhai Sayyad affidavit No 653 dt 05 Feb 2026

**I,** Neema Wife of Kapil Kumar r/o Pavan Chouk, Nagar Parishad Kothari, Sehore, M.P-466114 have changed my name from Neema to Neema Varma vide aff. 59AB895050 dt. 05/02/2026 at Nashik

**I,** Lalata Devi Mother of Ravi Shankar Singh r/o Nad, Rohtas, Bihar - 821113 have changed my name from Lalata Devi to Lalita Devi vide aff. 59AB895036 dt. 05/02/2026 at Nashik

**I,** Swapnali Wife of Ghuge Balu Ramkrushna r/o Matulthan, Yeola, Nashik, M.H-423403 have changed my name from Swapnali to Swapnali Balu Ghuge vide aff. 60AB372804 dt. 06/02/2026 at Nashik

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472


**NBT स्मृति** यादों के चिराग

|| वैकुण्ठवास ||



**श्री राजकुमार सरावगी**
(सुपुत्र स्व.श्री मोहनलालजी सरावगी, लक्ष्मणगढ़ निवासी)
का स्वर्गवास
सोमवार 2 फरवरी 2026 को हो गया है।
|| प्रार्थना सभा ||
रविवार 8 फरवरी 2026, शाम 4 से 6 बजे
तिरुपति बैंक्वेट, पहला माला
श्री माहेश्वरी भवन रोड, भायंदर-पश्चिम, मुंबई
|| शोकाकुल ||
पुत्र-पुत्रवधु : सुभाष-सुधा, विकास-सोनु पवन-पूजा, प्रियंका विष्णु सरावगी
पौत्र-पौत्री : जय, गोपाल, कृष्णा, अभय मयंक, अदिति, रितु, यात्री
भाई : रामभगत
भतीजा :
बनवारीलाल, ओमप्रकाश, रमेशकुमार जयप्रकाश, विमल, अशोक, अर्जुन कृष्णकुमार एवं समस्त सरावगी परिवार
मो.:9821005845, 9323211540, 7498834224
ससुराल पक्ष : रामनिरंजनजी, रामप्रकाशजी महेशजी, अमीलजी एवं समस्त बजाज परिवार

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



**चिरंजीलाल नागरमल सेखसरिया**
१९४७-२०२६
बैठक सभा :
रविवार, ८ फरवरी
सुबह १०.३० से १२.००
फ़ेलोशिप ऑफ़ द फिजिकली हैंडीकैप्ड हॉल
५ वीं मंजिल, हाजी अली, मुंबई
नीलम सेखसरिया
प्रीति, रोहित-पायल
मोतीलाल, उमा, जनार्दन-कंचन, शालिनी, शिल्पा, प्रीति, विनीत, अनुज, स्मृति, अध्ययन, राधिका
सेखसरिया परिवार

BOOK OBITUARY ADS
To book an Obituary Ad Please contact:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
Asif Faridi 9594 343 468
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

PROPERTY FOCUS

THINK RENTAL INCOME. THINK GOA.
FARM LAND STARTS @20,000 SQ. YDS.
93-1122-8485

To advertise in this section call
JITESH 9867407521

BUSINESS CONNECT

**FROZEN SEAFOOD FACTORY & 1,000 MT COLD STORE FOR SALE | KERALA**
Excellent opportunity to acquire a **running, profit-generating** seafood export facility & independent cold storage, with potential to establish a leading position in **seafood processing and export** from India.
* **Fully operational,** with **Complete infrastructure** in place, near Aroor, **Alappuzha.**
* **Access to Marine & Farmed Seafood,** enabling year-round **utilisation.**
* **Built** to international standards (EU / USA / China approved, FSSAI, HACCP certified)
* **50+ TPD** processing capacity
* **2.6 Acres** with NH-66 frontage
* **1,000 MT** Palletized Cold Store with **50 Cents land** near **Cochin**
IDEAL FOR EXPORTERS, STRATEGIC INVESTORS AND FOOD PROCESSING GROUPS
Offered at an **Attractive Valuation,** enabling **Faster ROI & Strong Land Asset Security.**
frozenseafoods26@gmail.com • Call : +91 96456 34567

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

SOCIAL EVENT

SADHGURU ISHWARDAS AMRITVANI SATSANG
सद्गुरु सत्यानंदजी महाराज
साहेब ईश्वरदासजी महाराज
गुरूजी श्री विजेंद्रजी महाराज
के पावन सानिध्य में
प्रात: अमृतवाणी सतसंग
Sunday 8th Feb 2026
9.30 to 11.30 AM
Every Sunday Morning 9.30 to 11.30 AM
स्थान: अमोघ धाम, मालाड प.
SADHGURU ISHWARDAS AMRITVANI 9833540140

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.


# एयरपोर्ट पर चेक-इन प्रक्रिया होगी तेज और स्मार्ट

## हाइब्रिड सेल्फ बैग ड्रॉप काउंटर शुरू



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (CSMIA) ने टर्मिनल-2 पर 14 हाइब्रिड सेल्फ बैग ड्रॉप (SBD) काउंटर शुरू किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों की डिपार्चर प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाना है। एयरपोर्ट प्रशासन का लक्ष्य 2028 तक टी2 के सभी 212 पारंपरिक चेक-इन काउंटर को चरणबद्ध तरीके से हाइब्रिड सिस्टम में बदलना है। हाइब्रिड एसबीडी काउंटर चेक-इन और बैगेज ड्रॉप को एक ही प्रक्रिया में जोड़ते हैं, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप कम होता है और यात्रियों का इंतजार समय घटता है। सेल्फ-सर्विस मोड में एक काउंटर प्रति घंटे करीब 100 से 120 यात्रियों का बैगेज प्रोसेस कर सकता है, जबकि पारंपरिक काउंटर पर यह संख्या 25 से 30 यात्रियों तक सीमित रहती है।

एयरपोर्ट पर सेल्फ-सर्विस बैगेज सुविधा का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2024 में 3.88 लाख यात्रियों ने इस सुविधा का उपयोग किया था, जो 2025 में बढ़कर 5.60 लाख से अधिक हो गया। बढ़ती मांग को देखते हुए बैगेज प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने के लिए यह नया सिस्टम लागू किया गया है।

### यह सिस्टम डिजीयात्रा बायोमेट्रिक तकनीक से जुड़ सकता है

सीएसएमआईए के प्रवक्ता के अनुसार, यह सिस्टम जरूरत के अनुसार मैनुअल और सेल्फ-सर्विस मोड के बीच आसानी से स्विच किया जा सकता है, जिससे पीक और ऑफ-पीक समय में संचालन अधिक लचीला रहेगा। फिलहाल इंडिगो और एयर इंडिया ने इस सुविधा को अपनाया है, जबकि लुफ्थांसा, एयर फ्रांस, कतर, विस्तारा और केएलएम जैसी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस भी धीरे-धीरे हाइब्रिड प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट होंगी। यह सिस्टम डिजीयात्रा बायोमेट्रिक तकनीक से भी जुड़ सकता है, जिससे यात्रियों को फेस रिकग्निशन के जरिए तेज प्रोसेसिंग मिलेगी। पहली बार उपयोग करने वाले और वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए एयरपोर्ट पर प्रशिक्षित सहायकों की तैनाती भी की गई है।

# रिटायर्ड महिला से 4.62 करोड़ की ठगी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई की 74 वर्षीय सेवानिवृत्त महिला कर्मचारी से 4.62 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेंद्र सिन्हा और गुंजन देवकुमार दिनेशचंद्र के रूप में हुई है। दोनों पर साइबर ठगों के साथ मिलीभगत कर उनके लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने का आरोप है।

पीड़िता आईआईटी मुंबई में चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। महिला को पहले एक विडियो कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताया। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने आईपीएस अधिकारी बनकर संपर्क किया और दावा किया कि पीड़िता के आधार कार्ड का दुरुपयोग कर बैंक खाता खोला गया है, जिसका इस्तेमाल लगभग छह करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया है।

**गिरफ्तारी की दी धमकी:** आरोपियों ने सीबीआई केस और गिरफ्तारी की धमकी देकर महिला पर दबाव बनाया। डर के कारण महिला ने अपनी सावधि जमा और बचत निकालकर अक्टूबर से जनवरी के बीच अलग-अलग बैंक खातों में 4.62 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होने पर शिकायत दर्ज कराई गई। जांच में दोनों आरोपियों की भूमिका सामने आने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# बॉलिवुड एक्ट्रेस से 98 हजार की साइबर ठगी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के गोरेगांव इलाके में रहने वाली बॉलिवुड अभिनेत्री शशि विनय उपाध्याय शर्मा के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को एयर इंडिया का कर्मचारी बताकर फोन किया और फर्जी दावे के जरिए उनके बैंक खाते से 98 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के बाद अभिनेत्री ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शशि (65) गोरेगांव की निवासी हैं।

पीड़िता के अनुसार, 15 दिसंबर की शाम करीब 4.20 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एयर इंडिया कार्यालय से बताया और कहा कि उनकी लगातार घरेलू यात्राओं के कारण उनके एयर इंडिया रिवॉर्ड पॉइंट्स गायब हो गए हैं। पॉइंट्स दोबारा देखने के बहाने कॉलर ने उनके मोबाइल पर एयर इंडिया ऐप डाउनलोड करने को कहा।

**साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत:** अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने कोई लेन-देन नहीं किया और न ही किसी को ओटीपी दिया। कॉलर के निर्देशानुसार ऐप पर क्लिक करते ही फोन हैंग हो गया। इसी दौरान उनके दस बैंक खाते से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 98,000 रुपये निकाल लिए गए।

# बसें समय पर चलेंगी तो बढ़ेगी कमाई

■ **NBT न्यूज, मुंबई :** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री तथा एसटी के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने एसटी बसों के समय पर संचालन को आय बढ़ाने की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बसें समय पर चलेंगी तभी एसटी की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सरनाईक ने कहा कि एसटी आम लोगों की जीवन रेखा है और किफायती किराया, सुरक्षित यात्रा तथा सरकारी रियायतों के कारण यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन अगर सेवा समयबद्ध नहीं रही तो यह भरोसा टूट सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यात्रियों को इंतजार करवाना उन्हें निजी परिवहन की ओर धकेलने जैसा है।

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का निर्देश

बैठक में बसों के देर से रवाना होने, रास्ते में खराब होने और अचानक फेरे रद्द होने की बढ़ती शिकायतों पर भी नाराजगी जताई गई। मंत्री ने बस स्टैंड स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी से काम करते हुए हर फेरी तय समय पर शुरू करने के निर्देश दिए। आय बढ़ाने के साथ-साथ खर्च नियंत्रण पर भी जोर देते हुए उन्होंने स्थानीय स्तर पर नियोजित रखरखाव, संसाधनों के कुशल उपयोग और प्रबंधन में अनुशासन लागू करने की जरूरत बताई।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: ajay.karekar@timesofindia.com Time: 02-06-2026 22:44 Color:




Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^^Advanced driver assistant systems (ADAS) is not a substitute for human eye or driver vigilance. It is a driver assist system only to enhance safety and driving experience. The driver will remain responsible for safe, vigilant and attentive driving. °Mood light on sunroof turns off when the roofline shutter is open. #1.2L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Curvv. ^^Price mentioned is for CURVV Smart Petrol MT Ex-showroom price **Mumbai**. As per Bharat NCAP 2024 score. *Available in Petrol, Diesel & Electric. #1.5L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Harrier & Safari. ^^Prices mentioned are for Harrier Smart Petrol MT Variant, ex-showroom **Mumbai** Local taxes extra. 'Harrier is available in Petrol, Diesel and EV. 'Safari is available in Petrol and Diesel. Terms and conditions apply.

## फटाफट खबरें

### युवक ने की खुदकुशी, पुलिस कर रही जांच

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नालासोपारा पूर्व स्थित वाकन पाड़ा इलाके में गुरुवार शाम को 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार वाकनपाड़ा स्थित अवधूत आश्रम के पास रहने पन्नालाल निवासी दीपक माणिकचंद्र गौतम (19) अपने परिवार के साथ रहता था, गुरुवार शाम को उसने अज्ञात कारणों से घर की छत पर लगे लोहे के पाइप पर साड़ी बांधकर फांसी लगा ली।

### तबेले के गोदाम में युवक ने लगाई फ़ांसी

■ NBT न्यूज, वसई : नायगांव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के चिंचोटी इलाके में गुरुवार को एक 29 वर्षीय युवक ने तबेले के गोदाम में फ़ांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार चिंचोटी स्थित सागपाडा, अजम डेअरी नामक तबेला में काम करने वाला खुशियाल राजमन पाल (29) ने गुरुवार को तबेला के चारा गोदाम में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के चलते उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है।

### लॉज में दी जान, पुलिस खंगाल रही है वजह

■ NBT न्यूज, कल्याण : डोंबिवली रेलवे स्टेशन के पास हेमंत लॉज में एक 42 वर्षीय व्यक्ति के फांसी लगा लेने से सनसनी फैल गई। व्यक्ति ने कथित तौर पर बेडशीट की मदद से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह मिली। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव के चलते आत्महत्या किए जाने की आशंका है। विष्णुनगर पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई राम चोपडे मामले की जांच कर रहे हैं।

### फॉर्म हाउस लूटने आए 2 आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, पालघर : वाडा तालुका स्थित शिदेवाडी फॉर्म हाउस में लूटपाट करने आए 8 लुटेरों में दो को पालघर पुलिस ने अमरावती से पकड़ा है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर की रात डेढ़ बजे फॉर्म हाउसकर्मी सेंथिल कुमार रमन (31) सोए थे, तभी किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही चार अज्ञात लुटेरों ने उन्हें घेरा और जान से मारने की धमकी देकर भीतर घुसे। उसके बाद चार लुटेरे और आए, फिर सभी छानबीन करने लगे। जब कुछ नहीं मिला, तो वे फरार हो गए। केस दर्ज होने पर पुलिस ने टिप के आधार पर अमरावती से आरोपी बादशाहसिंह अजबसिंह टाक (42) और राजेंद्रसिंह महिपालसिंह बावरी (32) को गिरफ्तार किया।

# पनवेल मनपा में मेयर की चेयर को लेकर खींचतान

## महापौर, उपमहापौर के लिए महायुति, MVA कैंडिडेट ने भरे नामांकन

■ पुरुषोत्तम कनौजिया, पनवेल


डेप्युटी मेयर के लिए नामांकन भरती प्रमिला पाटील।


महापौर पद के लिए बीजेपी के नितिन पाटील ने भरा पर्चा।

पनवेल महानगर पालिका में मेयर पद की दावेदारी को लेकर राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। यहां महापौर और उपमहापौर पद के लिए नामांकन के लिए तय की गई आखिरी तारीख को महायुति और महाविकास आघाडी की तरफ से नॉमिनेशन भरे गए। बीजेपी की तरफ से महापौर पद के लिए आगरी समाज से आने वाले नितिन पाटील ने नामांकन भरा, तो वहीं उपमहापौर पद के लिए प्रमिला पाटील ने नामांकन भरा। सीटें कम होने के बावजूद महाविकास आघाडी की तरफ से शेतकरी कामगार पार्टी की अर्चना घोईर ने महापौर पद के लिए नामांकन भरा, तो उपमहापौर पद के लिए कांग्रेस की लीला कातकरी ने नामांकन भरा है।

15 जनवरी को हुए पनवेल महानगर पालिका चुनाव में महायुति को कुल 78 सीटों में से 60 सीटों पर सफलता मिली थी, जबकि महाविकास आघाडी को सिर्फ 18 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। 7 सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे, उस स्थिति को देखते हुए उम्मीद की जा रही थी कि बीजेपी आसानी से बिना किसी चुनाव के अपना महापौर बना लेगी। हालांकि, आखिरी दिन महाविकास आघाडी की तरफ से दोनों पदों पर नामांकन भरकर बीजेपी को चुनौती देने का प्रयास किया गया है।


मनपा में मेयर-डेप्युटी मेयर पद के लिए नामांकन भरते MVA उम्मीदवार।


साल 2016 में बनी पनवेल महानगर पालिका का चुनाव 2017 में हुआ था। उस वक्त भी बीजेपी ने जीत हासिल की थी और कविता चौधमल महापौर बनी थीं। उन्होंने ढाई-ढाई साल के दोनों टर्म पूरे किए थे। बाद में कोरोना महामारी के कारण रुके चुनाव अब तक नहीं हो पाए थे। इस तरह नितिन पाटील अब पनवेल के दूसरे महापौर बन सकते हैं। इसके पहले नितिन पाटील को बीजेपी नगरसेवकों के दल का नेता चुना गया था। उस वक्त चर्चा थी कि नितिन पाटील की जगह किसी अन्य को महापौर बनाया जा सकता है।

### प्रीतम म्हात्रे को लगा झटका

पनवेल महानगर पालिका चुनाव से करीब एक वर्ष पहले प्रीतम म्हात्रे ने शेतकरी कामगार पार्टी छोड़कर बीजेपी जॉइन की थी। उन्होंने उरण से शेकाप की टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। महानगर पालिका चुनाव में उनकी पत्नी ममता म्हात्रे निर्विरोध जीत गई थीं। ऐसे में, उन्हें उम्मीद थी कि ममता म्हात्रे को बीजेपी महापौर बनाकर उन्हें सम्मानित करेगी। लेकिन, नितिन पाटील को अवसर देकर बीजेपी ने म्हात्रे को मायूस कर दिया है। बीजेपी के इस निर्णय को प्रीतम म्हात्रे के लिए एक बड़े झटके के तौर पर माना जा रहा है।

# ठाणे मनपा के सामने 285 करोड़ टैक्स वसूलने की चुनौती

■ NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे शहर में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की रफ्तार धीमी होने पर मनपा आयुक्त सौरभ राव ने नाराजगी जताई है। अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए कर नहीं भरने वालों के खिलाफ कड़क कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मनपा के सामने अगले दो महीनों में 285 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की बड़ी चुनौती है।




### 2 महीनों में उम्मीद से कम वसूली

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मनपा ने कुल 841.39 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स वसूली का लक्ष्य तय किया है, जिसमें से अब तक 556.19 करोड़ रुपये ही वसूले जा सके हैं। पिछले एक से दो महीनों में वसूली उम्मीद से कम रहने पर आयुक्त ने अधिकारियों को फटकार लगाई।

आयुक्त कार्यालय में हुई बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी. जी. गोदेपुरे, मिताली संचेती सहित सभी सहायक आयुक्त और संबंधित अधिकारी मौजूद थे। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कर बकाया रखने वाले आवासीय उपभोक्ताओं के पानी कनेक्शन काटे जाएं, जबकि गैर-आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के खिलाफ जब्ती और सीलिंग की कार्रवाई की जाए।

गैर-आवासीय संपत्तियों के लिए विशेष वसूली अभियान शुरू किया गया है, जो 10 फरवरी तक चलेगा। आयुक्त ने सभी प्रभागों में बड़े आवासीय परिसरों में विशेष वसूली शिविर आयोजित करने के भी आदेश दिए हैं। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 850 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 810 करोड़ रुपये यानी 95 प्रतिशत वसूली की गई थी।

संपत्तिधारक मनपा की वेबसाइट www.thanecity.gov.in ऑनलाइन के अलावा मनपा कार्यालय में प्रत्यक्ष जमा कर सकते हैं।

### आज तक हुई प्रॉपर्टी टैक्स वसूली (प्रमुख प्रभाग)

- मानपाड़ा-माजिवाड़ा: 175.1 करोड़
- मनपा मुख्यालय केंद्र: 76.12 करोड़
- वर्तकनगर: 88.77 करोड़
- नौपाड़ा-कोपरी: 74.12 करोड़
- मुंब्रा: 23.2 करोड़
- दिवा: 21.8 करोड़
- वागले इस्टेट: 21.87 करोड़
- लोकमान्य नगर-सावरकर नगर: 20.54 करोड़
- सबसे कम वसूली, कलवा प्रभाग: 17.81 करोड़

# एग्जाम में लेट, तो ट्रैफिक पुलिस पहुंचाएगी सेंटर



- ट्रैफिक पुलिस की अनूठी पहल
- 54 राइडर्स सड़कों पर तैनात
- ट्रैफिक जाम में मिलेगी मदद
- 3 कंट्रोल रूम वाहन तैयार
- हेल्पलाइन नंबर जारी
- व्हाट्सएप पर भी मदद
- 10 फरवरी से SSC परीक्षा
- 20 फरवरी से HSC परीक्षा
- जोन 1-5 में परीक्षा केंद्र

■ NBT न्यूज, ठाणे: आगामी 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचाने के लिए ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने अनूठी पहल की है। परीक्षा के दिन देरी होने, गाड़ी खराब होने, ट्रैफिक जाम इत्यादि की वजह से दिक्कतें आ सकती हैं।

इसके तहत ट्रैफिक विभाग ने आयुक्तालय क्षेत्र की सड़कों पर कुल 54 राइडर्स तैनात किए हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम में तीन अतिरिक्त वाहन भी तैयार रखे गए हैं।

छात्र ट्रैफिक कंट्रोल के हेल्पलाइन नंबर 8286300300, 8286400400 और व्हाट्सएप नंबर 7039003866 पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही 18 ट्रांसपोर्ट यूनियन में भी हेल्पलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। डीसीपी पंकज शिरसाट ने बताया कि कमिश्नर आशुतोष डुंबरे के मार्गदर्शन में यह पहल शुरू की गई है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि परीक्षा केंद्र जाते समय किसी भी तरह की सड़क समस्या होने पर तुरंत ट्रैफिक पुलिस से संपर्क करें।

एसएससी की परीक्षा 10 फरवरी से और एचएससी की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो रही है। आयुक्तालय के जोन 1 से 5 में कक्षा 12 के 126 और कक्षा 10 के 223 परीक्षा केंद्र हैं। यह सुविधा केवल परीक्षा अवधि के दौरान ही उपलब्ध रहेगी।

# 'सी-लिंक, कोस्टल रोड पर हो इमर्जेंसी एयरलिफ्ट की सुविधा'



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दो दिन पहले मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर एक गैस टैंकर पलटने से गंभीर इमरजेंसी की स्थिति पैदा हो गई थी। इस घटना में यात्री 36 घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। इसको देखते हुए भविष्य के संभावित खतरों को देखते हुए उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने बांद्रा-वर्ली सी लिंक, वर्सोवा-बांद्रा वर्ली सी-लिंक और पूरे कोस्टल रोड पर इमरजेंसी एयरलिफ्ट की सुविधा होनी चाहिए। शेलार ने बांद्रा रिक्लेमेशन पर हैलिपैड बनाने की मांग मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की है।

शेलार ने कहा कि सड़कों पर दुर्घटना, आग या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में तुरंत और बेहतरीन रिस्पॉन्स देना एक बड़ी चुनौती हो सकती है। क्योंकि, कोस्टल रोड एक अंडरग्राउंड और समुद्री रास्ता है, इसलिए घायलों को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाना, सिक्युरिटी फोर्स को जल्द ले जाना और इमरजेंसी सर्विस तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। शेलार ने मांग की है कि बांद्रा रिक्लेमेशन एरिया में सी-लिंक के पास एक हैलिपैड बनाने की तत्काल आवश्यकता है। अगर हैलिपैड बन जाता है, तो इमरजेंसी की स्थिति में कोस्टल रोड और सी-लिंक पर घायलों को तुरंत एयर ऐम्बुलेंस से शिफ्ट किया जा सकेगा। साथ ही, लीलावती हॉस्पिटल और एरिया के दूसरे बड़े हॉस्पिटल में भेजा जा सकेगा। इससे डिजास्टर मैनेजमेंट, पुलिस, फायर ब्रिगेड, NDRF और दूसरी एजेंसियों के बीच कोऑर्डिनेशन बेहतर होगा। मुंबई जैसी घनी आबादी वाले शहर के लिए लॉन्ग-टर्म इमरजेंसी प्लान मजबूत होगा।

# आलोक मौत केस में खुलासा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई की लोकल ट्रेन में लेक्चरर आलोक कुमार सिंह पर हुए जानलेवा हमले को लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ओंकार शिंदे ने जिस चिमटी (इमिटेशन ज्वेलरी में इस्तेमाल होने वाले) से वार किया, वह त्वचा, मांसपेशियों और पेट की अंदरूनी परत को चीरते हुए आंतों और प्रमुख रक्त वाहिकाओं तक जा पहुंची। आंत में छेद होने से भोजन पेट में फैल गया और करीब 2.5 लीटर आंतरिक रक्तस्राव हुआ, जो मौत के लिए पर्याप्त था। चिमटी करीब 6 इंच लंबी और बेहद नुकीली थी। बाहर से घाव छोटा दिख रहा था, लेकिन चिमटी चार से पांच इंच भीतर तक घुस गई थी। घटना बोरीवली जा रही लोकल में हुई। वार के बाद आरोपी ने फुटओवर ब्रिज से चिमटी फेंक दी।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आंत और प्रमुख रक्त वाहिकाएं कटने की बात

# गढ़चिरौली में हुई मुठभेड़, 3 नक्सली हुए ढेर

■ भाषा, गढ़चिरौली : गढ़चिरौली जिले में जारी एक अभियान में 2 और नक्सली मारे गए, जबकि पहले मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक सी-60 जवान की मौत हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया, 3 दिन पहले शुरू हुए इस अभियान में अब तक 3 नक्सलियों को मार गिराया गया है।

पुलिस ने बताया, भामरागढ के एसडीपीओ के नेतृत्व में सी-60 की 14 इकाइयों को शामिल करते हुए यह अभियान मंगलवार को गढ़चिरौली-नारायणपुर (छत्तीसगढ़) सीमा पर फोडेवाड़ा गांव के पास नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को एक नक्सली का शव, एक एके-47 राइफल और एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (SLR) बरामद की गई। उन्होंने बताया, 2 और नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक महिला का शव भी शामिल है। अभी तीनों नक्सलियों की पहचान नहीं हो सकी है।

**एक जवान घायल :** पुलिस ने बताया, नक्सल रोधी अभियान में घायल होने के बाद सी-60 जवान दीपक चिन्ना मडावी (38) की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्हें पहले इलाज के लिए हवाई मार्ग से भामरागढ ले जाया गया था। एक अन्य घायल जवान जोगा मडावी को भी हवाई मार्ग से भामरागढ ले जाया गया। पुलिस ने बताया, वह खतरे से बाहर हैं और उन्हें जल्द ही गढ़चिरौली लाया जाएगा। पुलिस ने यह भी बताया, अभियान अभी जारी है।

# KDMC अस्पताल अब मेडिकल कॉलेज से जुड़ेंगे




कल्याण-डोंबिवली के मरीजों को जल्द मिलेंगी स्पेशलिस्ट और ICU सुविधाएं

■ अरविंद त्रिपाठी, कल्याण

अंबरनाथ में 100 छात्रों की प्रवेश क्षमता वाले नए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज और उससे जुड़े 430 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिल गई है। मेडिकल कॉलेज की अपनी इमारत बनने तक कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) के तीन अस्पतालों को अस्थायी रूप से मेडिकल कॉलेज से जोड़ने का प्रस्ताव है।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अंबरनाथ के डीन ने KDMC से अनुरोध किया है कि बाई रुक्मिणीबाई अस्पताल, कल्याण (पश्चिम), शक्तिधाम अस्पताल, कल्याण (पूर्व) और गौरीपाड़ा अस्पताल, कल्याण (पश्चिम) को कम से कम सात वर्षों के लिए या जब तक कॉलेज को अपनी अलग इमारत नहीं मिल जाती, तब तक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) के जरिए ट्रांसफर किया जाए।

### पीडियाट्रिक्स विभाग भी शुरू किए जाएगा

प्रस्ताव के अनुसार, पहले चरण में बाई रुक्मिणीबाई अस्पताल को मेडिकल कॉलेज के अधीन लेकर वहां आईसीयू और जरूरी सेवाएं शुरू की जाएंगी। इसके बाद स्टाफ की उपलब्धता के आधार पर गौरीपाड़ा अस्पताल में गायनेकोलॉजी और पीडियाट्रिक्स विभाग शुरू होंगे। अंत में, शक्तिधाम अस्पताल का आरक्षण बदलकर अन्य विभाग शुरू किए जाएंगे।
इन अस्पतालों के जुड़ने से विशेषज्ञ डॉक्टर, अतिरिक्त मैनपावर और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिसका लाभ KDMC क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा। प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

# कुकसे ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी तालुका की ग्रुप ग्राम पंचायत कुकसे में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीणों ने धरना आंदोलन का निर्णय लिया है। सोमवार, 9 फरवरी को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने 'जवाब दो, हिसाब दो' के नारे के साथ आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में नरेश पाटील और उनके साथियों ने पंचायत समिति के गट विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा है।

**दुर्व्यवहार के भी आरोप :** ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच ग्राम निधि, 14वें और 15वें वित्त आयोग सहित अन्य सरकारी योजनाओं के तहत करीब 3.92 करोड़ रुपये के दुरुपयोग और अनियमितताएं हुई हैं।

आरोप है कि एक ही काम के नाम पर बार-बार भुगतान किया गया, फर्जी कार्य दिखाए गए और सामग्री खरीद में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए। RTI से जानकारी नहीं देने और आवेदकों से दुर्व्यवहार के भी आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि 2019 से 2025-26 तक कुल 6 से 7 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार किया गया है।

# ठाणे पुलिस ने ड्रग तस्कर गिरोह का किया पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार

## शिलफाटा से 6 करोड़ 94 लाख की हेरोइन बरामद

■ NBT न्यूज, ठाणे : ठाणे पुलिस के मादक पदार्थ विरोधी दस्ते ने एक कार्रवाई में मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 करोड़ 94 लाख 40 हजार मूल्य की 1 किलो 736 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। पुलिस पकड़े गये लोगों के साथियों की तलाश में लगी है।



पुलिस के अनुसार मादक पदार्थ विरोधी दस्ते के कॉन्स्टेबल अमोल देसाई को ड्रग्स तस्करी की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर सीनियर पीआई जनार्दन सोनवने के मार्गदर्शन में एपीआई सोमनाथ कर्नवर पाटील की टीम ने शिलफाटा परिसर में दिवा की तरफ जाने वाले रास्ते पर जाल बिछाया। इसी दौरान वहां पहुंचे खरडी निवासी आरोपी तलत रसूल सैयद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी के पास से 6 करोड़ 94 लाख 40 हजार मूल्य की 1 किलो 736 ग्राम हेरोइन बरामद की।

आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस की टीम ने सैयद के साथी मोहम्मद खान को भी पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक खान का संबंध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कई गिरोहों से है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# ऐक्शन: कशेली फर्नीचर मार्केट में 50 अवैध गोदाम ध्वस्त

## तहसीलदार अभिजीत खोले के नेतृत्व में अभियान

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी तालुका के कशेली गांव की सीमा में खाड़ी किनारे स्थित मैंग्रोव और खाजन भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए लगभग 50 गोदामों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार अभिजीत खोले के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों और नारपोली पुलिस की मौजूदगी में की गई।



तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि कशेली गांव के सर्वे नंबर 193 की करीब 221 गुंठा भूमि सरकारी स्वामित्व की है। इस मैंग्रोव क्षेत्र पर फर्नीचर मार्केट से जुड़े गोदाम बनाकर बड़े पैमाने पर फर्नीचर निर्माण का काम किया जा रहा था। चूंकि यह भूमि मैंग्रोव क्षेत्र के अंतर्गत आती है, इसे वन विभाग को सौंपना अनिवार्य था।

इसी मामले में उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की गई थी। छह जेसीबी मशीनों की मदद से गोदामों को गिराया गया। कार्रवाई में मंडल अधिकारी, ग्राम राजस्व अधिकारी और पुलिस बल शामिल रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाएंगे।

## स्टेट अपडेट

### विमान हादसा : सांसद सोनावणे ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

■ पीटीआई, बीड : एनसीपी (SP) सांसद बजरंग सोनावणे ने शुक्रवार को कहा, उस विमान दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए, जिसमें अजित पवार की मौत हो गई थी। सोनावणे ने कहा, अजित पवार के मुंबई में अपने सरकारी बंगले से निकलने से लेकर एयरपोर्ट पहुंचने तक का CCTV फुटेज देखा जाना चाहिए। सोनावणे के अनुसार अविभाजित एनसीपी में अजित पवार ने उनके राजनीतिक करियर बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। दिवंगत नेता का एक भव्य स्मारक केज तहसील में येडेश्वरी शुगर मिल परिसर में बनाया जाएगा।

### नासिक में हिमगौरी बनीं मेयर, विलास बने डेप्युटी मेयर

■ भाषा, नासिक : बीजेपी की हिमगौरी आहेर-आडके को शुक्रवार को नासिक नगर-निगम (NMC) का महापौर और शिवसेना के विलास शिंदे को उप महापौर चुना गया। बीजेपी ने आखिरी समय में शिवसेना को अपने साथ लेने का फैसला किया और पार्टी की उम्मीदवार सीमा पवार ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे हिमगौरी के महापौर बनने का रास्ता साफ हो गया। बीजेपी ने एनएमसी चुनाव अकेले लड़ा था, जबकि शिवसेना और राकांपा ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था। 122 सदस्यों वाली एनएमसी में बीजेपी के 72 और शिवसेना के 26 पार्षद हैं।

### BJP से महापौर शिवसेना से उप महापौर का नामांकन

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : छत्रपति संभाजीनगर निगम चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी बीजेपी ने शुक्रवार को महापौर पद के चुनाव के लिए अपने पार्षद समीर राजूरकर को मैदान में उतारा है। वहीं, शिवसेना के राजेंद्र जंजाल ने उप-महापौर पद के लिए नामांकन भरा है। दोनों दलों ने 15 जनवरी को हुए चुनाव अलग-अलग लड़े थे, लेकिन अब उन्होंने 10 फरवरी को होने वाले महापौर चुनाव के लिए हाथ मिला लिया है। दोनों उम्मीदवारों के नामों की घोषणा मंत्री और बीजेपी नेता अतुल सावे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में की।

# एक साल से अंधेरे में है शहापुर का यह स्कूल

■ अनिल कुमार शुक्ला, ठाणे

एक ओर डिजिटल इंडिया और विकसित महाराष्ट्र की बातें की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह जिले ठाणे जिले में स्थित जिला परिषद के प्राथमिक स्कूल में एक साल से बिजली आपूर्ति बंद होने की बात सामने आई है।

शहापुर तालुका स्थित जिला परिषद संचालित खरमाचा पाड़ा प्राथमिक स्कूल में पिछले एक साल से बिजली आपूर्ति बंद है। वजह महज 1500 रुपये का बकाया बिजली बिल बताया जा रहा है, जिसके चलते स्कूल की बिजली काट दी गई।





> मुंबई से सटे ठाणे में स्कूल की यह हालत है, तो दूरदराज में हालात कैसे होंगे। एक तरफ कहते हैं कि ठाणे जिला जोरों पर प्रगति कर रहा है आखिर यह कैसी प्रगति है कि स्कूल में पिछले एक साल से बिजली बंद है और अंधेरा छाया है।
>
> अविनाश जाधव, अध्यक्ष (ठाणे पालघर मनसे)

> फिलहाल स्कूल में पड़ोस से कनेक्शन लेकर बिजली शुरू की गई है। लाइट, पंखे और टीवी चालू कर दिए गए हैं। नियमित बिजली आपूर्ति जल्द बहाल कर दी जाएगी।
>
> बालासाहेब राक्षे, शिक्षा अधिकारी, जिला परिषद-ठाणे

### स्कूल की बदहाली का विडियो हुआ वायरल

बिजली नहीं होने के कारण स्कूल के दोनों कमरों में अंधेरा पसरा रहता है। पंखे और लाइट बंद पड़े हैं, जिससे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले का खुलासा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के ठाणे-पालघर जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव ने किया है। उन्होंने स्कूल का दौरा कर वहां की बदहाली का विडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद यह मुद्दा चर्चा में आ गया।
अविनाश जाधव के मुताबिक, उन्हें स्कूल की स्थिति को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद उन्होंने शहापुर जाकर स्कूल का निरीक्षण किया। स्कूल में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं दो कमरों में चल रही हैं और यहां कुल 39 छात्र पढ़ते हैं। छात्रों के बैठने के लिए न तो पर्याप्त डेस्क-बेंच हैं और न ही उन्हें यूनिफॉर्म या स्कूल बैग उपलब्ध कराए गए हैं। सबसे गंभीर समस्या यह है कि स्कूल में मौजूद स्मार्ट टीवी भी बिजली के अभाव में बेकार पड़ा है, जिस पर धूल जम गई है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

# बच्ची से छेड़छाड़, पॉक्सो के तहत आरोपी गिरफ्तार


■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : पनवेल स्थित न्हावाशेवा पुलिस ने 7 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ करने वाले 52 वर्षीय आरोपी को पॉक्सो के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी और पीड़िता एक-दूसरे को पहले से जानते थे। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने बच्ची को बहाने से अपने घर बुलाया और अश्लील हरकतें कीं। बाद में घटना का खुलासा होने पर परिजन की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो ऐक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को धर दबोचा। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी इससे पहले भी नाबालिग पीड़िता के साथ कई बार उत्पीड़न कर चुका था। मामले की छानबीन जारी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: ajay.karekar@timesofindia.com Time: 02-06-2026 21:29 Color:

# विकास और बदलाव का साक्षी फतेहपुर

## सतत विकास से सशक्तीकरण की ओर

वर्तमान में फतेहपुर जिला विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर उभरा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में सकारात्मक पहल की गई है। ऐसे में, पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर हासिल किए गए स्कोर इस जिले के विकास को दर्शा रहे हैं।



| शिक्षा | बुनियादी सुविधाएं | कृषि एवं सिंचाई | स्वास्थ्य व पोषण | वित्तीय समावेश व कौशल विकास |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 85.8 (जून 2025) | स्कोर 89.2 (जून 2025) | स्कोर 26.1 (जून 2025) | स्कोर 85.1 (जून 2025) | स्कोर 59.4 (जून 2025) |
| 30% | 10% | 20% | 30% | 10% |




### जून 2025 तक 61.8 रहा फतेहपुर का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर

फतेहपुर ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक 112 जिलों में 8वां स्थान हासिल कर देश के शीर्ष 10 आकांक्षी जिलों में अपनी जगह बनाई है। जिले को छह बार 'गुड रैंक' मिली है, जिसमें तीन बार ओवरऑल रैंकिंग और एक-एक बार आधारभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन तथा स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल हुई है।


## उत्तम शिक्षा के माध्यम से युवा प्रतिभाएं हो रहीं सशक्त

- शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक माह के भीतर 100% बच्चों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं।
- 220 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित की गई और 42 सरकारी स्कूलों का नवीनीकरण किया गया।
- बड़ी संख्या में छात्र अपनी पढ़ाई आगे जारी रख रहे हैं। प्राथमिक से उच्च प्राथमिक में 84.69% और उच्च प्राथमिक से माध्यमिक में 89.47% छात्र आगे की कक्षाओं में पहुंचे।
- बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। 85.84% स्कूलों में पेयजल और 79.46% माध्यमिक स्कूलों में बिजली की सुविधा बेहतर हुई है।
- 71.02% प्राथमिक स्कूल अब आरटीई अधिनियम के छात्र व शिक्षक अनुपात (पीटीआर) मानकों का पालन कर रहे हैं।
- 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला साक्षरता दर 58% तक पहुंच गई है।



डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## अवसंरचनात्मक सुधार से व्यापक परिवर्तन की ओर फतेहपुर




### आधारभूत संरचना में किए गए सुधार और नई पहल जिले की प्रगति को गति दे रहे हैं, जिसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है

- वर्ष 2018 से अब तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 14 सड़कें बनाई गईं, जिनकी कुल लागत ₹127.49 करोड़ है।
- मार्च 2018 से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 32,447 आवास निर्मित किए गए। इस योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 में अकेले 14,491 घर बनाए गए।
- वर्ष 2018 से अब तक विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत लगभग 2,094 तालाब और 62 बाल उद्यान विकसित किए गए।
- सभी गांवों में पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया।
- लगभग 804 पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई।

## विकास की कहानी बुन रहा फतेहपुर का टेक्सटाइल उद्योग




एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत फतेहपुर की बेडशीट्स देश और दुनिया में लोकप्रियता कर रही है हासिल

- फतेहपुर जिले की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में तौलिए, जीन्स और बेडशीट्स का उत्पादन होता है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लोकप्रिय है।
- एक जनपद, एक उत्पाद के तहत पारंपरिक कारीगरी को बढ़ावा देने, स्थानीय रोजगार सृजित करने और कारीगरों के लिए बेहतर मार्केटिंग अवसर प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इसके अलावा, यहां कृषि उपकरण, स्टील फर्नीचर और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भी तैयार किए जाते हैं।
- इस योजना के माध्यम से फतेहपुर के टेक्सटाइल सेक्टर, विशेष रूप से उच्च गुणवत्ता और आरामदायक बेडिंग उत्पादों की मार्केटिंग को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

## वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत नामांकन बढ़कर प्रति लाख आबादी लगभग 19,000 हो गए हैं, जो वित्तीय जागरूकता और बीमा पहुंच में सुधार को दर्शाता है।
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में भी मजबूत भागीदारी रही, जहां नामांकन प्रति लाख आबादी 45,600 से अधिक पहुंच गए हैं। इससे राज्य मानकों की ओर तेजी से प्रगति और परिवारों को बेहतर जोखिम सुरक्षा मिली है।
- अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत कवरेज ने राज्य का आकांक्षी लक्ष्य हासिल कर लिया है। लाभार्थियों की संख्या प्रति लाख आबादी लगभग 12,000 तक पहुंच गई है, जो असंगठित क्षेत्र के कामगारों में दीर्घकालिक वित्तीय योजना को दर्शाता है।
- बैंक खातों में आधार सीडिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 91% से अधिक खाते आधार से जुड़े हैं, जिससे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।
- जनधन खातों की संख्या में भी तेज वृद्धि हुई है। प्रति लाख आबादी 53,900 से अधिक खाते खुल चुके हैं, जिससे ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में समावेशी बैंकिंग को मजबूती मिली है।


अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज

### स्वास्थ्य सेवाएं

- अनुमानित कुल गर्भधारण के मुकाबले 100% गर्भवती महिलाओं का एएनसी (प्रसवपूर्व देखभाल) पंजीकरण किया गया है। साथ ही एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) कार्यक्रम के तहत 100% गर्भवती महिलाएं पूरक पोषण नियमित रूप से प्राप्त कर रही हैं।
- गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के उपचार में जिले ने 100% सफलता हासिल की है।
- प्रारंभिक गर्भावस्था पंजीकरण में जिला लक्ष्य के बेहद करीब है। 98.71% एएनसी पंजीकरण पहले तीन महीनों में हो रहे हैं, जो लगभग 100% के आकांक्षी लक्ष्य के बराबर है और राज्य के सर्वश्रेष्ठ (98.26%) से भी बेहतर है।

#### एआई आधारित टीकाकरण ऐप


- फतेहपुर जिला प्रशासन ने नवजात शिशुओं में टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के लिए आकांक्षी ब्लॉक हथगाम में एआई आधारित स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम शुरू किया है।



- यह नया ऐप टीकाकरण की स्थिति की रियल टाइम निगरानी की सुविधा देता है, जिससे समय पर और पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## क्षेत्रीय पर्यटन को मिल रहा बढ़ावा

- गंगा और यमुना के बीच स्थित फतेहपुर को दोआब कहा जाता है। यह भारत की संस्कृति, साहस और निरंतरता का जीवंत संग्रहालय है।
- सम्राटों और संतों की कथाओं से लेकर फलों के बागानों और प्राचीन मंदिरों तक, फतेहपुर इतिहास और सादगी से भरपूर अनूठा पर्यटन स्थल है।
- यहां बहने वाली गंगा नदी देश और आसपास के शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं और विरासत प्रेमियों को आकर्षित करती है।
- भारत के स्वतंत्रता संग्राम के समय फतेहपुर एक अहम केंद्र था, जहां से कई स्वतंत्रता सेनानियों का जुड़ाव रहा है।
- फतेहपुर ने हिंदी भाषा के विकास में भी अहम भूमिका निभाई है। यहीं राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी का जन्म हुआ।
- गंगा तट पर स्थित ओम घाट एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां महान ऋषि भृगु ने लंबे समय तक तपस्या की थी।
- बावनी इमली एक और महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है, जो स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के बलिदान का प्रतीक माना जाता है।


फतेहपुर में स्थित ओम घाट

## कृषि क्षेत्र में नए सुधार व प्रमुख उपलब्धियां




### लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)
**939**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी)
**73,773**

डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीएआर) के अंतर्गत कुल पंजीकरण
**2,31,446**

### कनेक्टिविटी

फतेहपुर में व्यापक अवसंरचनात्मक सुधार व उससे जुड़ी परियोजनाओं के जरिए कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। एनएच-232 के 133 किमी लंबे रायबरेली-फतेहपुर-बांदा मार्ग के नवीनीकरण से सड़क की स्थिति बेहतर हुई है, जिससे वाहनों की आवाजाही सुगम हुई और यात्रा समय काफी कम हो गया है।

रेल मार्ग पर भी फतेहपुर की अहम भूमिका है। यह नई दिल्ली, कोलकाता, कानपुर और प्रयागराज को जोड़ने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का प्रमुख हॉल्ट है। खागा और बिंदकी रोड रेलवे स्टेशनों पर नई ट्रेनों के हॉल्ट शुरू होने से आवागमन और बेहतर हुआ है।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE


CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 02-06-2026 22:39 Color:

संवाद
# नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स | मुंबई | शनिवार, 7 फरवरी 2026

## सिस्टम की ख़ामी
### दिल्ली में युवक की मौत व्यवस्था के सिर

**दिल्ली के जनकपुरी इलाके** में गड्ढे में गिरकर एक युवक की मौत होना सिस्टम की लापरवाही का नतीजा है। जो आम लोगों की जान लेकर भी नहीं जा रही। इंदौर से दिल्ली तक - पूरे देश में अब इस तरह की घटनाओं का एक पैटर्न बन चुका है। जहां कोई हादसा होता है, दुख जाहिर किया जाता है, जांच समिति बैठाई जाती है और कुछ दिनों में सब भूलकर अगले हादसे का इंतजार शुरू हो जाता है।

**हर कदम लापरवाही ।** कमल ध्यानी के केस में कदम दर कदम व्यवस्था की ख़ामी नजर आती है। दिल्ली जल बोर्ड ने बीच सड़क इतना गहरा गड्ढा खोद दिया, पर इतनी-सी जरूरत नहीं समझी कि बैरिकेड किया जाए, चेतावनी के बोर्ड लगाए जाएं और रोशनी का पर्याप्त इंतजाम हो। युवक के घरवाले रातभर एक से दूसरे थाने भटकते रहे, पर आरोप है कि उन्हें मदद नहीं मिली।


गड्ढे से हुआ हादसा

**कार्रवाई या औपचारिकता ।** अब कार्रवाई के नाम पर तीन अफसरों को निलंबित कर दिया गया है और दिल्ली जल बोर्ड ने जांच समिति बनाई है, जो 24 घंटे में रिपोर्ट देगी। हालांकि ये निलंबन और ये समितियां कितनी कारगर हैं, देश पहले भी देख चुका है। नोएडा में सेक्टर-150 के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गठित SIT की रिपोर्ट का इंतजार अब भी है। वहां दिखाई गई सारी शुरुआती तेजी हवा हो चुकी है। कोई जिम्मेदार कुछ कहने से बच रहा है और गिरफ्तार बिल्डर जमानत पर छूट चुके हैं।

**बचने की कोशिश ।** पिछले साल दिसंबर में इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से मौतों का सिलसिला शुरू हुआ था। वहां भी अभी जांच चल ही रही है। सच तो यह है कि इस तरह की घटनाओं के बाद होने वाले एक्शन आमतौर पर जनता के तात्कालिक गुस्से को दबाने और अपनी छवि बचाने के लिए किए जाते हैं। पूरा शोर होता है, तो चीजें फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती हैं।

**जिम्मेदारी समझनी होगी ।** एकाध कर्मचारियों और अफसरों पर दोष डालने से स्थिति नहीं सुधरेगी, जब तक पूरे सिस्टम को जवाबदेह नहीं बनाया जाएगा। सजा से ज्यादा जरूरी है संवेदनशीलता, जिसका अभी देश की ज्यादातर सरकारी एजेंसियों में अभाव दिखता है। ऐसी व्यवस्था किसी काम की नहीं, जो घटना के बाद जागे। जनता के सिविक सेंस पर बातें की जाती हैं, लेकिन सिविक एजेंसियां जब तक सेंस डिवेलप नहीं करेंगी कि एक खुला गड्ढा भी उनकी जिम्मेदारी बनता है, ऐसे हादसे नहीं रुकेंगे।

## अंतर्दृष्टि

## अपने भीतर के बच्चे को हर हाल में ज़िंदा रखो


सुंदर चंद ठाकुर

**हम अक्सर** कहते हैं कि समय के साथ बचपना चला गया। जिम्मेदारियां आ गईं, जीवन गंभीर हो गया। पर यह आधा सच है। सच्चाई यह है कि भीतर का बच्चा कहीं जाता नहीं। वह वहीं रहता है। फर्क सिर्फ इतना है कि हम उसे रोज थोड़ा-थोड़ा मारते रहते हैं। जब कोई बच्चा सवाल पूछता है और हम कहते हैं कि अभी सवाल मत करो, तब हम भीतर के बच्चे की जिज्ञासा को दबाते हैं। जब कोई हंसना चाहता है और हम कहते हैं कि यह उम्र हंसने की नहीं है, तब हम भीतर के बच्चे की सहजता को चोट पहुंचाते हैं। जब मन कुछ नया सीखना चाहता है और हम कहते हैं कि अब यह सब संभव नहीं, तब हम भीतर के बच्चे के सपनों पर पानी फेर देते हैं। धीरे- धीरे यह आदत बन जाती है। हम सुरक्षित बनने के नाम पर जीवंतता छोड़ देते हैं। समझदार बनने के नाम पर कल्पना को मार देते हैं। जिम्मेदार बनने के नाम पर खेल को अपराध बना देते हैं। और फिर हैरान होते हैं कि जीवन बोझ क्यों लगने लगा। भीतर का बच्चा हमारे भीतर का वही हिस्सा है, जो बिना कारण खुश हो सकता है। जो किसी उपलब्धि के बिना भी जीवन को सुंदर मान सकता है। जो गिरकर भी हंस सकता है और उठकर फिर दौड़ सकता है। जब यह हिस्सा कमजोर पड़ जाता है, तो जीवन में गंभीरता तो बढ़ती है, पर गहराई नहीं आती। चेहरे पर वजन आ जाता है, पर आंखों की चमक चली जाती है। समाज इस हत्या में हमारा पूरा साथ देता है। वह सिखाता है कि भावुक होना कमजोरी है। रोना शर्म की बात है। और धीरे धीरे हम वही बन जाते हैं, जो समाज चाहता है - जिम्मेदार, थके हुए इंसान।

भीतर का बच्चा मरता नहीं, क्योंकि चेतना को मारा नहीं जा सकता। पर उसे इतना दबा दिया जाता है कि उसकी आवाज सुनाई नहीं देती। वह कभी अचानक किसी पुराने गीत में, किसी बारिश की बूंद में, किसी बच्चे की हंसी में झलक जाता है। और उसी पल हमें एक अजीब-सी कसक होती है, जैसे कुछ अपना छूट गया हो। हम अपने भीतर के बच्चे को तब भी मारते हैं, जब हम हर भावना को तर्क से कुचल देते हैं। जीवन का सबसे बड़ा धोखा यह है कि हम परिपक्वता का अर्थ कठोर होना मान लेते हैं। जबकि सच्ची परिपक्वता वह है, जिसमें मासूमियत सुरक्षित रहती है।


भीतर के बच्चे को बचाने का मतलब जिम्मेदारियों से भागना नहीं है। इसका मतलब है जिम्मेदारियों के बीच भी जीवित रहना। संबंध निभाते हुए भी संवेदनशील रहना। असफल होने पर भी खुद को कोसने के बजाय खुद को थामना। जब भीतर का बच्चा सुरक्षित होता है, तो जीवन में डर कम हो जाता है। क्योंकि डर भविष्य से आता है और बच्चा वर्तमान में जीता है। वह आज में खुश होना जानता है। और जो आज में जीना सीख लेता है, उसके लिए जीवन कभी भारी नहीं होता।

## ऑफ़ दि ट्रैक

## विमान हो सकते हैं 'अमर'
दिलीप लाल

**आज विमानों** के निर्माण में फाइबर रिइन्फोर्स्ड पॉलिमर (FRP) कंपोजिट का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ये सामग्री हल्की होती हैं, ईंधन की खपत कम करती हैं और कार्बन उत्सर्जन घटाती हैं। हालांकि, किसी टक्कर के बाद इनमें सूक्ष्म दरारें बन जाती हैं। और आगे चलकर संरचना कमजोर हो जाती है। इन्हें ठीक करना और रिसाइकल करना अब तक बेहद मुश्किल रहा है। लेकिन नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस का समाधान खोजा है। नई सामग्री दिखने में पारंपरिक FRP जैसी ही है, लेकिन इसमें दो अहम इनोवेशन किए गए हैं। पहला, 3डी प्रिंटिंग से तैयार किया गया एक थर्मोप्लास्टिक मरम्मत एजेंट, जिसे सीधे फाइबर पर लगाया जाता है, जो टूट-फूट को रोकता है। दूसरा, इसमें बेहद पतली कार्बन परतें जोड़ी गई हैं। जब इनमें विद्युत धारा प्रवाहित की जाती है, तो ये परतें तुरंत गर्म हो जाती हैं और पिघलकर दरारों में भर जाता है, जिससे संरचना फिर से मजबूत हो जाती है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस सामग्री की उम्र 500 वर्षों तक हो सकती है, जबकि मौजूदा कंपोजिट 15 से 40 वर्ष ही टिकते हैं। पवन चक्कियों, कारों और अन्य ढांचों में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। यह खोज उन्नत इंजीनियरिंग के भविष्य की एक साफ झलक देती है।

### भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए यहां तक पहुंचा
# ख़तरा है धर्म-जाति की सियासत से

AI Image



सुधांशु रंजन

अपने देश में आजकल संविधान पर खतरे की बात आक्रामक तरीके से उठाई जा रही है। ऐसे में यह याद करना महत्वपूर्ण है कि जहां भारत स्वाधीनता के ढाई वर्षों के अंदर गणतंत्र बन गया, वहीं साथ में आजाद हुआ पाकिस्तान 23 मार्च 1956 को गणतंत्र बना। यानी लगभग 9 साल वह डोमिनियन बना रहा और आगे भी उसके लोकतंत्र का चीरहरण होता रहा। पर गर्व करने की बात है कि भारत का लोकतंत्र और संविधान तमाम उतार-चढ़ावों से गुजरते हुए भी सुरक्षित है। ध्यान रहे, एक अध्ययन के अनुसार विभिन्न देशों में संविधान की औसत आयु नौ साल है।

**कसौटियों पर खरा ।** भारतीय संविधान की रचना के बारे में ग्रैनविल ऑस्टिन ने लिखा है कि 1787 में फिलाडेल्फिया में अमेरिकी संविधान बनाए जाने के बाद यह सबसे बड़ा राजनीतिक उद्यम है। उनके मुताबिक, किसी संविधान की परख यह है कि उन परिस्थितियों से निपटने में वह कितना सक्षम है, जिन्हें ध्यान में रखते हुए उसे बनाया गया। उन्होंने लिखा कि जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद सत्ता का हस्तांतरण जितने शांतिपूर्ण तरीके से हुआ, उससे स्पष्ट है कि भारतीय संविधान सफल है।

**आलोचकों को जवाब ।** संविधान लागू होने के बाद प्रसिद्ध राजनीतिशास्त्री आइवर जेनिंग्स भारत आए। अपने भाषणों में उन्होंने भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि यह अपने ही भार से टूटकर जल्द ही खत्म हो जाएगा। दिलचस्प है कि कुछ समय बाद सिलोन (वर्तमान श्रीलंका) ने उन्हें अपने देश का संविधान लिखने के लिए बुलाया और जो संविधान उन्होंने लिखा, वह छह साल में खत्म हो गया। भारतीय संविधान आज भी जीवंत है।

**जातिवाद की चुनौती ।** आज सांप्रदायिकता एवं जातिवाद को विचारधारात्मक स्तर पर समर्थन मिल रहा है। अब जातीय जनगणना होने जा रही है। राहुल गांधी ने इसके पक्ष में लंबा अभियान चलाया था। लेकिन इसी कांग्रेस पार्टी ने 1955 में नई दिल्ली में आयोजित पार्टी के 60वें सत्र में प्रस्ताव पारित किया था कि हर पृथकतावादी प्रवृत्ति को कुचलना होगा; जाति पृथकतावादी होने के साथ ही लोकतंत्र विरोधी भी है।

**सबक सीखें**
- विभिन्न देशों मे संविधान की औसत आयु नौ साल
- भारतीय संविधान की मजबूती अब स्वतःसिद्ध है
- मिली-जुली सरकार संवैधानिक संस्थान के हित मे

**नेहरू की चेतावनी ।** इससे पहले 16 जुलाई और 1 अगस्त 1953 को तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को देश की एकता के विरुद्ध सक्रिय ताकतों के बारे में पत्र लिखा कि प्रांतीय भावना, सांप्रदायिक भावना, जातीय भावना, भाषाई भावना देश की एकता को तोड़ती हैं। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 1960 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इन भावनाओं को राष्ट्रीय भावना के अधीन होना चाहिए।

**SIR पर विवाद ।** अभी चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर गंभीर विवाद है। विपक्ष का आरोप है कि विरोधी दलों के समर्थकों को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए SIR किया जा रहा है। मामला शीर्ष अदालत के समक्ष भी लाया गया, लेकिन उसने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि पहचान के लिए कुछ अन्य दस्तावेजों को शामिल करने का निर्देश दिया। जाहिर है पुनरीक्षण तो होना ही चाहिए लेकिन निष्पक्ष तरीके से।

**'लिटिल प्रेग्नेंसी' ।** भ्रष्टाचार शुरू से देश के लिए बड़ी चुनौती रहा है। सितंबर 1946 में अंतरिम सरकार के गठन के बाद महात्मा गांधी को प्रतिदिन औसतन अस्सी चिट्ठियां भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर आती थीं। 1948 में ही जीप घोटाला हुआ, जिसमें ब्रिटेन में तत्कालीन भारतीय उच्चायुक्त वी के कृष्ण मेनन पर आरोप लगा था। भ्रष्टाचार के बारे में एक सांसद ने सवाल उठाया तो नेहरू ने कहा कि माननीय सदस्य को इधर-उधर के 'लिटिल करप्शन' की चर्चा नहीं करनी चाहिए। इस पर उन सांसद ने टिप्पणी की कि लिटिल करप्शन 'लिटिल प्रेग्नेंसी' की तरह है, जो समय के साथ बढ़ता जाएगा। यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। भ्रष्टाचार आज सबसे बड़ी चुनौती है।

**एक दल की सरकार के खतरे ।** भारतीय लोकतंत्र का एक अनुभव यह भी रहा है कि मिली-जुली सरकार होने पर विकास थोड़ा बाधित होता है। लेकिन गौर करने की बात है कि इससे संविधानिक संस्थान मजबूत हो जाते हैं। एक दल की सरकार, चाहे केंद्र में हो या राज्य में, अन्य संस्थाओं का सम्मान नहीं करती है। उससे कैबिनेट सिस्टम भी कमजोर होता है, केवल प्रधानमंत्री या मुख्य मंत्री की प्रधानता रह जाती है। ऐसा नहीं होना चाहिए।

*(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार और सांविधानिक मामलों के जानकार हैं)*

AI Image


## ईरान पर क्यों नरम ट्रंप

**अमेरिका और ईरान के बीच रिश्ते करीब 50 साल से तनावपूर्ण है। पिछले साल US-इस्राइल ने एयर स्ट्राइक भी की। लेकिन, डॉनल्ड ट्रंप अब नतीजों की परवाह किए बगैर इस संघर्ष को पूरी तरह खत्म करना चाहते है, आखिर क्यों?**

**5 पॉइंट**

**1 हो जाएगी वादाखिलाफी**
ट्रंप ने अमेरिकी जनता से वादा किया है कि अपने सैनिकों को घर वापस लाएंगे। पिछले टर्म में उन्होंने अफगानिस्तान से वापसी कराई थी। अब वह मिडल ईस्ट में एक और बड़ा युद्ध नहीं छेड़ सकते।

**2 भरोसे की कमी**
ट्रंप को जीत का भरोसा चाहिए, लेकिन उनके सलाहकार यकीन नहीं दिला पाए हैं कि अमेरिकी हमले से तेहरान की सत्ता व्यवस्था ढह जाएगी। कई MAGA नेताओं ने भी ईरान पर सैन्य हमले का विरोध किया है।

**3 संसाधनों पर सवाल**
अमेरिका हमला करता है, तो ईरान जवाब जरूर देगा। ट्रंप सरकार को डर है कि क्षेत्र में उनके पास एक बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए पर्याप्त सैन्य संसाधन मौजूद नहीं हैं। जंग लंबी खिंच सकती है।

**4 सीजफायर नहीं चाहिए**
ट्रंप ईरान के मामले में इस्राइल जैसा रुख नहीं अपनाएंगे। वह चाहते हैं कि ईरान के साथ चल रहा तनाव पूरी तरह खत्म हो, चाहे नतीजा जो हो। अमेरिका किसी भी हाल में संघर्ष होने पर सीजफायर नहीं चाहता।

**5 समझौते की आस**
ओमान में वॉशिंगटन-तेहरान वार्ता की तैयारी है। ईरान को लग रहा है कि ट्रंप समझौता चाहते हैं और प्रतिबंधों में ढील देंगे। USA को लग रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित कर पाएगा। *प्रस्तुतिः अभिषेक मिश्र*

# लड़कियां अपने सपनों संग भी भागती हैं

*रंगमंच की दुनिया से निकलकर रुपहले पर्दे पर अपनी पहचान बनाने वाले पंकज त्रिपाठी और उनकी पत्नी मृदुला ने 'रूपकथा' रंगमंच की शुरुआत की है। थियेटर को सब कुछ मानने वाली मृदुला त्रिपाठी का कहना है कि जब यहीं से सब कुछ मिला है, तो यह हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट जैसा है। कभी स्कूल में बच्चों को पढ़ाने वाली शिक्षिका की भूमिका थोड़ी बदल गई है और अब कलाकारों का व्यक्तित्व निखार रही हैं। पेश है* ***आलोक गागड़ेकर*** *के साथ उनकी बातचीत के प्रमुख अंश :*


सप्ताह का इंटरव्यू
मृदुला त्रिपाठी

**■ रूपकथा रंगमंच का विचार किसका था और इसकी उपयोगिता क्या है?**

यह हम दोनों का विचार था। हमारी जिंदगी भी थियेटर से ही शुरू हुई थी। हमारे प्रेम का आधार भी थियेटर ही रहा। हां, कहीं न कहीं इसमें साहित्य यानी रेणु जी की कहानियां और राग दरबारी जैसे उपन्यास भी हैं। मुंबई से पहले दिल्ली और उससे पहले पटना और कलकत्ता में हम रहते थे। इन महानगरों में हमारे पास सिर्फ रंगमंच ही था। आज उसी की देन है कि बड़े पर्दे पर नाम है। पंकज के अभिनय से लोग खुश हैं और उनके अभिनय में आज भी थियेटर की खुशबू है। जब रंगमंच से हमें इतना मिला है, तो हमारा दायित्व है कि हम भी कुछ करें। यह थियेटर को हमारी तरफ से रिटर्न गिफ्ट है। जहां तक मुंबई की बात है, तो इस शहर का अपना रंग है। उसमें हमारी कोशिश है कि लोग मोबाइल और सोशल मीडिया के जमाने में भी जीवंत कला को देखें। हिंदी के दर्शकों का नया वर्ग तैयार करना उद्देश्य है।

**■ आप शिक्षक रह चुकी हैं। आपके हिसाब से एक शिक्षक और फिल्म निर्माता की भूमिका में क्या अंतर है?**

कोई अंतर नहीं है। जब मैं शिक्षक थी तो विद्यार्थियों को संस्कार सिखाती थी। अब भी वही काम कर रही हूं, लेकिन अब मेरे साथ कलाकार हैं। स्कूल में भी जोर व्यक्तित्व निर्माण पर था और आज भी यही है। अब मेरा मकसद रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, जो रंगमंच से जुड़े कलाकार हैं, वे सशक्त बनें। उन्हें रोजगार मिले और अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, जो लोग रंगमंच देखने आएं, वे कुछ न कुछ सीख कर जाएं।

**■ आपकी पहली प्रस्तुति 'लाइलाज' है। इसमें क्या है?**

यह काफी मनोरंजक और शिक्षाप्रद है। इसमें म्यूजिक है, कॉमिडी है और कुछ ऐसे सवाल भी हैं, जो समाज के लिए जरूरी हैं। यह देखने के बाद आपको कवि आलोक धन्वा की 'भागी हुई लड़कियां' कविता याद आएगी। आपको लगेगा कि जब कोई लड़की घर से भागती है, तो जरूरी नहीं कि वह किसी लड़के के साथ भागी हो। हो सकता है कि वह अपने सपनों के साथ भागी हो। वह खुद के साथ भी भाग सकती है। फैज मोहम्मद ने इस नाटक को लिखा है और उन्होंने ही इसका निर्देशन भी किया है। इसकी प्रस्तुति देखकर पंकज इतने प्रेरित हुए कि अब वह भी इसमें एक किरदार निभाने जा रहे हैं। हमें भी खुशी है कि वह इतना व्यस्त होने के बाद भी समय निकाल रहे हैं।

**■ आगे क्या योजनाएं हैं?**

फिलहाल मुंबई में इसके शो हो रहे हैं। इसके बाद हम इस साल भारत रंग महोत्सव में भी इसका मंचन करेंगे। अच्छी बात है कि उसी महोत्सव में मेरी बेटी आशी का एक और नाटक होने वाला है। इससे वह काफी खुश है। इसके बाद हम कोलकाता, पुणे, अहमदाबाद, भोपाल में भी शो करने वाले हैं। हमारा यह प्लेटफॉर्म महज मुंबई तक सीमित नहीं होने वाला। हम इसे पूरे देश में ले जाने वाले हैं। इसलिए सभी को जोड़ने के लिए देश के अधिकतर शहरों में प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा, हम एक और योजना पर काम कर रहे हैं। रूपकथा रंगमंच का अपना स्थान होने वाला है, जहां कलाकार खुद से अपनी कला को और निखार सकेंगे।

> **"अब मेरा एकमात्र उद्देश्य रंगमंच को दोनों पक्षों के लिए उपयोगी साबित करना है। पहला, रंगमंच से जुड़े कलाकार सशक्त बनें, उन्हें रोजगार मिले, अपने सपनों को पंख दे सकें। दूसरा, रंगमंच के दर्शक कुछ न कुछ सीखकर जाएं।**

**■ आपकी बेटी आशी भी इसमें अभिनय कर रही है। आजकल अभिनय सिखाने के लिए तो कई बड़े संस्थान हैं, मगर आप लोगों ने थियेटर ही क्यों चुना?**

अभिनय उसकी अपनी पसंद है। हमें जब पता चला तो हमने बस अच्छे रंग संस्कार भरने की कोशिश की। हम तो बस उसे रास्ता दिखा रहे हैं और थियेटर तो अपने आप में एक दर्शन है। जो वहां रच बस जाएगा, वह सब कुछ सीख जाएगा। थियेटर में वह न सिर्फ अभिनय सीखेगी बल्कि एक अच्छी इंसान भी बन जाएगी। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मेरे पास है। महंगे संसाधन जैसा कुछ नहीं है। अभिनय का संसाधन सिर्फ एक है और वह अभिनेता या अभिनेत्री का व्यक्तित्व होता है। हम दोनों की आशा है कि आशी अपने सपनों के साथ खुलकर जिए।

www.nbt.in

## वह 'काश' के पीछे चल पड़ा

## खुद अपनी आंख से
रवि ठाकुर

**हर सुबह** की तरह उस दिन की शुरुआत भी दौड़-भाग से हुई। समय कम था, इसलिए मेट्रो छोड़ बाइक-टैक्सी सर्विस लेना तय किया। ऐप पर बाइक बुक की, कुछ ही मिनटों में एक युवक मेरी कॉलोनी के गेट पर था। उसके साथ चल पड़ा।

रास्ते में वैसा कुछ नहीं हुआ- रोज की तरह वही भीड़, ट्रैफिक। ऑफिस के सामने मैंने जैसे ही बाइक रुकवाई, वह मेरी तरफ मुड़कर मुस्कुराया और बोला, 'सर, आप यहां?' उसके चेहरे पर हैरानी साफ झलक रही थी। मैंने सहजता से कहा, 'हां, यही मेरा ऑफिस है। मैं मीडिया हाउस में काम करता हूं।' वह कुछ देर सोचता रहा, फिर बोला, 'सर, आपके पास दो मिनट होंगे?' मैंने घड़ी देखी - अभी ऑफिस कार्ड स्वाइप करने में 30 मिनट थे। मैंने कहा, 'बिलकुल, बोलिए।' उसने बाइक साइड में खड़ी की, और थोड़ा हिचकिचाते हुए बोला, 'सर, मैं भी कभी पत्रकार बनना चाहता था। जब भी इस बिल्डिंग के सामने से गुजरता हूं, बस देखता रहता हूं। सोचता हूं काश! मैं भी किसी दिन यहां काम कर पाता। लेकिन हालात कुछ और ही कह गए।'

मैंने पूछा, 'फिर किया क्यों नहीं?' उसकी आंखों में एक थकी हुई, लेकिन उम्मीद भरी चमक थी। 'घर में मैं सबसे बड़ा हूं, पापा बीमार रहते हैं, चार छोटे भाई-बहन हैं। पढ़ाई छोड़ दी। अब बाइक सर्विस दे रहा हूं, ताकि घर चल सके।' मैं थोड़ी देर चुप रहा। फिर कहा, 'पर तुम अब भी पढ़ाई कर सकते हो। ऑनलाइन कोर्सेज हैं, ओपन यूनिवर्सिटीज हैं, टाइम निकालो, कोशिश करो।'

वह मुस्कुराया और बोला, 'सर, बुरा ना मानिए तो एक बात कहूं... क्या आप बस एक बार अंदर से ऑफिस दिखा सकते हैं?' मैं एक पल को सोच में पड़ गया। अंदर का एंट्री सिस्टम टाइट था, विजिटर्स कार्ड चाहिए होता था। फिर मैंने कहा, 'पूरा ऑफिस नहीं, लेकिन रिसेप्शन तक चल सकते हैं। बोलो, चला जाए?' उसकी आंखों में बच्चे जैसी चमक आ गई, 'प्लीज सर, यही बहुत हो जाएगा।'

अंदर दीवारों पर लगी अखबारों की कटिंग्स, तस्वीरें, सुर्खियों से भरे फ्रेम - वह हर चीज को ऐसे देख रहा था, जैसे किसी किताब के पन्ने पढ़ रहा हो। कुछ देर बाद धन्यवाद कहा और बस इतना ही बोला, 'काश...।' और वह चुप हो गया। मैंने उसके कंधे पर हाथ रखा और कहा, 'कोशिश करना, क्या पता तुम्हारा 'काश' हकीकत बन जाए।' उसकी आंखें एकदम से चमक उठीं। उसने कहा, 'आपकी बातों ने मेरे उम्मीद के परों को हवा दे दी है। मैं यह करके रहूंगा।' उस दिन अपनी सीट पर लौटा, उसकी आंखों की चमक मेरे जेहन में उतर रही थी।

हम सब के जीवन में कहीं न कहीं कोई 'काश' दबा रह जाता है। फर्क इतना होता है कि कुछ लोग उसे वहीं दफन कर देते हैं, कुछ उसे जीने की हिम्मत बटोरकर चल पड़ते हैं।

## चलते-चलते...

**वैज्ञानिकों ने** एक नई मेडिकल इमेजिंग तकनीक विकसित की है, जो बिना रेडिएशन और Contrast Dye के मानव शरीर के ऊतकों की संरचना और रक्त-नलिकाओं को 3D रंगों में दिखा सकती है। इससे स्तन कैंसर की पहचान, डायबिटीज से जुड़े नर्व डैमेज की निगरानी में बड़ी मदद मिल सकती है। शोध Nature Biomedical Engineering में प्रकाशित हुआ है।

## रीडर्स मेल

**▸ संसद में हंगामा**
संसद सत्र का एक और दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के संबंधों में बढ़ती कटुता के कारण हंगामे की भेंट चढ़ गया। दोनों पक्षों का आरोप-प्रत्यारोप तभी तक उचित है, जब तक वे संसद की गरिमा का ध्यान रखते हुए अपनी शक्ति का सार्थक प्रयोग करें। दोनों आपसी बातचीत करके सम्मानजनक तरीके से बीच का रास्ता निकाल सकते हैं। इस सत्र में सार्थक बहस इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अभी अमेरिका और अन्य देशों के साथ भारत के कूटनीतिक और व्यापारिक समझौते हो रहे हैं। ऐसा होने से ही सरकार को देश के लिए आगे की रणनीति तैयार करने और संतुलित फैसले लेने में मदद मिलेगी।

दीपा सिन्हा, ईमेल से

**▸ दूर हो गतिरोध**
6 फरवरी का संपादकीय 'सार्थक बहस हो' पढ़ा। संसद का यह बजट सत्र भी हंगामे की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। सरकार और विपक्ष के बीच तीखी टिप्पणियों, हंगामे और कटु शब्दों के इस्तेमाल ने संसदीय नियमों व मर्यादाओं को झकझोर दिया है। जनता इसलिए अपना प्रतिनिधि चुनकर सदन में भेजती है, ताकि उसके मुद्दों को आवाज मिल सके। हर जनप्रतिनिधि को यह बात भलीभांति समझनी चाहिए, लेकिन वे तो उलझे हैं हंगामे और विरोध-प्रदर्शन में। इस समय देश के सामने कई बड़े मुद्दे हैं। अमेरिका के साथ डील पर सहमति बनी है, लेकिन कुछ बातों को लेकर स्पष्टता चाहिए। उस पर बात ही नहीं हो रही है। जो सवाल सदन के बाहर पूछे जा रहे हैं, उन पर सदन के भीतर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? सरकार और विपक्ष, दोनों को मिलकर इस गतिरोध को दूर करना चाहिए।

पैंथर तोमर, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 02-06-2026 22:52 Color:



## दलपति विजय को देना होगा जुर्माना



दलपति विजय से जुड़े एक पुराने मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट द्वारा लगाए गए 1.5 करोड़ रुपये के जुर्माने को चुनौती दी थी। उन पर यह जुर्माना कथित तौर पर 15 करोड़ की अघोषित आय के सिलसिले में लगाया गया था।

# फराह खान की फिल्म में शाहरुख का डबल रोल!



'मैं हूं ना' के एक सीन में शाहरुख और सुष्मिता

साल 2012 में शाहरुख खान और सुष्मिता सेन की फिल्म मैं हूं ना ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया था। अब खबर है कि फिल्म की डायरेक्टर फराह खान इस फिल्म का सीक्वल बनाने जा रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि फिल्म में शाहरुख खान का डबल रोल होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फराह खान मैं हूं ना के सीक्वल पर जोर-शोर से काम कर रही हैं। इस फिल्म में शाहरुख के लिए फराह ने डबल रोल प्लान किया है। फिल्मी दुनिया के जानकारों के मुताबिक शाहरुख को यह आइडिया पसंद आया। हालांकि, दोनों ही किरदार एक-दूसरे के अपोजिट होंगे।

### आइडिया शाहरुख का

बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी का कोर आइडिया शाहरुख ने ही दिया है। अब इस आइडिया को आकाश कौशिक स्क्रीनप्ले का रूप दे रहे हैं। सूत्रों ने बताया गया है कि 'मैं हूं ना' का सीक्वल देशभक्ति पर ही बेस होगा और फिल्म में ओरिजनल कास्ट भी वापसी करेगी। गौरतलब है कि फिल्म में जायद खान और अमृता राव भी नजर आए थे।

# फिर से चमकी संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की जोड़ी

Rekha.Khan@timesofindia.com



कहा जाता है कि परफेक्ट क्राइम जैसी कोई चीज नहीं होती। अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कोई न कोई सुराग छोड़ ही जाता है.मगर क्या हो जब अपराधी वारदात के बाद खुद सुराग थाली में परोस कर दे दे। मगर सवाल ये है कि वो ऐसा क्यों करेगा? इसी रहस्य की परतों को खोलती है वध 2 की कहानी। करीब 4 साल पहले आई वध ने दर्शकों को न केवल बांध कर रखा था बल्कि संजय मिश्रा और नीना गुप्ता जैसे सीनियर एक्टर्स की जोड़ी ने लोगों का दिल भी खूब जीता था। अब निर्देशक जसपाल सिंह संधू की यह सीक्वल एक पायदान ऊपर चढ़कर प्यार-मोहब्बत, अपराध और बदले की एक ऐसी कहानी पेश करती है, जो न्याय- अन्याय के तराजू पर दर्शकों को बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करती है।

कहानी ईमानदार पुलिस वाले शंभू नाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) और 28 साल से जेल में बंद मंजू (नीना गुप्ता) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका भावनात्मक रिश्ता हालातों के कारण मजबूत है। बेटे की पढ़ाई के लिए कर्ज में डूबा शंभू अब उसी बेटे की बेरुखी झेल रहा है। जेल में नए अफसर प्रकाश सिंह (कुमुद मिश्रा) का सामना सत्ता के नशे में चूर विधायक के भाई केशव (अक्षय डोगरा) से होता है, जो गुंडागर्दी करता है। एक हिंसक टकराव के बाद केशव रहस्यमयी ढंग से गायब हो जाता है और जब उस केस की जांच-पड़ताल करने के लिए नए अफसर (अमित के. सिंह) को नियुक्त किया जाता है, तो कई खौफनाक सच सामने आते हैं।

पहले भाग की लोकप्रिय जोड़ी के साथ वध 2 नई कहानी और किरदारों के जरिए आगे बढ़ती है। निर्देशक जसपाल सिंह संधू की यह स्लो बर्न प्रेम कथा नैतिक पतन, कमजोर कानून व्यवस्था, जातिवाद और रिश्तों की जटिलताओं को थ्रिलर अंदाज में पेश करती है। फिल्म परत-दर-परत अपराध की गहराई में ले जाती है। सेकंड हाफ में दमदार ट्विस्ट कहानी को मजबूती देते हैं। सटीक कास्टिंग, प्रभावशाली सिनेमैटोग्राफी, मजबूत बैकग्राउंड स्कोर और चौंकाने वाला डबल ट्विस्ट क्लाइमैक्स फिल्म को यादगार बनाता है।

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता जैसे मंजे हुए कलाकार अपनी सधी हुई परफॉर्मेंस से फिल्म को जानदार बनाते हैं। बाकी कलाकारों की भी दाद देनी होगी। कुमुद मिश्रा अपने रोल में खूब जमे हैं। शिल्पा शुक्ला ने छोटी-सी भूमिका को यादगार बनाया है। थाली के बैंगन बने नदीम खान याद रह जाते हैं। बाहुबली गुंडे के रोल को अक्षय डोगरा खौफनाक लगे हैं। ईमानदार पुलिस वाले अतीत सिंह को अमित के सिंह ने खूबी से अंजाम दिया है। नैना के किरदार में योगिता बिहानी जमी हैं।

**फिल्म-वध 2**
रेटिंग ★★★½☆
**निर्देशक:** जसपाल सिंह संधू
**कलाकार:** संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, कुमुद मिश्रा, शिल्पा शुक्ला, अक्षय डोगरा, अमित के सिंह आदि।
**अवधि:** 2 घंटे 11 मिनट
**जॉनर:** क्राइम ड्रामा

**क्यों देखें**
बढ़िया क्राइम-थ्रिलर संजय मिश्रा-नीना गुप्ता की उम्दा अदाकारी के लिए।

# फूहड़ कॉमिडी का शिकार 'भाबी जी'

Rekha.Khan@timesofindia.com



सालों से छोटे पर्दे पर दर्शकों के बीच अपना कॉमिक क्रेज बनाने वाले सिटकॉम भाबी जी घर पर हैं, को जब भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन के रूप में बड़े पर्दे पर लाने की चर्चा चली, तो लगा कि एक लंबे अरसे से दर्शकों के बीच पॉपुलर रहे चिरपरिचित किरदार खूब धमाल मचाएंगे, मगर अफसोस बिलो द बेल्ट, टॉयलेट ह्यूमर, चीप डायलॉग्स और बेसिर-पैर की कहानी के कारण यह एक सस्ती और फूहड़ कॉमिडी फिल्म बन कर रह गई।

विभूति मिश्रा (आसिफ शेख) अपने पड़ोसी मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौर) की पत्नी अंगूरी (शुभांगी अत्रे) को उत्तराखंड मन्नौती पूरी करने के लिए लेकर आता है। मगर इलाके का दबंग शांति (रवि किशन) अंगूरी पर लट्टू हो जाता है। विभूति और अंगूरी की तलाश में आए तिवारी और अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) को देखकर शांति का भाई क्रांति भी (मुकेश तिवारी) उसे दिल दे बैठता है। अब ये दोनों गैंगस्टर जबरदस्ती अंगूरी और अनीता से शादी करना चाहते हैं। कहानी के दूसरे ट्रैक में बुआ जी नामक एक कार के चक्कर में सक्सेना (सानंद वर्मा), टिल्लू लाल यादव (निरहुआ) और हप्पू जी (योगेश त्रिपाठी), टिल्लू (सैयद सलीम जैदी), टीका (वैभव माथुर) जैसे किरदार अफरातफरी मचाते हैं।

मजेदार नोट पर शुरू हुई कहानी को घटिया कॉमिक पंचेस और बिखरा हुआ स्क्रीनप्ले चीप बनाते हैं। यहां अडल्ट कॉमिडी निर्देशक उस फ्लेवर को बढ़ाने के लिए टॉयलेट ह्यूमर और सस्ते पंचेस की भरमार कर देते हैं। पूरी फिल्म में तिवारी का गैस पास करते रहना, अंगूरी का विभूति के नितंब में स्क्रू ड्राइवर की मदद से गोली निकालना, मामा बने बृजेंद्र काला का पैंट में खाना छिपा कर लाना जैसे दृश्य फूहड़ता की पराकाष्ठा को छू जाते हैं। कहानी तब और असहनीय हो जाती है, जब इसमें सीरियल के तमाम लोकप्रिय कलाकारों का मेला लगा दिया जाता है। क्लाइमैक्स भी बेहद बेतुका लगता है।

अभिनय के मामले में फिल्म लाज बचा ले जाती है। शुभांगी अत्रे ने अंगूरी के रोल को उसी 'सही पकड़े हैं' के उसी चिरपरिचित भोले अंदाज में जिया है। आसिफ शेख विभूति जी के सुर को पकड़े रखते हैं, जबकि रोहिताश्व गौर तिवारी जी के रूप में अच्छा साथ देते हैं। विदिशा श्रीवास्तव भी अपने किरदार में जमी हैं। गुंडई करने वाले रवि किशन और मुकेश तिवारी की जोड़ी मनोरंजन जोड़ती है। सानंद वर्मा, बृजेंद्र काला, निरहुआ, सैयद सलीम जैदी, वैभव माथुर, योगेश त्रिपाठी, मुश्ताक खान ठीक-ठाक रहे।

**फिल्म-भाबीजी घर पर हैं:फन ऑन द रन**
रेटिंग ★½☆☆☆
**निर्देशक:** शशांक बाली
**कलाकार:** रवि किशन, शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, मुकेश तिवारी आदि।
**अवधि:** 2 घंटे 15 मिनट
**जॉनर:** कॉमिडी-ड्रामा

**क्यों देखें**
यह फिल्म न ही देखें, तो बेहतर है।

# बैन के बाद भी धुरंधर पाकिस्तान और गल्फ देशों में नंबर 1 फिल्म



धुरंधर फिल्म का एक दृश्य

रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना की फिल्म धुरंधर ने भारत में भले ही खूब कमाई की हो लेकिन पाकिस्तान समेत कई गल्फ देशों में इस पर बैन लगा दिया गया था। हालांकि तब भी खबर थी कि पाकिस्तान के लोग इसे पायरेसी के जरिए देख रहे हैं। अब खबर है कि ओटीटी पर रिलीज होने के बाद आदित्य धर की यह फिल्म पाकिस्तान में नंबर 1 पर पहुंच गई है। यानी वहां बड़ी संख्या में दर्शक इस फिल्म को देख रहे हैं। पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा है। गौरतलब है कि फिल्म की कहानी का बड़ा हिस्सा पाकिस्तान पर आधारित है, जहां रणवीर सिंह का किरदार पाकिस्तान में जासूस बनकर जाता है।

### गल्फ देशो में धुरंधर का जलवा

धुरंधर को गल्फ देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात [UAE], कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान में भी बैन किया गया था लेकिन ओटीटी पर रिलीज होने के बाद इन देशों में भी फिल्म टॉप पर है। गौरतलब है कि आदित्य धर के निर्देशन में बनी रणवीर सिंह की यह फिल्म पाकिस्तान के बैकग्राउंड पर ही आधारित है।


**इन्वेस्ट यूपी**
ए-ब्लाक, द्वितीय, चतुर्थ एवं छठवां तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ.प्र.)

विज्ञापन सं: 546/Admin/IUP/2025-26 दिनांक: 05 फरवरी, 2026

निम्नलिखित पदों हेतु योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं। सभी आवेदन इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट www.invest.up.gov.in/career/ पर स्वीकार किए जाएंगे।

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जी.सी.सी. हेड | 01 |
| 2 | पी.एस.यू. हेड | 01 |

➤ कृपया शैक्षणिक / तकनीकी अर्हता, उम्र, योग्यता, अनुभव, आवेदन फारूप इत्यादि की जानकारी हेतु इन्वेस्ट यूपी की वेबसाइट https://invest.up.gov.in/career/ पर जाएं।
➤ उपरोक्त पदों के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकृत किए जाएंगे।
➤ दिनांक 22.02.2026 को सायं 5:00 बजे तक किए गए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।
उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने हेतु स्कैन करें

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
इन्वेस्ट यूपी



विज्ञापन सं. 02/2025
राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान
(एक स्वायत्त संस्था)
भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**रोजगार सूचना**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी पात्र इच्छुक भारतीय नागरिकों से प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि अनुबंध सहित निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | समूह | वेतन मैट्रिक्स | 7वें सीपीसी में संबंधित स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संयुक्त निदेशक (प्रशा.) | एक (01) | ए | रु. 78,800-2,09,200/- | 12 |
| 2. | लेखा अधिकारी | एक (01) | बी | रु. 47,600-1,51,100/- | 8 |
| 3. | स्टोर अधिकारी/रखरखाव अधिकारी/छात्रावास पर्यवेक्षक | एक (01) | बी | रु. 44,900-1,42,400/- | 7 |
| 4. | कार्यालय अधीक्षक | एक (01) | बी | रु. 35,400-1,12,400/- | 6 |
| 5. | सहायक | दो (02) | बी | रु. 35,400-1,12,400/- | 6 |

*[ध्यान दें: रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है]
इच्छुक उम्मीदवार विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से पैंतालीस (45) दिनों के भीतर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विवरण के लिए, कृपया https://nih.ayush.gov.in/ पर लॉग ऑन करें।

ह./-
निदेशक, एनआईएच।
CBC 17209/12/0012/2526



**ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
कार्पोरेट खेल प्रभाग
प्रथम तल, टॉवर-बी, दीनदयाल ऊर्जा भवन,
5, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070
फोन नं.: 011-26750 ... ई-मेल: ongcsports@ongc.co.in

**विज्ञापन**
स्टाइपेंड (वृत्तिका) आधार पर 30 खिलाड़ियों का नियोजन

ओएनजीसी निम्नलिखित खेलों में 30,000/- रुपए से 70,000/- रुपए प्रति माह के स्टाइपेंड पर नियोजन के लिए 18 से 30 वर्ष की आयु वर्ग के मेधावी खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

| खेल | बैडमिंटन | टेबल टेनिस | लॉन टेनिस | बास्केटबॉल | हॉकी | कबड्डी | वॉलीबॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महिला | 1 | 1 | 1 | – | – | – | – |
| पुरुष | – | – | 1 | 5 | 8 | 7 | 6 |

इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ी दिनांक 07.02.2026 से 14.02.2026 के बीच निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र ओएनजीसी के आधिकारिक ई-मेल पते ongcsports@ongc.co.in के माध्यम से भेज सकते हैं। स्टाइपेंड योजना तथा नियम एवं शर्तों के विस्तृत विवरण हेतु www.ongcindia.com को देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा कोई झूठा या कूटरचित प्रमाण-पत्र/दस्तावेज/जानकारी प्रस्तुत की जाती है, तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**भर्ती सूचना**

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित करता है :-

| पद का नाम | पदों की सं. | वेतनमान |
|---|---|---|
| मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) | 06 | पे मैट्रिक्स के लेवल-14 (रु 144200-218200) |

2. भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट (https://www.nhai.gov.in) पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन में दी गई प्रक्रिया के अनुसार आवेदक दिनांक 06.03.2026 (सायं 06:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन जमा करना सुनिश्चित करें।
3. आयु सीमा, योग्यता मानदंड, अन्य शर्तों आदि से संबंधित विस्तृत विवरण भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुलेख/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी



**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. एलईडब्ल्यू-272- 147-टी1-54, दिनांक 04.02.2026, मुख्य विद्युत एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना, पूर्व रेलवे, तीसरा तल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों जिनके पास समरूप कार्य का पर्याप्त अनुभव है एवं न्यूनतम पात्रता मानदंड की संतुष्टि करते हैं, से निर्धारित प्रारूप में 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** ... में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों की सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, इंटरलॉकिंग और आरंभ और पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के ... के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ ... (दो पैकेट प्रणाली)। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹.42,17,32,935.85, **कार्य की समापन अवधि :** 15 (पंद्रह) माह। **निविदा कागजात ऑनलाइन जमा देने के लिए अंतिम तिथि और समय (बंद होगा):** दिनांक 05.03.2026 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। **बोली-पूर्व सम्मेलन :** लागू नहीं। **वेबसाइट का पता, समय और तिथि जहां से निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर दिनांक 04.02.2026 से। **बोली खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 05.03.2026 को 15.30 बजे। **प्रतिभूति राशि :** ₹.22,58,700/- **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है:** 1.बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। 2. निविदाकार ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत अवश्य हों। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनों/संशोधी, यदि आवश्यक हुए, तो केवल इस साइट पर दिए जाएंगे। 3. बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। 4. इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। CON-66/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)

**विज्ञापन सं.: 45 / 2026**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, देश भर में माननीय सर्वोच्च न्यायालय / उच्च न्यायालयों / अधिकरणों / आयोगों / जिला न्यायालयों तथा अन्य न्यायिक निकायों के समक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का आवश्यकतानुसार एवं प्रकरण-आधारित विधिक प्रतिनिधित्व करने हेतु स्टैंडिंग काउंसिल (Standing Counsel) तथा पैनल अधिवक्ताओं (Panel Advocates) के पैनलीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड, शैक्षणिक योग्यताएँ, शुल्क संरचना तथा अन्य विवरण www.ugc.ac.in/tenders/jobs पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08.03.2026 है।

सचिव, यूजीसी
CBC 21205/12/0014/2526



**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**
**NATIONAL COOPERATIVE DEVELOPMENT CORPORATION**
सहकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय
4, सिरी इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र, हौज खास, नई दिल्ली-110016
NCDC Assisting Cooperatives, Always! सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर!
International Year of Cooperatives 2025

सं. रा०स०वि०नि०: 4-7/2025-प्रशा. **विज्ञापन सं. 01/2026** दिनांक: 22.01.2026

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारत के अर्ह नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| | |
|---|---|
| पद का नाम | मुख्य निदेशक (विधिक तथा वसूली) |
| पद की संख्या | 01 (अन्य पिछड़ा वर्ग) |
| आयु सीमा | 50 वर्ष |
| भर्ती का तरीका | सीधी भर्ती के आधार पर |
| पे-मैट्रिक्स में पे-लेवल | सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-13 (पूर्व संशोधित पे बैंड-4: रु.37400-67000/- के साथ ग्रेड पे रु.8700/-) |
| शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव | सीधी भर्ती हेतु आवश्यक: एलएलबी की डिग्री धारक और बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित। अनुभव:- कानूनी/वित्तीय दस्तावेजीकरण/बंधक/गारंटी/हाइपोथिकेशन/वसूली के मुकदमे/दावे/सरफेसी अधिनियम/ऋण वसूली न्यायाधिकरण आदि, तथा विभिन्न न्यायालयों/न्यायाधिकरणों में ऐसे विषयों से संबंधित मुकदमेबाजी के मामलों में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें से न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर-12 या समकक्ष पद पर होना अनिवार्य है। वर्तमान में निजी क्षेत्र में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए, उनका सीटीसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों हेतु निर्धारित वेतनमान के तुलनीय होना चाहिए। वरीयता : सहकारी संगठन में अनुभव को वरीयता दी जाएगी |

भर्ती के अन्य नियमों और शर्तों के लिए इच्छुक उम्मीदवार एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in पर जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2026 है।



NBCC एनबीसीसी A Navratna CPSE ASPIRE

**माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से**
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

**ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री**



**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026
ई-नीलामी 11.02.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in I www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414
कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: cci Time: 02-06-2026 23:45 Color:



20 20 WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच



भारत टी20 वर्ल्ड कप जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। इस फॉर्मेट में किसी टीम की प्रतिष्ठा का कोई खास मतलब नहीं होता। - केविन पीटरसन, पूर्व कप्तान इंग्लैंड

**172** रन के अंतर से हराया था श्रीलंका ने केन्या को 2007 के टी20 वर्ल्ड कप के एक मैच में। यह इस टूर्नामेंट में जीत का सबसे बड़ा अंतर है

## वैभव सूर्यवंशी की रेकॉर्ड शतकीय पारी से भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठी बार जीता विश्व खिताब

# जूनियर टीम बनी वर्ल्ड चैंपियन, अब सीनियर्स की बारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इसे संयोग कहिये या नियति, एक सूर्य भारत को विश्व खिताब दिलाने का सूत्रधार बना है तो दूसरा सूर्य अपनी अगुआई में भारत को विश्व खिताब दिलाने के लिए आज से मैदान में उतर रहा है। भारतीय जूनियर टीम अंडर-19 वर्ल्ड कप में कुल दसवीं और लगातार छठी बार फाइनल में पहुंची थी। पिछले एडिशन में भारत के खिताबी राह में ऑस्ट्रेलियाई टीम आ गई थी लेकिन इस बार महज 14 साल के दमदार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने मैच के सिर्फ 80 गेंदों में ही भारतीय टीम की जीत की कहानी लिख डाली। प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे वैभव (175 रन, 80 गेंद, 15 छक्के) ने अंडर-19 विश्व कप के इतिहास की शायद सबसे प्रभावशाली पारी खेली जिससे भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। भारत ने पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में इंग्लैंड को हराकर ही खिताब जीता था। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में आईसीसी ट्रॉफी जीती थी जो टूर्नामेंट के इतिहास में देश के दबदबे को दिखाता है। भारत की जूनियर टीम तो एक बार फिर विश्व चैंपियन बन गई है, अब देशवासियों को भारत की सीनियर टीम से भी आज से शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप के रूप में विश्व खिताब की उम्मीद होगी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप



फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराया

**दूसरी फिफ्टी सिर्फ 23 बॉल में:** भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रेकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रेकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के सामने इंग्लैंड की टीम कालेब फाल्कोनर (115 रन, 67 गेंद) के शतक और सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिन्स (66 रन) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दीं। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रेकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

**15** सिक्स लगाए वैभव ने अपनी पारी में। यूथ वनडे में एक पारी में किसी प्लेयर द्वारा लगाए सर्वाधिक सिक्स है

**110** सिक्स लगाए हैं सूर्यवंशी ने 25 यूथ वनडे में। वह यूथ वनडे में 100+ सिक्स जमाने वाले पहले बैटर हैं

**150** रन बनाए वैभव ने सिर्फ सिक्स और फोर के जरिए। यह यूथ वनडे की एक पारी में बाउंड्रीज के जरिए बनाए गए सर्वाधिक रन है



**1** पहले स्थान पर पहुंच गए वैभव यूथ वनडे में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने के मामले में। उनके यूथ वनडे में 1412 रन है

### हैरान करते आंकड़े!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

फाइनल के सितारे वैभव सूर्यवंशी अपनी बिग हिटिंग की वजह से एक खतरनाक बैटर हैं। उन्होंने यूथ वनडे में सिर्फ 25 मैच खेले हैं, लेकिन वह सिक्स लगाने के मामले में किसी भी बैटर से आगे निकल गए हैं। उन्होंने 25 वनडे में 110 सिक्स जमा दिए हैं। वह यूथ वनडे में इतने 60+ सिक्स जमाने वाले इकलौते बैटर हैं। वैभव हर मैच में औसत 4.4 सिक्स जमाते हैं। यूथ वनडे में 1412 रन के साथ वो भारत के हाईएस्ट स्कोरर हैं। ओवरऑल सूची में वो चौथे स्थान पर हैं। उनका 165.72 का स्ट्राइक रेट यूथ वनडे में सर्वश्रेष्ठ है। उनके नाम इस फॉर्मेट में चार शतक भी हैं, जो संयुक्त तीसरे सर्वाधिक हैं।

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. अर्शदीप सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप में कितने विकेट लिए हैं? A) 27 B) 26 C) 29 D) 30
2. स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज के बीच कितने टी20I मुकाबले हुए हैं? A) 6 B) 2 C) 1 D) 8

**कल के जवाब**
1. B) मोनांक पटेल
2. C) श्रीलंका


**लकी WINNERS**



1 अभिषेक चौधरी, द्वारका, दिल्ली



2 दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई



3 वरुण कौशल, अंबाला, हरियाणा

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें।

### स्कॉटलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

**कोलकाता:** बांग्लादेश को बाहर किए जाने के बाद ऐन मौके पर टूर्नामेंट में शामिल हुई स्कॉटलैंड की टीम टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के खिलाफ खुद को साबित करने उतरेगी। बांग्लादेश के हटने के बाद रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिला, हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से महज दो हफ्ते पहले मिली एंट्री उसकी तैयारी के लिए चुनौती रही।

**आमना-सामना**
कुल मैच 1 वेस्टइंडीज 0, स्कॉटलैंड 1

# चोटिल राणा बाहर, सिराज अंदर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से कुछ घंटों पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए परेशान करने वाली खबर आई। तेज गेंदबाज हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राणा को अभ्यास मैच में घुटने में चोट लगी थी। शुक्रवार को जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए थे तब तक राणा के टूर्नामेंट खेलने पर संशय था। राणा के फिट नहीं होने की आशंका पर उन्होंने संयमित अंदाज में कहा, 'चिंता की बात नहीं है, हमारे पास कल (शनिवार) के लिए 11 खिलाड़ी हैं। निश्चित रूप से यह एक झटका है, क्योंकि 15 खिलाड़ियों की टीम काफी सोच-समझकर चुनी जाती है, लेकिन हमारे पास अलग-अलग संयोजन मौजूद हैं।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

देर रात राणा के टूर्नामेंट से बाहर होने पुष्टि हो गई और उनकी जगह पेसर मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल करने के लिए ICC ने अनुमति भी दे दी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान राणा को घुटने में चोट लगी थी। उन्होंने उस मुकाबले में केवल एक ओवर डाला, जिसमें 16 रन बने। राणा के अलावा वॉशिंगटन सुंदर मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं और उनकी उपलब्धता पर भी सवाल बने हुए हैं।



भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा

**दो स्पिनरों के साथ उतर सकते हैं:** राणा की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार ने उपलब्ध विकल्पों के बारे में कहा, 'हम देखेंगे कि पिछले एक-दो वर्षों में किन (अन्य) तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है या क्या कोई ऐसा गेंदबाज है जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। जरूरी नहीं है कि हर बोलर लोअर ऑर्डर में आकर फोर-सिक्स की बौछार कर सके। हमारा मानना है कि अगर टीम के टॉप 8 बैटर अपना काम ठीक से कर रहे हैं, तो नौवें या दसवें नंबर पर आने वाले बैटर से बाउंड्री की उम्मीद करना सही सोच नहीं है।' सूर्य ने यह भी संकेत दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम दो स्पिनरों (कुलदीप और वरुण) के साथ उतरने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को लेकर चयन की दुविधा को 'अच्छा सिरदर्द' बताते हुए कहा कि हालात और विरोधी टीम को देखते हुए फैसला किया जाएगा।'

यह मेरे लिए एक तरह से मानो किसी चक्र के पूरा होने जैसा है क्योंकि मैंने यहीं क्रिकेट सीखा है। मैं मुंबई में पला-बढ़ा हूं और वानखेड़े में खेलने का मौका मिलना। यह बचपन से मेरा सपना रहा है, बहुत खुशी की बात है। यह बहुत ही भावुक कर देने वाला और यादगार पल है। मैं अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूंगा। - सौरभ नेत्रवलकर, बोलर, अमेरिकी क्रिकेट टीम



## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में रुद्राक्ष को गोल्ड, अर्जुन का सिल्वर पर निशाना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का दबदबा कायम है। मेंस 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रुद्राक्ष पाटिल ने गोल्ड जबकि अर्जुन बबूता ने सिल्वर जीतकर भारत को दो मेडल दिलाए। रुद्राक्ष ने फाइनल में 251.9 अंक जुटाए, जबकि अर्जुन 250.7 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसी स्पर्धा के टीम इवेंट में रुद्राक्ष, अर्जुन और विशाल सिंह की तिकड़ी ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जूनियर मेंस एयर राइफल में भारत ने पूरा पोडियम अपने नाम किया। हिमांशु दिल्ली ने गोल्ड, अंश डाबस ने सिल्वर और मेन प्रणव बीरस ने ब्रॉन्ज पदक जीता। टीम स्पर्धा में भी भारत को सोना मिला। मिक्स्ड टीम स्पर्धाओं में मुकेश नेलावली-वंशिका चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल और गिरीश गुप्ता-शिखा नरवाल की जोड़ी ने यूथ मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाए।

# चैंपियन टीम इंडिया का खिताबी अभियान आज से चढ़ेगा परवान

## अपने पहले ग्रुप मैच में अमेरिकी टीम से टकराएगा भारत

Bhavin.Pandya
@timesofindia.com

■ मुंबई: दो साल पहले पिछले टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में जिन सूर्यकुमार यादव ने करिश्माई कैच लपक कर भारत को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी, उन्हीं सूर्यकुमार की अगुआई में टीम इंडिया आज से टी20 खिताब को बचाने के मिशन के साथ मैदान पर होगी। आज अमेरिका के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने इस अभियान की शुरुआत करेगा। इस मैच को मजाक में 'आधार कार्ड बनाम ग्रीन कार्ड' कहा जा रहा है। अमेरिकी टीम की जर्सी में कई ऐसे चेहरे होंगे जिन्होंने भारत में ही क्रिकेट का ककहरा सीखा। लेकिन, उलटफेर करने में माहिर इस अमेरिकी टीम को हल्के में लेने की गलती टीम इंडिया नहीं करेगी। शनिवार शाम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए टूर्नामेंट का महज औपचारिक आगाज नहीं, बल्कि इरादों का ऐलान है। जहां भारत अपनी बादशाहत बनाए रखने उतरेगा और अमेरिका यह साबित करने कि क्रिकेट में उसकी मौजूदगी महज संयोग नहीं।

**बैटिंग में सुपर स्ट्राइकर्स की भरमार:** टी20 वह फॉर्मेट बन चुका है जिसमें भारत सबसे सहज, सबसे संतुलित और सबसे आत्मविश्वासी दिखता है। यह भारतीय टीम टी20 को 'खेलती' नहीं, नियंत्रित करती है। भारतीय बैटिंग ऑर्डर किसी तय स्क्रिप्ट पर नहीं चलता। जरूरत पड़ी तो पावरप्ले में जोखिम, जरूरत पड़ी तो मध्य ओवरों में धैर्य और आखिरी ओवरों में निर्दयी प्रहार- टीम के पास हर मोड़ के लिए तैयार जवाब है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास सिर्फ नामों पर नहीं, आंकड़ों पर भी टिका है। पिछले एक साल (6 फरवरी 2025 से 6 फरवरी 2026 तक) में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अभिषेक शर्मा का स्ट्राइक रेट 196, हार्दिक पंड्या का 168 और सूर्यकुमार यादव का 157 का रहा है। उनके साथ ईशान किशन ने वापसी के बाद लगातार प्रभाव छोड़ा है और 4 मैचों में 231 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी पावरप्ले में भारत की बड़ी ताकत रही है। उनके द्वारा दी गई बेहतरीन शुरुआत का फायदा उठाने के लिए मध्यक्रम में कप्तान सूर्य, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी हैं। रिंकू सिंह जैसे फिनिशर की मौजूदगी भारत को आखिरी ओवरों में बढ़त देती है।

**बोलिंग में अनुभव और नियंत्रण:** गेंदबाजी में भारत का सबसे बड़ा हथियार जसप्रीत बुमराह हैं, जिनकी टी20 विश्व कप में इकोनॉमी 5.44 रही है। वर्ल्ड कप में 26 विकेट ले चुके बुमराह को साथी पेसर अर्शदीप का अच्छा साथ मिलेगा, जो टी20 वर्ल्ड कप में 27 विकेट ले चुके हैं। हालांकि उनका इकोनॉमी रेट 7.42 रन प्रति ओवर है। स्पिन में वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव जैसे उम्दा विकल्प हैं, जिन्होंने पिछले एक साल में क्रमशः 26 और 25 विकेट टी20 इंटरनैशनल मैचों में लिए हैं। हालांकि दोनों का इकोनॉमी रेट इस साल क्रमशः 9 और 9.63 रन प्रति ओवर का रहा है।

**नए जरूर, पर कमजोर नहीं:** वैश्विक मंच पर अमेरिकी टीम थोड़ी नई जरूर है पर इसे कमजोर टीम नहीं कह सकते। कप्तान मोनांक पटेल ने पिछले एक साल में टी20 में लगातार रन बनाए हैं (9 मैचों में 365 रन, 1 सेंचुरी और 3 फिफ्टी), जबकि साइतेजा मुक्कमाला और मिलिंद कुमार ने मध्यक्रम में स्थिरता दी है। साइतेजा अपनी टीम के सबसे अधिक रैंकिंग (25वीं) वाले बैटर हैं और उनके नाम दो फॉर्मेट में इंटरनैशनल सेंचुरी है। शुभम रंजने और हरमीत सिंह जैसे खिलाड़ी भारतीय हालात से वाकिफ हैं। गेंदबाजी में सौरभ नेत्रवलकर अमेरिका का सबसे भरोसेमंद नाम हैं (टी20I में 40 विकेट, इकोनॉमी रेट 6.85), जबकि अली खान डेथ ओवरों में गति और उछाल से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं।

Kaushik Naik



टी20 वर्ल्ड कप 2026

**ICC रैंकिंग**
भारत 1, अमेरिका 18

**आमने-सामने**
कुल मैच 1
भारत जीता 1,
अमेरिका जीता 0

**संभावित प्लेइंग XI**

**भारत:** अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह

**अमेरिका:** आंद्रिस गौस, साइतेजा मुक्कमाला, शायन जहांगीर, मोनांक पटेल (कप्तान और विकेटकीपर), मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह, संजय कृष्णमूर्ति, शुभम रंजने, शाडले वान शाल्कविक, अली खान, सौरभ नेत्रवलकर।

**पिच व मौसम**
पिच बल्लेबाजों की मददगार मानी जा रही है। मैदान छोटा होने के कारण बाउंड्रीज में रन ज्यादा आ सकते हैं। शाम के मुकाबले में ओस अहम भूमिका निभा सकती है, जिससे स्पिनरों को बाद में चुनौती मिलेगी। बारिश की संभावना नहीं है। तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच रहेगा। यह क्रिकेट खेलने के लिए न तो बहुत गरम है और न ही बहुत ठंडा।

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

**8** द्विपक्षीय टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली हैं भारत ने 29 जून 2024 को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद से लेकर अब तक और सभी में जीत दर्ज की है

**80** रन और चाहिए मोनांक पटेल को टी20I में 1000 रन पूरा करने वाला पहला अमेरिकी खिलाड़ी बनने के लिए

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)
निविदा सं. डीओ/यूडी/डीओएल ऑफ/आर — ई-निविदा सूचना — निविदा आईडी 2026 एनसीआरटीसी 264891 1
दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के चैनेज (00000-26200) के बीच आने वाले DTL, TPDDL, DMRC, NDMC आदि के 220 kV और 66/33 kV EHT ओवरहेड/भूमिगत केबलों को शिफ्ट करने/बदलने के कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
विस्तृत जानकारी, एवं अनुवर्ती परिशिष्ट / शुद्धिपत्र (यदि कोई हो), के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app को 07.02.2026 से 09.03.2026 (15:00 बजे तक) देखें। हस्ता./-ईडी/प्रोक्योरमेंट

PFRDA पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
PENSION FUND REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY
B-300, टॉवर B, 3वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
पीएफआरडीए क्षेत्रीय कार्यालय, मेकर टावर्स, कफ परेड, मुंबई-400 005, महाराष्ट्र स्थित 16वीं मंजिल, एफ-विंग में प्रस्तावित सिविल कार्य, आंतरिक नवीनीकरण एवं साज-सज्जा, विद्युत कार्य, एचवीएसी एवं संबद्ध सेवाओं के लिए प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं का आमंत्रण।
पीएफआरडीए, मुंबई- 400 005, महाराष्ट्र स्थित मेकर टावर्स, एफ-विंग, 16वीं मंजिल पर प्रस्तावित संयुक्त आंतरिक कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है, जिनमें सिविल कार्य, आंतरिक साज-सज्जा, विद्युत एवं संबद्ध कार्य, एचवीएसी कार्य और अन्य संबद्ध सेवाएं (एफएएस, पीएएस, एसीएस, डेटा नेटवर्किंग, सीसीटीवी), एसी सिस्टम आदि शामिल हैं।
निविदा का विवरण पीएफआरडीए की वेबसाइट https://pfrda.org.in और सीपीपीपी की वेबसाइट https://eprocure.gov.in पर निविदा अनुभाग में उपलब्ध है।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय 19 फरवरी 2026 दोपहर 3:00 बजे तक है। Sd/- मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन विभाग)

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए नहीं के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो 15.30 बजे खोली जाएंगी। क्रम सं., निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य और बयाना राशि निम्नानुसार है: (1) ई-केजीपी-ईस्ट-02-2026, वरिष्ठ डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत सांतरागाछी के उत्तर और दक्षिण भाग की कॉलोनी में बहुमंजिला टाइप-II और टाइप-III स्टाफ क्वार्टरों का नवीनीकरण और उन्नयन, रु. 2,00,44,454.34, रु. 2,50,200/-, (2) ई-केजीपी-ईस्ट-03-2026, मेचेदा: प्लेटफॉर्म के विस्तार, ऊंचा करने, रीमॉडलिंग तथा अन्य सुविधाओं के लिए प्रावधान, रु. 1,95,87,312.73, रु. 2,47,900/-, (3) ई-केजीपी-ईस्ट-05-2026, 1) एडीईएन/ सांतरागाछी के तहत बाउरिया और आमता में नए स्टाफ क्वार्टर 10 यूनिट (टाइप-II) का निर्माण। 2) उलुबेड़िया: एसएसई/पी.वे/उलुबेड़िया के नए ऑफिस कम और स्टोर का निर्माण, रु. 4,92,07,441.04, रु. 3,96,000/-, (4) ई-केजीपी-एसडब्ल्यू-04-2026, एडीईएन/मेदिनीपुर/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत तीसरे प्लेटफॉर्म पर बाउंड्री वॉल का निर्माण (दूसरा आमंत्रण), रु. 41,16,949.40, रु. 82,300/-, (5) ई-केजीपी-ईस्ट-04-2026, बाउड़िया: बाउड़िया स्टेशन में बढ़े हुए हिस्से पर प्लेटफॉर्म, कवर शेड के विस्तार और दूसरी सुविधाओं का प्रावधान। 2) आंदुल: आंदुल (एडीईएन) स्टेशन में बढ़े हुए हिस्से पर प्लेटफॉर्म, कवर शेड के विस्तार और दूसरी सुविधाओं का प्रावधान, रु. 25,31,42,733.26, रु. 14,15,700/-, (6) ई-केजीपी-साउथ-03-2026, एडीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत लक्ष्मणनाथ रोड- जलेश्वर खंड में बॉक्स पुशिंग तकनीक द्वारा समपार एलसी नं. 44 के स्थान पर सीमित ऊंचाई वाले सबवे का निर्माण, रु. 11,50,30,953.38, रु. 7,25,200/-, (7) ई-केजीपी-साउथ-04-2026, निम्नलिखित कार्यों का निष्पादन: (i) एसएसई/पी.वे/हिजली के अंतर्गत रेल की मरम्मत एवं तट का सुदृढ़ीकरण और एसएसई/पी.वे/दांतन के अंतर्गत बेलदा-निकुरसिनी के बीच केंद्रीय नाले का निर्माण, (ii) एडीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अंतर्गत हिजली एवं दांतन में आरओएच साइडिंग में सुविधाओं का विस्तार। रु. 2,94,81,164.17, रु. 2,97,400/-, (8) ई-केजीपी-साउथ-05-2026, वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/खड़गपुर के अधीन एसआईजेएमबीआर-भद्रक खंड में ओवर रन लाइन, हेड शंट और हैड शंट का सुधार एवं मानकीकरण, रु. 3,79,05,489.42, रु. 3,39,500/-, निविदा कागजात का मूल्य: रु.0.00 (क्रम सं. 1 से 8 के लिए), खुलने की तिथि: 19.02.2026 (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 हेतु), 20.02.2026 (क्रम सं. 4 हेतु), 26.02.2026 (क्रम सं. 5 एवं 6 हेतु) और 27.02.2026 (क्रम सं. 7 एवं 8 हेतु), कार्य की समापन अवधि: 15 माह (क्रम सं. 1, 3 एवं 5 प्रत्येक हेतु), 12 माह (क्रम सं. 2 एवं 8 प्रत्येक हेतु), 06 माह (क्रम सं. 4 हेतु) और 18 माह (क्रम सं. 6 एवं 7 हेतु)। बोली प्रारंभ होने की तिथि: 05.02.2026 से 19.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 से 3 के लिए), 06.02.2026 से 20.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 4 के लिए), 12.02.2026 से 26.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 5 से 6 के लिए) और 13.02.2026 से 27.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 7 से 8 के लिए)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/पात्रता/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1157)

पश्चिम मध्य रेल
निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/न्यकज, आर.ओ.एच. डिपो न्यकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है:- निविदा सूचना क्रमांक दिनांक: JBP-M-Tender-02-2026, Dated 03.02.2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित: के.वै. डिपो एनकेजे में BOXN वैगनों का BOXNR-3000 का में अपग्रेडेशन और पुनर्वास, कार्य की विज्ञापित मूल्य रुपये: ₹ 33,89,51,782.70, बयाना राशि: ₹18,44,800, समापन की अवधि: 26 माह, निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय: 25.02.2026 15:00 Hrs., नोट: उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वन एवं वन्य जीव विभाग
उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)
डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044
संख्या एफ.87/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7482 दिनांक:04/02/2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026 - 27 के लिए मैदानगढ़ी में 71,000 वृक्ष पौधों एवं 76,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 10,28,57,177/- (दस करोड़ अट्ठाईस लाख सत्तावन हजार एक सौ सतहत्तर रुपये मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 2:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।
नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग
DIP/Shabdarth/Classified/0433/25-26

संख्या एफ.80/डीसीएफ(एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7467
दिनांक: 04/02/2026
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वन एवं वन्य जीव विभाग
उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)
डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
"दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए एक वर्ष की अवधि हेतु 80,000 वृक्ष पौधों एवं 86,500 झाड़ी पौधों का सृजन तथा उनका रखरखाव, एवं रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286156_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है। अनुमानित लागत रु. 13,13,99,744/- (तेरह करोड़ तेरह लाख निन्यानवे हजार सात सौ चवालीस मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 1:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।
नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग
DIP/Shabdarth/Classified/0434/25-26

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वन एवं वन्य जीव विभाग
उप वन संरक्षक कार्यालय (दक्षिण)
डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, तुगलकाबाद, नई दिल्ली-110044
संख्या एफ.86/डीसीएफ (एस)/विकास/ई-निविदा/2025-26/7476 दिनांक: 04/02/2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
" दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए डेरा में 55,500 वृक्ष पौधों एवं 60,000 झाड़ी पौधों का सृजन, एक वर्ष की अवधि हेतु उनका रखरखाव तथा रोपण क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी का कार्य, ई-निविदा आमंत्रित की गई है (निविदा संख्या 2026_DFWL_286169_1)"। यदि निविदाकर्ता/बोलीदाता को निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी बात के अर्थ के बारे में कोई संदेह है, तो वह उप वन संरक्षक, दक्षिण वन प्रभाग, वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज के पास, नई दिल्ली-110044 के कार्यालय से स्पष्टीकरण मांग सकता है।
अनुमानित लागत रु. 10,37,88,400/- (रुपये दस करोड़ सैंतीस लाख अट्ठासी हजार चार सौ मात्र)। बोली प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 04.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे से 25.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक है।
नोट:-
1. उपर्युक्त कार्य का विवरण और पात्रता मानदंड वेबसाइट- govtprocurement.delhi.gov.in से देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
2. संशोधन/परिवर्तन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।
उप वन संरक्षक
दक्षिण वन प्रभाग
DIP/Shabdarth/Classified/0432/25-26


# गलती से बता दिया OTP? मिल जाएगा पैसा

## ऑनलाइन ठगी के केस में 25,000 रुपये तक की भरपाई करने का RBI का प्रस्ताव

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के बीच रिजर्व बैंक (RBI) ने ग्राहकों को एक बड़ा एलान किया। अब डिजिटल ठगी का शिकार होने वाले बैंक ग्राहकों को 25,000 रुपये तक का हर्जाना मिलेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पत्रकारों को बताया कि अगर ग्राहक ने अनजाने में जालसाजों को अपना ओटीपी (OTP) भी बता दिया है, तब भी उसे यह मुआवजा दिया जाएगा। केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने साफ किया कि यह पैसा 85,000 करोड़ रुपये के 'डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस' (DEA) फंड से दिया जाएगा। हालांकि, यह राहत किसी ग्राहक को पूरी जिंदगी में सिर्फ एक ही बार मिल सकेगी, बशर्ते इसमें ग्राहक की खुद की कोई मिलीभगत या गलत नीयत न पाई जाए।



संजय मल्होत्रा

RBI के अधिकारियों ने बताया कि देश में होने वाली दो-तिहाई डिजिटल ठगी 50,000 रुपये से कम की होती है। ऐसे में इस नई सुविधा से ठगी के शिकार हुए ज्यादातर लोगों को फायदा होगा।

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, जब तक ग्राहक के साथ ठगी हुई है, चाहे वह उनकी अपनी गलती से हुई हो या किसी और की, बिना कोई सवाल किए 25,000 रुपये तक दिए जाएंगे। हम ग्राहकों को मुआवजा तब देंगे जब कि वह ट्रांजैक्शन अनजाने में हुआ हो और उन्होंने अपना पैसा खोया हो।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस पूरी प्रक्रिया में ग्राहक की भी थोड़ी जिम्मेदारी होना जरूरी है। इसलिए ठगी गई रकम का 15 प्रतिशत हिस्सा खुद खाताधारक को उठाना होगा, भले ही ठगी 25,000 रुपये से कम की ही क्यों न हो। अगर बड़ी रकम की ठगी होती है, तब भी हर्जाने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपये ही रहेगी। मल्होत्रा ने बताया कि नियम का ड्राफ्ट जल्द ही जारी किया जाएगा।

### क्या है प्रस्ताव?

- **कब तक के लिए:** यह सुविधा किसी भी ग्राहक को जीवन में केवल एक बार मिलेगी।
- **लावारिस फंड का इस्तेमाल:** 85,000 करोड़ रुपये के 'डिपॉजिटर अवेयरनेस फंड' (DEA) से होगी भरपाई।
- **DEA Fund:** इसमें वह पैसा जमा है जो बैंकों में 10 साल से ज्यादा समय से लावारिस पड़ा है
- **बुजुर्गों को सुरक्षा:** सीनियर सिटिजंस के लिए डिजिटल ट्रांजैक्शन में एक्स्ट्रा सिक्योरिटी लेयर जोड़ी जाएगी।

### मिस-सेलिंग पर सख्ती, एजेंटों पर लगाम

फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की गलत तरीके से बिक्री (Mis-selling) पर चिंता जताते हुए मल्होत्रा ने कहा कि अक्सर बैंक या कोई भी संस्था ग्राहक को गलत जानकारी देकर कुछ बेचती है, तो इसका असर ग्राहकों और खुद उस संस्था पर भी पड़ता है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बैंक काउंटर पर जो भी थर्ड पार्टी प्रोडक्ट (जैसे बीमा या अन्य स्कीम) बेचे जा रहे हैं, वे ग्राहक की जरूरत और जोखिम उठाने की क्षमता के हिसाब से हों। उन्होंने कहा, इसलिए हमने विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री को लेकर सभी वित्तीय संस्थाओं के लिए सख्त निर्देश जारी करने का फैसला किया है। इसका ड्राफ्ट भी जल्द ही जनता के सामने रखा जाएगा।

गवर्नर ने आगे बताया कि अभी अलग-अलग संस्थाओं के रिकवरी एजेंटों को लेकर नियम अलग-अलग हैं। अब फैसला लिया गया है कि लोन रिकवरी और रिकवरी एजेंटों के बर्ताव से जुड़े सभी पुराने नियमों को एक जैसा बनाया जाए।

### MPC : ब्याज दरों में बदलाव नहीं

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक अपनी मुख्य ब्याज दर (रीपो रेट) में कोई बदलाव नहीं किया। मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (MPC) ने रीपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया। रीपो वह रेट है जिसपर आरबीआई बैंकों को लोन देते हैं।

### MSME और रियल एस्टेट को तोहफा

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (MSME) के लिए बिना गारंटी वाले कर्ज (collateral-free loans) की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया है। साथ ही, बैंकों को REITs को कर्ज देने की अनुमति दी गई है ताकि रियल एस्टेट सेक्टर को पैसा मिल सके। छोटे NBFCs (जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ रुपये से कम है और जो सीधे पब्लिक से डील नहीं करते) को रजिस्ट्रेशन की जरूरत से छूट देने का प्रस्ताव है। कुछ NBFCs को 1,000 से ज्यादा शाखाएं खोलने के लिए अब पहले से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी।

### GDP ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए महंगाई (रिटेल इन्फ्लेशन) 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के 2% के अनुमान से ज्यादा है। हालांकि RBI के 4% के लक्ष्य से नीचे है। FY26 की चौथी तिमाही में महंगाई 3% से ऊपर और FY27 की पहली छमाही में 4% के पार जा सकती है। RBI ने मौजूदा वित्त वर्ष (FY26) के लिए GDP ग्रोथ का अनुमान 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया है। वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही के लिए भी ग्रोथ का अनुमान 6.75% से बढ़ाकर 6.95% कर दिया गया है। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2027 का अनुमान अभी नहीं दिया गया है।

## फटाफट खबरें

### 8 कंपनियों के IPO को मंजूरी

■ पीटीआई, नई दिल्ली : शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने इन्क्रेड होल्डिंग्स और एलीवेट कैपस्टेस समेत कुल 8 कंपनियों को अपना IPO लाने की मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सेबी की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, ये कंपनियां मिलकर बाजार से करीब 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में हैं।

### 'चीन से कई चीजों का आयात घटा'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वित्त वर्ष 2024-25 में चीन से उर्वरक, रसायन, लोहा और इस्पात जैसे कई सेक्टरों में आयात घटा। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को राज्यसभा को एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सालभर पहले के मुकाबले 2024-25 में चीन से उर्वरकों का आयात 61.4%, केमिकल्स और संबंधित उत्पादों का 19.7%, लोहा एवं इस्पात का 10.3% और मैन मेड यार्न का इंपोर्ट 9.5% घटा।

### टाटा स्टील और MRF को लाभ

■ पीटीआई, नई दिल्ली : टाटा स्टील ने शुक्रवार को बताया कि दिसंबर तिमाही में उसका कुल मुनाफा बढ़कर 2,730.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 295.49 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। MRF का शुद्ध मुनाफा दोगुना से ज्यादा बढ़कर 692 करोड़ रुपये हो गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 37 प्रतिशत गिरकर 2,408 करोड़ रुपये रह गया है।

### क्रिप्टो मार्केट में भारी गिरावट

■ NBT रिपोर्ट : पिछले एक हफ्ते के दौरान क्रिप्टोकरेंसी मार्केट की कुल वैल्यू से करीब 500 बिलियन डॉलर साफ हो गया है। ET के मुताबिक, इस दौरान बिटकॉइन में करीब 20% की गिरावट आई। Ethereum भी 7.89% गिरकर 2,091 डॉलर के पास आ गई।

## RBI के 'नो चेंज' से शेयर बाजार हरे निशान पर बंद

AI Image




■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने के फैसले के बाद शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद आखिरी कारोबार में हुई खरीदारी से सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32%) चढ़कर 83,580.40 पर बंद हुआ। इसी तरह, निफ्टी भी 50.90 अंक (0.20%) की बढ़त के साथ 25,693.70 पर बंद हुआ। वहीं, अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। नैस्डैक 1.59 प्रतिशत, S&P 500 1.23 प्रतिशत और डाउ जोन्स 1.20 प्रतिशत लुढ़क गया था। वहीं, ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 13,000 रुपये (4.85%) की गिरावट आई। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,400 रुपये (2.12%) सस्ता हुआ।

## 'लेबर कोड से सोशल सिक्योरिटी मज़बूत होगी'

### श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, श्रमिकों और उद्योगों को लाभ होगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : संयुक्त किसान मोर्चा और 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों की हड़ताल से पहले श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने जो श्रम सुधार किए हैं, उनका फोकस वर्कर्स की सोशल सिक्योरिटी सुनिश्चित करना और उन्हें ताकत बनाना है। मांडविया RSS से जुड़े भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास का सरकार का जो विजन है, श्रमिकों का कल्याण इसके केंद्र में है।

PTI



पुरी में शुक्रवार को BMS के कार्यक्रम में मनसुख मांडविया

ओडिशा के पुरी में BMS के 21वें अखिल भारतीय त्रैवार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में मांडविया ने कहा, 'श्रम राष्ट्र निर्माण का आधार है और श्रमिकों का सम्मान विकसित भारत की दिशा तय करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम इस संकल्प को साकार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे युवा शक्ति और श्रम शक्ति के लिए काम करने का अवसर मिला है। ये दोनों शक्तियां भारत की प्रगति का आधार हैं और विकसित भारत का विजन हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।'

मांडविया ने कहा कि आर्थिक प्रगति में इंडस्ट्री और वर्कर, दोनों ही अहम होते हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए इन दोनों में तालमेल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार इस संतुलन को मजबूत करने के उद्देश्य से लेबर कोड्स ले आई है, जिससे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा भी मजबूत होगी।

**हड़ताल से अलग हुईं 16 ट्रेड यूनियन**

इस बीच, जहां 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों ने लेबर कोड सहित अन्य मुद्दों को लेकर 12 फरवरी को हड़ताल का आह्वान किया है, वहीं 16 सेंट्रल ट्रेड यूनियनों के समूह कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल ट्रेड यूनियंस ने इस हड़ताल से दूर रहने की घोषणा की है। इसके राष्ट्रीय संयोजक डॉ दीपक जायसवाल ने कहा कि यह हड़ताल राजनीति से प्रेरित लग रही है और इसका उद्देश्य श्रमिकों का कल्याण नहीं है। इससे पहले BMS भी हड़ताल से दूर रहने की घोषणा कर चुका है।

### ऐप बेस्ड ड्राइवर आज करेंगे हड़ताल

इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (IFAT) ने शनिवार को पूरे देश में हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने एक बयान में कहा, 'हड़ताल में ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर और अन्य प्लेटफॉर्म्स से जुड़े ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर शामिल होंगे।' IFAT के राष्ट्रीय महासचिव और TGPWU के फाउंडर प्रेसिडेंट शेख सलाउद्दीन ने कहा कि 'मान्यताप्राप्त वर्कर यूनियंस से बातचीत कर एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 के अनुसार ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के लिए मिनिमम बेस फेयर तुरंत नोटिफाई किया जाए।'

## AIFs को पब्लिक करनी होगी NAV

■ पीटीआई, नई दिल्ली : शेयर बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने शुक्रवार को अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स (AIFs) के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। इसके तहत अब इन फंड्स को अपनी यूनिट्स की ताजा नेट असेट वैल्यू (NAV) डिपॉजिटरी सिस्टम पर अपलोड करनी होगी। यह काम उन्हें अपने रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंटों (RTAs) के जरिए करना होगा। सेबी के सर्कुलर के मुताबिक, AIFs को 1 मई से पहले या निवेश पोर्टफोलियो के मूल्यांकन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी NAV अपलोड करनी होगी। इन दोनों में से जो भी तारीख बाद में आएगी, उसे ही आखिरी समय सीमा माना जाएगा। अगर किसी बाहरी स्वतंत्र वैल्यूअर को नियुक्त किया गया है, तो उसकी रिपोर्ट की तारीख ही वैल्यूएशन डेट मानी जाएगी।

## बोर्ड की मंज़ूरी, एक हो जाएंगी PFC-REC

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली : पॉवर फाइनैंस कॉर्पोरेशन (PFC) के बोर्ड ने शुक्रवार को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (REC) के अपने साथ विलय को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। विलय के बाद भी PFC एक पब्लिक सेक्टर कंपनी बनी रहेगी। PFC और REC के विलय को बोर्ड की यह मंजूरी रविवार को बजट में किए गए ऐलान के बाद मिली है।

इससे पहले, आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (CCEA) की मंजूरी मिलने के बाद मार्च 2019 में PFC ने REC में सरकार की 52.63 प्रतिशत हिस्सेदारी 14,500 करोड़ रुपये में खरीदी थी। तब से REC, PFC की एक सहायक कंपनी के तौर पर काम कर रही है।

एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कंपनी ने बताया गया है कि PFC के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बजट ऐलान पर गौर किया और विलय को अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। बोर्ड ने यह सुनिश्चित किया है कि मर्जर के बाद भी PFC कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य कानूनों के तहत एक पब्लिक सेक्टर कंपनी बनी रहे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को अपने बजट भाषण में कहा था, विकसित भारत के लिए NBFC कंपनियों का विजन तैयार कर लिया गया है, जिसमें कर्ज बांटने और टेक्नॉलजी अपनाने के स्पष्ट लक्ष्य रखे गए हैं।

## देश

## मणिपुर के चुराचांदपुर में ठहरा जनजीवन



चुराचांदपुर में बंद के दौरान गाड़ियां रोकते प्रदर्शनकारी।

■ पीटीआई, चुराचांदपुर/इंफाल

- कुकी-जो समुदाय के विधायक की सरकार में भागीदारी के विरोध में 'पूर्ण बंद' का किया आह्वान
- मणिपुर में नई सरकार के गठन के अगले ही दिन भड़की हिंसा की चिंगारी शुक्रवार को भी पूरी तरह नहीं हो पाई शांत

**मणिपुर में** नई सरकार के गठन के अगले ही दिन भड़की हिंसा की चिंगारी शुक्रवार को भी शांत नहीं हुई। सरकार में कुकी-जो समुदाय के एक विधायक की भागीदारी के विरोध में दो आदिवासी संगठनों ने चुराचांदपुर में 'पूर्ण बंद' का आह्वान किया था, जिससे इस कुकी-जो बहुल जिले में जनजीवन प्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, बंद के समर्थकों ने शुक्रवार सुबह जिला मुख्यालय शहर के कुछ हिस्सों में वाहनों को रोक दिया। इस दौरान बाजार बंद रहे और सड़कों पर वाहनों का आवागमन न के बराबर रहा। शैक्षणिक और सरकारी दफ्तरों में भी उपस्थिति बहुत कम रही।

कुकी छात्र संगठन की चुराचांदपुर इकाई ने जिले में शुक्रवार आधी रात से 24 घंटे का पूर्ण बंद बुलाया। एक अन्य संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन (JF-7) ने कुकी-जो क्षेत्रों में सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक बंद आयोजित किया। जिला मुख्यालय तुइबोंग क्षेत्र में बंद का अधिक असर रहा। अधिकारियों ने बताया कि जिले में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

## 'बच्ची नाबालिग, इसलिए प्रेग्नेंसी अवैध, जारी रखने को कैसे कहें'

### सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की गर्भवती लड़की के गर्भपात की दी इजाज़त

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : 'कोई भी अदालत किसी महिला खासकर नाबालिग को बिना उसकी मर्जी के मां बनने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।' शुक्रवार को यह टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 30 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग लड़की के गर्भपात की इजाजत दे दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने इस बात पर जोर दिया कि गर्भवती लड़की की प्रजनन स्वायत्तता (रिप्रोडक्टिव ऑटोनॉमी) को महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर उन परिस्थितियों में जब उसने स्पष्ट रूप से गर्भावस्था जारी न रखने की इच्छा जताई हो। अपने आदेश में कोर्ट ने कहा कि नाबालिग बच्ची को गर्भावस्था जारी रखने का अधिकार है। लेकिन इस पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है कि इस स्थिति में गर्भावस्था पहली नजर में अवैध (इलिजिटिमेट) है। क्योंकि वह नाबालिग है और एक रिश्ते से उत्पन्न दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति के कारण गर्भावस्था का सामना कर रही है। बेंच ने स्पष्ट किया कि मुद्दा यह नहीं है कि वह संबंध सहमति से था या यौन उत्पीड़न का परिणाम है। अंतिम तथ्य यह है कि गर्भावस्था अवैध है, क्योंकि लड़की नाबालिग है। इस तरह जन्म लेने वाला बच्चा वैध नहीं होगा। दूसरा यह कि होने वाली मां उस बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती।

**Q क्या है मौजूदा कानून, SC के पहले के फैसले?**

केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2021 में प्रेग्नेंसी खत्म करने के लिए कानून में बदलाव करते हुए कुछ शर्तों के साथ मियाद 20 से बढ़ाकर 24 हफ्ते कर दी थी। इसके लिए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) रूल्स 2021 का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके तहत विशेष कैटिगरी की महिलाओं के लिए प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन की मियाद 24 हफ्ते कर दी गई थी। इसमें रेप विक्टिम से लेकर शादी का स्टेटस बदले जाने की स्थिति में प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत दी गई थी।

**Q 20 और 24 हफ्ते का क्या है फर्क?**

एक्ट की धारा-3 (2)(ए) कहता है कि अगर 20 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी है तो खत्म किया जा सकता है। धारा- 3 (2)(बी) कहता है कि अगर प्रेग्नेंसी 20 हफ्ते से ज्यादा और 24 हफ्ते तक की हो तो भी महिला के जीवन को खतरा होने या गंभीर इंजरी (मेंटल या फिजिकल) के आधार पर प्रेग्नेंसी खत्म किया जा सकता है। बच्चे में विकृति या रिस्क, रेप की शिकार और नाबालिग की प्रेग्नेंसी खत्म

**Q विवाहित-अविवाहित के बारे में क्या कहा था?**


सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने कहा था कि अविवाहित महिला को एमटीपी ऐक्ट और नियमों के दायरे से बाहर रखना गैर संवैधानिक है। ऐसी अविवाहित महिला, जो सहमति से गर्भवती हुई है, उसे गर्भपात के अधिकार से वंचित करना गैर संवैधानिक है। एमटीपी ऐक्ट कहीं से भी विवाहित-अविवाहित महिलाओं में भेदभाव नहीं करता है।

मुंबई के अस्पताल को निर्देश दिया कि मेडिकल ऐहतियात का पालन हो

जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच सुन रही थी यह केस



## मनोरंजन




## मौत का गड्ढा: पहले नोएडा, अब दिल्ली

नवीन निश्चल/सुषमा यादव

■ नई दिल्ली : फिर एक गड्ढा, फिर एक मौत, फिर वही लापरवाही। इस बार जगह देश की राजधानी दिल्ली का जनकपुरी इलाका था। एक बैंक के कॉल सेंटर में काम करने वाले 25 साल के कमल ध्यानी दफ्तर से घर लौट रहे थे। गुरुवार रात 11:53 बजे उन्होंने परिवार को फोन किया कि बस 10 मिनट में पहुंच रहा हूं, लेकिन तभी B3B ब्लॉक के सामने जल बोर्ड के खोदे गड्ढे में वह बाइक समेत जा गिरे। कमल जब घर नहीं पहुंचे, तो परिवार ने खोजबीन शुरू की। परिवार का कहना है कि पांच थानों में जाकर कमल को ढूंढने की फरियाद की। लास्ट कॉल जनकपुरी इलाके से आया था, इसलिए वहां ढूंढा गया, लेकिन कमल नहीं मिले। सुबह एक महिला ने देखा कि गड्ढे में बाइक समेत युवक पड़ा है, वह कमल ही थे। उन्हीं के फोन से पुलिस ने परिवार को जानकारी दी। पुलिस उन्हें DDU अस्पताल ले गई, जहां मृत घोषित कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि गड्ढे वाली जगह को ठीक से घेरा होता तो उनके घर का चिराग न बुझता। ये भी आरोप है कि उस जगह पर्याप्त रोशनी नहीं थी और न ही प्रॉपर साइनेज या इंतजाम।

जनकपुरी में जल बोर्ड के खोदे गए 14 फुट के गड्ढे में 25 साल के कमल की गई जान

घटना के बाद सरकार और प्रशासन में हड़कंप मच गया। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद जनकपुरी से ही विधायक हैं, वह मौके पर पहुंचे। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी स्पॉट पर जाकर दौरा किया। साथ ही बोर्ड के सीनियर अफसरों की कमिटी से जांच का आदेश दिया। उन्होंने जल बोर्ड के एग्जिक्यूटिव इंजिनियर समेत तीन को सस्पेंड कर दिया। जल बोर्ड के एक अधिकारी और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ FIR दर्ज की गई। मंत्री का कहना है कि रोड के दोनों तरफ 100-100 मीटर की दूरी पर बैरिकेड लगाए

**पश्चिम मध्य रेल**

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवम उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है- **क्रम सं.: 1, टेंडर संख्या:** 07/2026, **कार्य का विवरण:** ए. सिनियर डीईएन/साउथ सेक्शन- प्रोविजन ऑफ वेरियस साइडिंग फेसिलिटी इन्क्लूडिंग पिट लाइन फॉर टीटीएम/आरजीएम साइडिंग एट डिफरेन्ट स्टेशनस। बी. प्रोविजन ऑफ डिरेलिंग स्वीचस टू एनेबल स्टेबलिंग ऑन लीग हॉल लूप एट कुरिया स्टेशन, **अनुमानित लागत:** ₹1,29,99,340.51, **बयाना राशि:** ₹ 2,15,000.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 2, टेंडर संख्या:** 08/2026, **कार्य का विवरण:** नागदा-मथुरा सेक्शन-टीआरएफआर- 19.500 कि.मी. अप एण्ड डाउन लाइन, **अनुमानित लागत:** ₹6,09,85,536.06, **बयाना राशि:** ₹ 4,54,900.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 3, टेंडर संख्या:** 09/2026 आर, **कार्य का विवरण:** नागदा-कोटा सेक्शन-एक्सटेंशन ऑफ बैलस्ट लेन्थ ऑफ वेरियस ब्रिज अण्डर दि ज्यूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन-शामगढ़ एण्ड एडीईएन-रामगंजमंडी ब्रिज नं0 09/अप एण्ड डाउन, 20 अप, 27 अप, 35 डाउन, 38 डाउन, 42 डाउन, 76/अप एण्ड डाउन, ईटीसी (एडीईएन-शामगढ़) एण्ड ब्रिज नं0: 124/अप एण्ड डाउन, 125/अप एण्ड डाउन ईटीसी (एडीईएन-रामगंजमंडी), **अनुमानित लागत:** ₹2,48,24,854.51, **बयाना राशि:** ₹ 2,74,100.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 4, टेंडर संख्या:** 10/2026 आर, **कार्य का विवरण:** डीईएन (सेन्ट्रल) कोटा सेक्शन-वैल्डिंग ऑफ 60 केजी-52 केजी 90 यूटीएस एण्ड आर-260 रेल्स इन-सिटू विद सिंगल शॉट क्रूसिबल मेथड एण्ड सप्लाई ऑफ एटी वेल्ड पोर्शन्स इन कनेक्शन विद वेरियस रीनिवल्स ट्रेक वर्क्स, **अनुमानित लागत:** ₹1,47,12,367.69, **बयाना राशि:** ₹ 2,23,600.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 5, टेंडर संख्या:** 11/2026, **कार्य का विवरण:** ए. डीईएन/सेन्ट्रल सेक्शन-प्रोविजन ऑफ वेरियस साइडिंग फेसिलिटी इन्क्लूडिंग पिट लाइन फॉर टीटीएम/आरजीएम साइडिंग एट डिफरेन्ट स्टेशन। बी. प्रोविजन ऑफ डिरेलिंग स्वीचस टू एनेबल स्टेबलिंग ऑन लीग हॉल लूप एट लबान स्टेशन। सी. प्रोविजन ऑफ प्लुइड आइसोलेशन इन कनेक्शन विद रिप्लेसमेंट ऑफ इन्टरलॉकिंग सिस्टम ऑफ वीर्स स्टेण्ड बाई एण्ड इनडोर सिग्नलिंग ऑन एज कम कन्डिशन्ड बेसिस एट आमली थाई, **अनुमानित लागत:** ₹2,64,72,403.84, **बयाना राशि:** ₹ 2,82,400.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 6, टेंडर संख्या:** 13/2026, **कार्य का विवरण:** एनुअल मेंटेनेन्स कान्ट्रेक्ट फॉर 5 टन ईओटी क्रेन ऑफ सेटेलाइट ट्रेक मशीन डिपो, कोटा, **अनुमानित लागत:** ₹1,13,828.40, **बयाना राशि:** ₹ 2,300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 20.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 7, टेंडर संख्या:** 14/2026, **कार्य का विवरण:** एडीईएन/हवपु/कोटा सेक्शन: प्रोविजन ऑफ फायर फाइटिंग सिस्टम फॉर डिवीजनल रेलवे हॉस्पीटल कोटा एण्ड डिवीजनल रेलवे मेनेजर ऑफिस, कोटा विद आल एसेसरीज, **अनुमानित लागत:** ₹1,73,06,932.41, **बयाना राशि:** ₹ 2,36,500.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 8, टेंडर संख्या:** 15/2026, **कार्य का विवरण:** कोटा डिविजन: रिपेयर्स टू प्लास्टर, फ्लोरिंग, डोर, विन्डो एण्ड बेसिक अमेनिटीज ऑफ स्टाफ क्वार्टर्स एट सवाई माधोपुर ईटीसी, **अनुमानित लागत:** ₹96,62,422.50, **बयाना राशि:** ₹1,93,300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 18.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 9, टेंडर संख्या:** 16/2026, **कार्य का विवरण:** प्रोवाइडिंग टू सबऑर्डिनेट रेस्ट हाउस शामगढ़ एण्ड टीटीएम रेस्ट हाउस एट चौमहला, विक्रमगढ़ आलोट इम्प्रूवमेंट/रिपेयर टू एसआरएच/टीटीएम रेस्ट हाउस एट महीदपुर अण्डर एडीईएन/शामगढ़, **अनुमानित लागत:** ₹1,54,31,129.10, **बयाना राशि:** ₹ 2,27,200.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 10, टेंडर संख्या:** 17/2026, **कार्य का विवरण:** कोटा-मथुरा सेक्शन- रिप्लेसमेंट ऑफ पाइप/आरसीसी/स्टोन स्लेब विद आरसीसी बॉक्स/स्लेब एट ब्रिज नं0: 213 डाउन, 214 डाउन, 217 डाउन, 221 अप/डाउन, 225 डाउन, 226 अप/डाउन, एण्ड 227 अप/डाउन अण्डर दि ज्यूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन/सी/कोटा, **अनुमानित लागत:** ₹3,77,43,117.63, **बयाना राशि:** ₹ 3,38,700.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 11, टेंडर संख्या:** 18/2026, **कार्य का विवरण:** कोटा-मथुरा सेक्शन प्रोविजन ऑफ वीएचएफ (वेरी हाई फ्रेक्वेंसी) बेस्ड अर्ली ट्रेन वार्निंग सिस्टम फॉर ट्रेक मेंटेनर्स (11 नं0 वीएचएफ ट्रांसमीटर एण्ड 229 नं0 हैंड हेल्ड रिसीवर), **अनुमानित लागत:** ₹1,26,99,042.00, **बयाना राशि:** ₹ 2,13,500.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 12, टेंडर संख्या:** 19/2026, **कार्य का विवरण:** सिनियर डीईएन/साउथ सेक्शन-सिविल वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ आरजीएम ट्रेक मशीन साइडिंग इन्क्लूडिंग वेरियस रिक्वायर्ड फेसिलिटी, **अनुमानित लागत:** ₹1,89,42,859.66, **बयाना राशि:** ₹ 2,44,700.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 13, टेंडर संख्या:** 20/2026, **कार्य का विवरण:** कोटा डिवीजन-स्ट्रेंथनिंग ऑफ ब्रिज नं0 343 एण्ड 334, 448 अप/डाउन एण्ड 494 अप/डाउन इन कोटा-मथुरा सेक्शन अण्डर दि ज्यूरिसडिक्शन ऑफ एडीईएन-गंगापुर सिटी (टू पैकेट सिस्टम), **अनुमानित लागत:** ₹10,59,94,877.13, **बयाना राशि:** ₹ 6,80,000.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **क्रम सं.: 14, टेंडर संख्या:** 21/2026, **कार्य का विवरण:** इम्प्रूवमेंट टू वेरियस पैसेंजर एमेनिटीज अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम एट श्रीमहावीरजी, **अनुमानित लागत:** ₹9,33,72,796.89, **बयाना राशि:** ₹ 6,16,900.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 24.02.2026 को 15:30 घंटे पर, **नोट:** पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यालय शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। (हस्ता.)

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## NBT AI टाइम मशीन



### नौसेना को मिली पहली स्वदेशी पनडुब्बी

भारत में बनी पहली पनडुब्बी आईएनएस शल्की (INS Shalki) आज ही के 1992 में नौसेना में शामिल हुई। मझगांव डॉक लिमिटेड में बनी यह पनडुब्बी भारत की स्वदेशी क्षमता का पहला बड़ा प्रतीक बनी। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 'एस्केप स्फीयर' है, जो संकट के समय पूरे चालक दल की जान बचाने में सक्षम है। रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से यह आज भी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में सक्रिय है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। मुंबई। शनिवार, 7 फरवरी 2026, पेज 12




## पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हमले के चश्मदीद ने बताया

# 'नमाज़ियों पर फायरिंग की फिर खुद को उड़ा लिया'

■ एएफपी/एपी, इस्लामाबाद (पाकिस्तान)

**पाकिस्तान की** राजधानी इस्लामाबाद के बाहरी इलाके में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक शिया मस्जिद में फिदायीन बम धमाका हुआ। इस हमले में 31 लोगों की जान चली गई, और 169 लोग घायल हो गए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चश्मदीद के हवाले से कहा, सुरक्षा कर्मियों ने हमलावर को रोकने की कोशिश की थी। इसके बाद हमलावर ने गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद हमलावर मस्जिद में नमाजियों की आखिरी पंक्ति में खड़ा हो गया और वहीं खुद को बम से उड़ा लिया।

> किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

**बड़ी शिया मस्जिद को बनाया निशाना :** धमाका एक बड़ी शिया मस्जिद में हुआ। टीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर पुलिस और स्थानीय लोगों को घायलों को अस्पताल ले जाते देखा गया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मस्जिद में हुए बम धमाके की कड़ी निंदा की, जांच के आदेश दिए। **'अफरातफरी थी, घायल फर्श पर पड़े थे' :** वहां मौजूद लोगों के अनुसार, मस्जिद के अंदर अफरा-तफरी मच गई थी। नमाज पढ़ रहे हुसैन शाह ने बताया कि तेज धमाके के बाद मस्जिद में कई शव और घायल फर्श पर पड़े थे।

**हमले के पीछे IS या तालिबान?:** अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन शक पाकिस्तानी तालिबान या इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकी संगठनों पर है, जो पहले भी पाकिस्तान में शिया समुदाय को निशाना बनाते रहे हैं।



**बचाने की कवायद** धमाके के बाद मस्जिद के बाहर अफरातफरी मच गई। एजेंसियां राहत-बचाव के लिए पहुंचीं।

### हाल के दिनों में बढ़ी हैं हिंसक घटनाएं

पाकिस्तान में हाल के महीनों में हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। इसके लिए मुख्य रूप से बलूच बागी समूहों और पाकिस्तानी तालिबान को जिम्मेदार माना जा रहा है इस्लामिक स्टेट का एक क्षेत्रीय गुट भी पाकिस्तान में सक्रिय है।

### उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति थे पाक में

यह हमला उस समय हुआ, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव दो दिवसीय दौरे पर पाकिस्तान में थे और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम में शामिल हो रहे थे।

### हमेशा की तरह भारत पर मढ़ा आरोप

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि जो मस्जिदों में लोगों की हत्या करते हैं, वे न तो धर्म के हितैषी हैं और न ही देश के। आसिफ ने लिखा, हमले में शामिल आतंकी अफगानिस्तान से आया था। भारत और अफगानिस्तान के बीच मिलीभगत सामने आ रही है।' हालांकि भारत हमेशा से ऐसे बेतुके बयानों का खंडन करता रहा है।

## खैबर पख्तूनख्वा में 24 आतंकी ढेर: पाकिस्तानी सेना

■ **पीटीआई, पेशावर :** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग खुफिया अभियानों में 24 आतंकियों को मार गिराया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन्स (ISPR) ने एक बयान में कहा, 'आतंकी प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े थे। ये दो खुफिया-आधारित अभियान प्रांत के ओरकजई और खैबर जिलों में संचालित किए गए। सैनिकों ने आतंकियों को घेर लिया और 14 को मार गिराया। जबकि दूसरी जगह एक और अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इससे पहले जनवरी में, खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादी मारे गए थे।

## 'AI के 72% विमानों में बार-बार खराबी'

■ **NBT रिपोर्ट:** लोकसभा में गुरुवार को पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियों के लिए जांचे गए एयर इंडिया समूह के 267 विमानों में से लगभग तीन-चौथाई विमानों में दोहराई जाने वाली खराबियां पाई गई हैं। राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा को गुरुवार को बताया कि पिछले साल जनवरी से अब तक छह निर्धारित एयरलाइंस के कुल 754 जांचे गए विमानों में से 377 विमानों में ऐसी दोहराई जाने वाली खराबियां पहचानी गई हैं।

## US ने अपने लोगों से कहा, जल्द ईरान से बाहर निकलें

■ **NBT रिपोर्ट: अमेरिका ने** ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह जारी की है। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को दी गई नई चेतावनी के कुछ घंटों बाद आई है। TOI के अनुसार, यह सलाह ऐसे समय दी गई है, जब ईरान हाल के महीनों में हुए बड़े प्रदर्शनों के असर से उबर रहा है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने असामान्य रूप से सख्त भाषा में कहा कि उड़ानों में बाधा आ सकती है।

### US-ईरान के बीच ओमान में बातचीत

**एपी, मस्कट (ओमान):** ओमान की मध्यस्थता में शुक्रवार को ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत हुई। ये बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हुई। ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने पहले ईरान के प्रतिनिधि अराघची से अलग मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से बातचीत की।

## बांग्लादेशः यूनुस के घर के बाहर प्रदर्शन

■ **आईएएनएस, ढाका:** बांग्लादेश में 9वें राष्ट्रीय पे ग्रेड को तुरंत लागू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक आवास 'जमुना' के पास जमा हो गए, जिससे तनाव बढ़ गया। हालात संभालने के लिए सुरक्षा बलों ने बैरिकेडिंग की और पुलिस ने वाटर कैनन और साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे सिर्फ वेतनमान संशोधन की मांग कर रहे हैं।






CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJK2 User: ajay.karekar@timesofindia.com Time: 02-06-2026 21:36 Color:

Raymond | REALTY
*Go Beyond*

MahaRERA website viz
maharera.mahaonline.gov.in
PR1170002501904
PR1170002501878

LAUNCHING

# THE ADDRESS BY GS

— WADALA —

## द क्राउन ऑफ़ सोबो-सेंट्रल।

अपनी सबसे बेहतरीन **'ज्वेल'** के साथ। यहाँ है आलिशान ७-लेवल क्लबहाउस।

हर जगह को पारंपरिक सम्मान देने की ज़रूरत होती है।
हर इमारत अपनी एक अलग पहचान की हकदार होती है। द एड्रेस बाय जीएस के साथ,
हमने सिर्फ़ एक लैंडमार्क नहीं बनाया; हमने नए सोबो-सेंट्रल को क्राउन पहनाया है।


शहर की सबसे ख़ास जगह पर साउथ का वही अंदाज़ लाकर,
हमने नक़्शे को फिर से परिभाषित किया है।

वडाला को अपनी मंज़िल मिल गयी है। अब यह तलाश यहीं ख़त्म होती है।

आपके आशियाने की खूबियों पर एक नज़र

- ईस्टर्न फ्री वे के सामन वडाला मोनोरेल के पास
- ३१ - मंज़िला निर्माण जो ५.६२ एकड़ में फ़ैला है
- १.७० लाख वर्ग फुट में ह मनोरंजन की दिलचस्प जगहें
- क्लब हाउस ४५,००० वर्ग फुट में फैला हुआ है
- ७० से ज़्यादा ख़ास लाइफस्टाइल सुविधाएं

2 & 3 BED LUXURY HOMES STARTING AT
₹ **2.39 CR.*** (ALL INCL.)




सेल्स गैलरी: द एड्रेस बाय जीएस, मोनोरेल डिपो के पास, वडाला

**022 6868 5566**

the baya company
details make a difference

The Project "The Address by GS" is registered under MahaRERA.
Disclaimer: All images are strictly for illustrative and representational purposes only. The specifications, pictures, images, aesthetics, features, views, amenities, facilities, and surroundings shown or mentioned form part of the projects and are solely for representational, illustrative, and indicative purposes. The terms and conditions to be incorporated in the Sales Document shall supersede all the aforesaid representations. Features, fixtures, fittings, goods, accessories, furniture, and any other information reflected or displayed in the images are strictly for illustrative and representational purposes only and do not form part of the standard final amenities and finishes. Actual amenities may vary in planning and upon actual construction. Amenities are proposed for the entire project. The appearance of landscapes will depend on seasonal changes and weather conditions. The representation of plants, trees, plantations, and flowers in the images are shown as fully grown in healthy conditions; the actual growth period may vary depending on the type and species. The colors, shades, patterns, and finishing materials shown in the landscape, walls, tiles, façade, etc. are for representation purposes only and may vary upon actual construction. 5.62 Acres is approximately 22,744 sq.mtr *Other terms and conditions apply. Date of Release: February 2026

thoughtrains raymond 060226

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJHK3 User: ccl Time: 02-06-2026 23:22 Color:

महानगर > मुंबई > शनिवार, 7 फरवरी 2026 > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 32 > मूल्य ₹6.00 > पेज 18 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



चुनाव आयोग ने दायर किया सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

▶देखें अंदर



परीक्षाएं त्योहारों की तरह है, उनका उत्सव मनाएं: मोदी

▶देखें अंदर

॥ जय माँ शीतला ॥ ॥ श्री जगदीश्वरये नमः ॥ ॥ श्री गणपतये नमः ॥


## श्री जगदीश्वरी मंदिर ट्रस्ट (रजि.)

नेन्सी कॉम्प्लेक्स, संत ज्ञानेश्वर मार्ग, बोरिवली पूर्व, मुंबई - 400 066

# श्री जगदीश्वरी ब्रह्म कलशोत्सव

DGS GROUP®
BUILDERS & DEVELOPERS
CREATING LANDMARKS





ESTD. 1976
SHREE JAGDESHWARI TEMPLE TRUST
(Regd.)
पुनर स्थापना 05/02/2026

स्मृतीप्रित्यर्थ
**स्व. श्री. दुधनाथ गिरधारी शुक्लाजी**
संस्थापक, डी जी एस ग्रुप

भक्तिभावने पुनर्विकास
**श्री. सुरज देव दूधनाथ शुक्लाजी**
व्यवस्थापकीय संचालक, डी जी एस ग्रुप

IN MEMORY OF
LATE SHRI DUDHNATH GIRDHARI SHUKLA JI
FOUNDER, DGS GROUP

REDEVELOPED WITH DEVOTION BY
SHRI SURAJDEV DUDHNATH SHUKLAJI
MD, DGS GROUP

ಸ್ಮರಣಾರ್ಥ
ದಿವಂಗತ ಶ್ರೀ ದುಧ್ನಾಥ್ ಗಿರ್ಧಾರಿ ಶುಕ್ಲಾ ಜಿ
ಸಂಸ್ಥಾಪಕರು, ಡಿಜಿಎಸ್ ಗ್ರೂಪ್
ಭಕ್ತಿಯಿಂದ ಪುನರ್ ಅಭಿವೃದ್ಧಿಪಡಿಸಿದವರು
ಶ್ರೀ ಸೂರಜ್‌ದೇವ್ ದುಧ್ನಾಥ್ ಶುಕ್ಲಾ
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು, ಡಿಜಿಎಸ್ ಗ್ರೂಪ್

DGS GROUP®
BUILDERS & DEVELOPERS
CREATING LANDMARKS

## ~ कार्यक्रम ~

**3 फरवरी 2026 (मंगलवार)**
देवता स्थापना, गणपति याग, वेद पारायण, मूल पूजन आदि समाहित

**4 फरवरी 2026 (बुधवार)**
भू-पूजन, वास्तु / नवग्रह / वायु हवन, रक्षा कवच, कलश स्थापना


**5 फरवरी 2026 (गुरुवार)**
प्राणप्रतिष्ठा, राष्ट्रशांति, सर्वकल्याण भावना


**6 फरवरी 2026 (शुक्रवार)**
देवी श्रृंगार, अभिषेक, विशेष पूजा

**7 फरवरी 2026 (शनिवार)**
अन्नदान भावना, पूजन, कलश अभिषेक

**8 फरवरी 2026 (रविवार)**
पंचामृत अभिषेक, जप, यज्ञ, महासिद्धि

**9 फरवरी 2026 (सोमवार)**
समापन, पूर्णाहुति, भव्य प्रसाद वितरण





## माँ जगदेश्वरी मंदिर का पुनः भव्य निर्माण

# DGS परिवार द्वारा

श्रद्धा, सेवा और समर्पण भाव से सम्पन्न किया गया।

## यह कार्य केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और सनातन संस्कृति के पुनर्जीवन का संकल्प है।

**सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार दर्शन हेतु सादर आमंत्रण।**

## आयोजक :
# DGS परिवार

Sheetal Regalia, Nancy Colony, Borivali East

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMJHK4 User: cci Time: 02-06-2026 23:14 Color:



## जालंधर में AAP नेता की हत्या

■ भाषा, चंडीगढ़ : आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को जालंधर के मॉडल टाउन में एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब 43 साल के ओबेरॉय अपनी एसयूवी में गुरुद्वारे से निकल रहे थे। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जब ओबेरॉय गुरुद्वारे से बाहर आए और गाड़ी में बैठे तो काले रंग की हुडी पहने एक हमलावर पैदल उनके पास आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद अपने साथी के साथ भाग गया, जो थोड़ी दूरी पर स्कूटर पर उसका इंतजार कर रहा था।


लक्की ओबेरॉय

सहायक पुलिस आयुक्त (जालंधर) परमिंदर सिंह ने बताया कि ओबेरॉय पर कई गोलियां चलाई गईं। उन्हें अचेत अवस्था में एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया।

# मोदी ने कहा- परीक्षाएं त्योहारों की तरह हैं, उनका उत्सव मनाएं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देशभर के छात्रों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोर्ड परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों पर बातचीत की। छात्रों ने परीक्षा से जुड़े तनाव और घबराहट को पीछे छोड़ परीक्षा की तैयारी पर प्रधानमंत्री से महत्वपूर्ण टिप्स हासिल किए।

पीएम ने कहा कि परीक्षाएं त्योहारों की तरह होती हैं, उनका उत्सव मनाएं। छात्रों को एआई का समझदारी से प्रयोग करना चाहिए। शिक्षा केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए है, परीक्षाएं स्वयं की परीक्षा लेने के लिए होती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। छात्र को इसमें पूरी तरह शामिल होना चाहिए। आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। हमें सिर्फ मार्क्स पर नहीं बल्कि जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए।

पीएम ने कहा कि गेमिंग केवल रुचि नहीं, बल्कि कौशल भी है। स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति से जुड़ी पौराणिक कहानियों पर आधारित गेम विकसित करने चाहिए, लेकिन डेटा सस्ता होने की वजह से केवल मस्ती के लिए गेमिंग नहीं करनी चाहिए। सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कानून बनाया है।

### स्टूडेंट्स के सवाल पर कहा, अपने पैटर्न पर भरोसा रखें

छात्रों ने सवाल किया कि परीक्षा के समय अलग-अलग पैटर्न से पढ़ाई करने के सुझाव से कन्फ्यूजन हो जाती है कि कौन सा पैटर्न सही है? इस पर पीएम ने कहा कि अपने पैटर्न पर भरोसा रखें और उसे फॉलो करें, इसके साथ ही आपके पास आने वाले सभी सुझावों को भी ध्यान में रखें। पीएम ने परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण को लेकर कहा कि जैसे परीक्षा पर चर्चा जब शुरू किया गया था, तब एक पैटर्न था। अब 'परीक्षा पे चर्चा' में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपनी मूल शैली को नहीं छोड़ा।

**PM ने AI पर भी दी सलाह**


पीएम ने छात्रों से कहा कि आप लोग भाग्यशाली हैं कि आपको मौजूदा दौर में इतनी बेहतर टेक्नॉलजी का अवसर मिला है, जो मेरे जमाने में नहीं था। उसका सही उपयोग करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर एआई से पूछें कि बेस्ट बायोलजी बताए तो वह पैसा कमेगा, फिर बाजार में जाइए और उसमें से किताब खरीदिए तो एआई आपके काम आया।

- परीक्षा पे चर्चा का 9वां संस्करण, पीएम मोदी ने छात्रों को दिए टिप्स।
- पढ़ाई, कौशल, आराम और शौक में संतुलन ही विकास की कुंजी।
- मोदी ने कहा- एआई का उपयोग समझदारी से करें।

### वाह चाय वाले को चाय!

सिक्किम की एक छात्रा ने उन्हें 'चाय' भेंट की, जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा कि 'चाय वाले को चाय'। एक छात्रा उनका स्केच लेकर आई। उत्तराखंड का एक छात्र पीएम मोदी के लिए खास तरह की टोकरी लेकर आया, जिसका धार्मिक महत्व है।

### गेम पर कहा...



'पंचतंत्र पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर के लोगों को अच्छा लगेगा, फिर घर के लोग आईडिया देना शुरू करेंगे। हनुमान जी वाली कथा पर गेम बनाने के बारे में सोचें, घर वाले यह भी कहेंगे कि अभिमन्यु वाली घटना पर गेम बनाओ, कैसे अभिमन्यु बाहर निकलेगा? तो आपको नए-नए आइडियाज आएंगे। गेमिंग में आपकी रुचि है तो यह अच्छी चीज है। आप संकोच मत कीजिए।'

### कहा- जीवन में संतुलन जरूरी है

पीएम ने कहा कि जीवन में संतुलन आवश्यक है, चाहे वह खाने और सोने के बीच हो, पढ़ाई और खेलने के बीच हो या कौशल और अंकों के बीच हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक तरफ बहुत अधिक झुकाव असंतुलन पैदा करता है, जबकि उचित संतुलन स्थिरता सुनिश्चित करता है।

उन्होंने समझाया कि कौशल दो प्रकार के होते हैं, जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल और दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा के बिना कोई भी कौशल विकसित नहीं हो सकता और कौशल की शुरुआत ज्ञान से होती है।

### भारत की समृद्ध कहानियों पर गेम बनाने की दी सलाह

एक छात्र ने पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित करने के सामाजिक दबाव के बावजूद गेमिंग में अपना भविष्य बनाने के बारे में सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने समझाया कि माता-पिता को शुरुआत में संदेह होता है, लेकिन सफलता मिलने पर वे गर्व महसूस करते हैं और जश्न मनाते हैं। उन्होंने छात्र को पंचतंत्र या पौराणिक कथाओं जैसी भारत की समृद्ध कहानियों पर आधारित गेम बनाकर गेमिंग में अपनी रुचि को रचनात्मक रूप से इस्तेमाल करने और पहचान हासिल करने के लिए उन्हें सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गेमिंग एक ऐसा कौशल है, जिसमें गति और सतर्कता की आवश्यकता होती है, जो आत्म-विकास में योगदान देता है। पीएम ने गेमिंग में जुए के खिलाफ चेतावनी दी। यदि ध्यान, संतुलन और नैतिक मूल्यों के साथ अपनाया जाए तो गेमिंग एक उपयोगी कौशल और करियर का रास्ता बन सकता है।

# चुनाव आयोग ने UP में SIR की तारीख बढ़ाई

## SIR की प्रक्रिया शुरू होने के बाद उत्तर प्रदेश में तीसरी बार तारीख आगे बढ़ाई गई है

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: UP में SIR के बाद जारी की गई ड्राफ्ट लिस्ट पर दावे और आपत्तियों की तारीख चुनाव आयोग ने एक महीने और आगे बढ़ा दी है। अब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर 6 मार्च तक आपत्ति की जा सकेगी। वहीं, इस तारीख तक जो वोटर बनने के लिए आवेदन करेगा उसका नाम भी अंतिम वोटर लिस्ट में शामिल होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) नवदीप रिणवा ने बताया कि अब अंतिम वोटर लिस्ट 6 मार्च के बजाय 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

SIR की प्रक्रिया शुरू होने के बाद यूपी में तीसरी बार तारीख बढ़ी है। 27 मार्च तक नोटिस और उस पर सुनवाई की प्रक्रिया चलेगी। पहले 27 फरवरी तक सीमा तय की गई थी। CEO ने बताया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल 3.26 करोड़ वोटरों को नोटिस भेजी जानी है। अब तक 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट की गई हैं और 86.27 लाख लोगों तक नोटिस पहुंची है, जिनमें 30.30 लाख की सुनवाई हो चुकी है। यह संख्या नोटिस के दायरे में आने वालों की लगभग 9% है। 6 जनवरी को ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद 37.80 लाख फॉर्म 6 वोटर बनने के लिए आए हैं, वहीं, 9.50 लाख से अधिक फॉर्म 8 एंट्री में सुधार के लिए मिले हैं। पिछले दिनों राजनीतिक दलों की बैठक में दलों की ओर से भी अवधि बढ़ाने का सुझाव दिया गया था।


**प्रक्रिया जारी** उत्तर प्रदेश में SIR को लेकर 9.50 लाख से अधिक फॉर्म-8 एंट्री में सुधार के लिए मिले हैं।

### फॉर्म 7 आने के दावे सही नहीं

CEO ने विपक्ष सहित अन्य राजनीतिक दलों के उन दावों को गलत बताया है, जिसमें फर्जी ढंग से नाम काटे जाने के लिए लाखों फॉर्म 7 जमा किए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अब तक केवल 82,684 फॉर्म 7 जमा हुए हैं। इन पर भी सुनवाई के आधार पर नाम काटे या रखे जाने का फैसला लिया जाएगा। फॉर्म 7 में जिसके खिलाफ आपत्ति की गई है उसका नाम और वोटर आईडी और आपत्ति किए जाने का विवरण भी अनिवार्य है। दोनों को ही सुनवाई के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। भारी संख्या में जमा किए जाने और नाम काटे जाने की शिकायतें सही नहीं हैं।

**चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा**

## 'बंगाल में SIR प्रक्रिया में लगे अधिकारियों के साथ हो रही हिंसा, दी जा रही धमकी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया के दौरान चुनाव ड्यूटी निभा रहे अधिकारियों के साथ कथित रूप से हुई हिंसा, डराने-धमकाने और कार्य में बाधा डालने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। आयोग (ECI) ने आरोप लगाया है कि चुनाव अधिकारियों के खिलाफ दी जा रही धमकियों पर कार्रवाई करने और/या बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) की शिकायतों पर प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने में राज्य मशीनरी की ओर से अनिच्छा दिखाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल ही एकमात्र राज्य है, जहां SIR ड्यूटी कर रहे चुनाव अधिकारियों को इस तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया काफी सुचारू रूप से चल रही है। ECI ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर डर का माहौल बनाने वाले और भड़काऊ भाषण देने का भी आरोप लगाया है। आयोग का कहना है कि इन भाषणों का प्रभाव यह पड़ा है कि चुनाव अधिकारियों के बीच इतना भय और दहशत का वातावरण बन गया कि कुछ अधिकारियों ने SIR ड्यूटी से खुद को हटाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) को पत्र लिखे हैं। ECI ने ये सभी दावे सुप्रीम कोर्ट में दाखिल उस जवाबी हलफनामे में किए हैं। जिस याचिका में अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन तक राज्य पुलिस अधिकारियों को ECI के अधीन तैनात करने के निर्देश देने की मांग की गई है।



### कहा, राज्य का सहयोग आवश्यक है

ECI ने रेखांकित किया है कि बंगाल के CEO देश के एकमात्र ऐसे निर्वाचन अधिकारी हैं जिन्हें भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा खतरे के आकलन के बाद 'Y+' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। मसौदा मतदाता सूची में राज्य में 58 लाख पंजीकृत मतदाताओं को अनुपस्थित, मृत या स्थानांतरित के रूप में चिह्नित किया गया है। मतदाताओं की स्थिति का पता लगाने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा लगभग 1.51 करोड़ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। राज्य का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अब सोमवार को सुनवाई होगी।

## BRS विधायकों की अयोग्यता पर फैसले का मौका

■ भाषा, नई दिल्ली : SC ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम मौका देते हुए शुक्रवार को कहा कि यदि वह (अध्यक्ष) कांग्रेस में शामिल हुए बीआरएस के 10 विधायकों की दलबदल संबंधित शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर निर्णय लेने में विफल रहते हैं तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने विधायकों द्वारा दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए यह बात कही। न्यायमूर्ति करोल ने अध्यक्ष की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा, 'हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इसका तमाशा न बनाएं। यही हो रहा है। ऐसा न करें।' उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह की चीजें अब एक नया 'ट्रेंड' बनती जा रही हैं, जो उचित नहीं है। सिंघवी ने कहा कि एक मामले में फैसला लिया जा चुका है, जबकि अध्यक्ष दो अन्य मामलों में फैसला लेने वाले हैं।

**SIR पर जारी कुल नोटिस के 9% पर हुई सुनवाई।**

## फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक और टीम के खिलाफ FIR दर्ज

■ भाषा/ आईएएनएस, लखनऊ/ नई दिल्ली/अयोध्या : यूपी की राजधानी लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली पुलिस ने फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक और उनकी टीम के खिलाफ एक जाति विशेष को अपमानित करने और वैमनस्यता फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। हजरतगंज कोतवाली के एसएचओ विक्रम सिंह ने गुरुवार को खुद यह प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, फिल्म से लोगों में नाराजगी फैल सकती है और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है।

**मायावती ने की निंदा :** बहुजन समाज पार्टी (BSP) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने फिल्म 'घूसखोर पंडत' में ब्राह्मण समाज के कथित अपमान की निंदा की है और मांग की है कि इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए।

**VHP ने कहा- सरकार मामले को देखे:** VHP ने 'घूसखोर पंडत' के खिलाफ आपत्ति जताते हुए इसे समाज के 'सबसे सम्मानित' वर्ग पर हमला बताया। वहीं, देश के प्रमुख धार्मिक संतों और महंतों ने इस पर तीखी आपत्ति जताई है। अयोध्या के महंत सीताराम दास जी महाराज, महंत डॉ. देवेशाचार्य जी महाराज और संत अभिराम दास जी महाराज ने कहा कि किसी एक समुदाय को निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।


PTI
फिल्म के खिलाफ प्रयागराज में प्रदर्शन।

### फिल्म का टीजर हटाने को कहा है: BJP

■ भाषा, नई दिल्ली : बीजेपी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने ओटीटी प्लैटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर और अन्य प्रचार सामग्री सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहा है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने 'एक्स' पर कहा कि केंद्र के त्वरित और प्रभावी निर्णय का हार्दिक अभिनंदन। सनातन धर्म का अपमान अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**गुड न्यूज**


# मुंबई से आया क्रूज, यमुना की लहरों पर गोवा जैसा मजा

**दिल्ली की धड़कनों के बीच बहती यमुना अब सिर्फ पानी की धारा नहीं, बल्कि सैर, संस्कृति और सुकून का नया ठिकाना बनने जा रही है। मुंबई से चलकर दिल्ली पहुंचा खास क्रूज नदी की सतह पर तैरता हुआ शहर को एक अलग नजर से देखने का मौका देगा। यह 20 फरवरी के आसपास लॉन्च होगा और राजधानी को पहली बार गोवा जैसी सैरगाह का अनुभव देगा:**



वजीराबाद बैराज से जगतपुर शनि मंदिर तक 7-8 किलोमीटर लंबा होगा यह सफर। इसके लिए वजीराबाद में एक जेटी तैयार की गई है।

क्रूज आधुनिक सोलर इलेक्ट्रिक हाइब्रिड तकनीकी पर आधारित होगा, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा। मॉनसून के दौरान क्रूज को सुरक्षा कारणों से नहीं चलाया जाएगा।



Photos : PTI



एक बार में क्रूज में कुल 40 लोग सवार हो पाएंगे। एक फेरा पूरे एक घंटे का होगा। जहां से सफर शुरू करेगा, यात्रियों को वहीं पर उतारेगा।

## म्यूजिकल गार्डन : फूलों ने छेड़ दी सुरों की तान!


Shailesh Jadhav

मुंबई के ऐतिहासिक जीजामाता उद्यान में एनुअल फ्लावर शो। गेंदे और मखमली फूलों से सजे ये तबला, हारमोनियम और शहनाई प्रकृति की गोद में किसी मधुर शास्त्रीय महफिल का अहसास करा रहे हैं। पंखुड़ियों के रूप में संगीत की स्वर लहरियां जीवंत हो उठी हैं।

### विचार

कुछ लोग हमेशा किसी खूबसूरत जगह की तलाश में भटकते रहते हैं। और कुछ लोग जहां जाते हैं, उसी जगह को अपनी मौजूदगी से खूबसूरत बना देते हैं।
– हजरत इनायत खान
(Hazrat Inayat Khan)

### ज़रा हंस लें



**मरीज:** डॉक्टर साहब, मुझे सब कुछ दो-दो दिखाई देता है।
**डॉक्टर :** (आराम से) कोई बात नहीं, पहले आप सामने वाली इस एक कुर्सी पर बैठ जाइए।
**मरीज:** कौन सी वाली पर?

### कविता

**हौसला जिद पर अड़ाए**



इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं
विफलताएं मेरे रक्त का स्तर बढ़ाएं,
पर हौसला मुझे जिद पर अड़ाए,
मिलेगी मंजिल – मन को यही सुझाए,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
लिया है जो संकल्प,
उसे पूरा कर दिखाएं,
चाहे जीवन में कितनी भी बाधाएं आएं,
हम अपने लक्ष्य से ना डगमगाएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
माता-पिता की भी यही है दुआएं,
हम जीवन में जो चाहें वो पाएं,
उनका नाम रोशन करने को
और हम भी
कदम बढ़ाएं और कर्तव्य निभाएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।
मेहनत से नसीब खुद ही बनाएं,
किस्मत के भरोसे न बैठे रह जाएं,
कहीं फिर वक्त बीते और हम पछताएं,
इतनी आसानी से हम कैसे हार जाएं।

– चंदर कुमार,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# नौकरी छोड़ी, 40 साल से चैंपियन गढ़ रहे, अब मिला लाइफटाइम अवॉर्ड



**1200** से अधिक युवा नाविकों को प्रशिक्षण दिया है हुसैनसागर के संजीवैया पार्क स्थित इस क्लब ने अब तक

**254** राष्ट्रीय पदक और 28 अंतरराष्ट्रीय सम्मान जीते हैं जिन्होंने मिलकर

**1000** रुपये से भी कम कमाते हैं युवा नाविकों के माता-पिता। दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक हैं



Ajay.Tomar@timesofindia.com

■ हैदराबाद: हैदराबाद याट क्लब के संस्थापक अध्यक्ष और अनुभवी नाविक सुहैम शेख को हाल ही में भारतीय यॉटिंग संघ (YAI) द्वारा खेल में उनके 40 वर्षों के योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

शेख ने कहा कि यह पुरस्कार खास तौर पर विशेष लगता है, क्योंकि यह सम्मान उनके साथियों की ओर से मिला है। उन्होंने कहा, 'मैंने करीब 10 या 12 साल की उम्र में नौकायन शुरू किया था। तब से यह खेल मेरी जिंदगी का लगातार हिस्सा रहा है, एक नाविक के रूप में भी और एक प्रशासक के रूप में भी।'

### सॉफ्टवेयर करियर छोड़ा

शेख ने 2009 में अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए सॉफ्टवेयर करियर छोड़कर हैदराबाद याट क्लब की स्थापना की। हुसैनसागर के संजीवैया पार्क स्थित इस क्लब ने अब तक 1,200 से अधिक युवा नाविकों को प्रशिक्षण दिया है, जिन्होंने मिलकर 254 राष्ट्रीय पदक और 28 अंतरराष्ट्रीय सम्मान जीते हैं।

शेख ने बताया, 'किसी भी समय क्लब में लगभग 100 युवा नाविक प्रशिक्षण लेते हैं, और नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने का काम लगातार चलता रहता है।'

उन्होंने साझा किया कि सभी नाविक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, जिनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक हैं या रोज 1,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। क्लब केवल प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि छात्रों की पढ़ाई, पोषण और स्वास्थ्य खर्च में भी मदद करता है।

हाल ही में दो युवा नाविक सिद्दिपेट के 15 वर्षीय लाहिरी कोमरावल्ली और सूर्यापेट के 14 वर्षीय एसवा सुगानी एशियाई खेलों के मजबूत दावेदार बनकर उभरे हैं। दोनों ने चयन की पहली दो ट्रायल जीत ली हैं। दोनों बेहद कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं।

मुंबई में एशियन गेम्स ट्रायल से बात करते हुए लाहिरी ने अपने कोच की तारीफ करते हुए कहा, 'सुहैम सर हमें बेहतरीन प्रशिक्षण देते हैं। अगर हमें पहली बार में समझ नहीं आता, तो वे तब तक अभ्यास करवाते हैं जब तक हम सीख नहीं लेते। 40 साल का अनुभव बहुत होता है, और वे इस उपलब्धि के हकदार हैं। मैं उनके लिए बहुत खुश हूं, और इससे हमें प्रतियोगिताओं में बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।'

ओलिंपिक श्रेणी 49er FX में नाविक धारणी और तनुजा दूसरे स्थान पर रहीं और एशियाई खेलों के लिए रिजर्व के रूप में चुने जाने की राह पर हैं। दोनों राष्ट्रीय चैंपियन हैं और नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती हैं।


### क्लब की ताकत दोगुनी करना चाहते है

भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए अनुभवी नाविक ने कहा कि क्लब अगले साल अपनी संख्या बढ़ाकर 200 नाविक करने का लक्ष्य रखता है। उन्हें राष्ट्रीय नौकायन चैंपियनशिप आयोजित कराने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, जो 7 फरवरी से मुंबई में होगी।

शेख ने TOI से कहा, 'किसी भी खेल को बढ़ाने का एक ही तरीका है, ज्यादा खिलाड़ी होना। हमारा ध्यान भागीदारी बढ़ाने और बड़े स्तर पर नौकायन को आगे ले जाने पर है।' उन्होंने जेट्टी, बोट शेड, जिम सुविधाएं और कार्यालय स्थान जैसी आधारभूत सुविधाओं के लिए तेलंगाना सरकार का धन्यवाद किया और भारतीय यॉटिंग संघ की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रणाली की भी सराहना की।

## NBT जन्मदिन मुबारक

**प्रकाश करात**



7 फरवरी 1948 को जन्मे प्रकाश करात 2005 से 2015 तक सीपीएम के जनरल सेक्रेटरी रहे। Ph.D. करने के दौरान वह JNUSU के तीसरे प्रेजिडेंट चुने गए थे।

**किदांबी श्रीकांत**



7 फरवरी 1993 को जन्मे किदांबी श्रीकांत इंडियन बैडमिंटन प्लेयर हैं। 2018 में प्रकाश पादुकोण के बाद वह वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने।

**दीपिका ठाकुर**



दीपिका ठाकुर का जन्म 7 फरवरी 1987 को हुआ था। वह महिला हॉकी टीम की डिफेंडर हैं। 200 से ज्यादा मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक 24 गोल किए हैं।

**शिखा सिंह शाह**



शिखा सिंह शाह का जन्म 7 फरवरी 1986 को हुआ था। उन्होंने कुमकुम भाग्य, ना आना इस देस लाडो, महाभारत जैसे शोज से खास पहचान बनाई है।

मुंबई > शनिवार, 7 फरवरी 2026 > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WA




# आज से क्रिकेट का अल्टीमेट रोमांच



**दुनिया की 20 धुरंधर टीमें आज से अगले 30 दिनों तक क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनने का ख्वाब लिए एक दूसरे से टकराएंगी। भारत और श्रीलंका की मेजबानी में हो रहे इस टूर्नामेंट में 55 मुकाबलों के बाद दुनिया को एक विश्व विजेता मिलेगा। तो अल्टीमेट रोमांच के लिए हो जाइए तैयार, शुरू होने जा रही है DHURनDHAR (धुरंधर) की जंग।**

## क्यों खास है यह वर्ल्ड कप

### दशक बाद लौटा टूर्नामेंट

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन करीब एक दशक बाद भारत में वापसी कर रहा है। आखिरी बार भारत ने टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी साल 2016 में की थी, तब वेस्टइंडीज ने खिताब जीता था। साल 2020 में भी भारत को मेजबानी मिली थी, लेकिन कोरोना के कारण टूर्नामेंट 2021 में यूएई और ओमान में खेला गया।

### IPL के पहले आयोजन

ऐसा पहली बार होगा जब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के पहले टी20 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है। ICC के कार्यक्रम में अमूमन टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन IPL के बाद ही होता था, जिससे प्लेयर्स को अच्छा अभ्यास मिल जाता था। जल्दी आयोजन की वजह से इस टी20 वर्ल्ड कप में कंडिशंस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। ओस का फैक्टर अहम हो जाएगा।

### नहीं होगा 'महामुकाबला'



किसी भी ICC इवेंट में 'महामुकाबले' का रुतबा हासिल कर चुके भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन पर इस बार संशय के बादल छा गए हैं। भारत के खिलाफ मैच का यदि पाकिस्तान बहिष्कार जारी रखता है तो तकरीबन 14 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप में ऐसा होगा जब ग्रुप स्टेज में 'महामुकाबला' नहीं होगा। आखिरी बार 2010 टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में दोनों का सामना नहीं हुआ था।

### फुटबॉल चैंपियन की एंट्री

फुटबॉल-प्रेमी देश इटली पहली बार किसी ICC वर्ल्ड कप का हिस्सा बनने जा रहा है। इटली ने कुल चार बार फीफा वर्ल्ड कप जीता है। टी20 वर्ल्ड कप में उतरते ही इटली क्रिकेट के इस महाकुंभ में उतरने वाला सिर्फ दूसरा फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन होगा। इटली के अलावा इंग्लैंड ही इकलौता देश है, जिसने फीफा वर्ल्ड कप जीता है और लगातार ICC वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया है।

### टीम इंडिया में 60% लेफ्टी

भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर टीम में बाएं हाथ के प्लेयर्स पर बहुत भरोसा जताते रहे हैं। इस बार चुने गए भारतीय वर्ल्ड कप स्क्वॉड में 15 में से 9 प्लेयर लेफ्टी हैं। यह कुल प्लेयर्स का 60 प्रतिशत है। किसी भी टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए इतने लेफ्टी स्क्वॉड में नहीं चुने गए। भारतीय दल में साल 2007 में चार, 2009 में छह, 2010 में पांच, 2012 में पांच, 2014 में चार, 2016 में पांच, 2021 में तीन, 2022 में तीन और 2024 में सात बाएं हाथ के प्लेयर्स थे।



### ना रोहित, ना कोहली

रोहित शर्मा और विराट कोहली साल 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इस फॉर्मेट से रिटायर हो गए थे। ऐसे में इस बार का वर्ल्ड कप इन दो दिग्गजों के बिना ही होगा। आखिरी बार 2007 वनडे वर्ल्ड कप बिना रोहित या विराट की मौजूदगी के हुआ था। उसके बाद सभी ICC टूर्नामेंट में विराट या रोहित में से किसी एक की मौजूदगी रही है। यह क्रम 2007 टी20 वर्ल्ड कप से शुरू हुआ था।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFL2 User: cci Time: 02-06-2026 23:01 Color:

WORLD CUP अल्टीमेट रोमांच

# T20 में सुपर-20 की महाजंग

टी20 वर्ल्ड कप का 10वां एडिशन आज से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है। बीस-बीस ओवर्स की इस महाजंग में शामिल होने जा रही दुनिया की 20 सुपर टीमों पर एक नजर-

**साल 2025 में टी20I रेकॉर्ड** — मैच खेले | जीते | हारे | नो रिजल्ट | ICC टी20 रैंकिंग्स

## GROUP A

### भारत
ICC रैंकिंग: 1 | मैच खेले: 21 | जीते: 16 | हारे: 3 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
टीम लगातार दूसरे और कुल तीसरे खिताब की प्रबल दावेदार होगी। वर्ल्ड रैंकिंग्स में टॉप पर है और टीम में मैच विनर्स की भरमार है।

**स्टार प्लेयर**
सूर्यकुमार यादव: पिछले वर्ल्ड कप फाइनल में मैच पलट देने वाला कैच लपकने वाले सूर्यकुमार टीम की कमान संभालेंगे। वह लय में लौट आए हैं।

### नामीबिया
ICC रैंकिंग: 15 | मैच खेले: 12 | जीते: 9 | हारे: 3

**खास बात**
टीम ने 2021, 2022 और 2024 में टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई किया है। साल 2027 के टी20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबानों में नामीबिया भी है।

**स्टार प्लेयर**
गेरहार्ड इरास्मस: लगातार चौथे टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कमान संभाल रहे इरास्मस ने पिछले साल अक्टूबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20I में नामीबिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।



### नीदरलैंड्स
ICC रैंकिंग: 13 | मैच खेले: 11 | जीते: 5 | हारे: 5 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
साल 2009 में अपने डेब्यू पर ही इंग्लैंड को हराकर सनसनी फैला दी थी। 2022 में साउथ अफ्रीका को बाहर किया था। टीम का छठा वर्ल्ड कप है।

**स्टार प्लेयर**
स्कॉट एडवर्ड्स: इनकी अगुआई में ही टीम ने पिछले दो वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को हराया था। अनुभवी प्लेयर्स में से एक स्कॉट विकेटकीपर बैटर हैं।

### पाकिस्तान
ICC रैंकिंग: 6 | मैच खेले: 34 | जीते: 21 | हारे: 13

**खास बात**
2009 की चैंपियन 'अंडर डॉग' के तौर पर उतरेगी। फहीम अशरफ, शादाब खान, मो. नवाज के रूप में कुछ अच्छे ऑलराउंडर्स हैं।

**स्टार प्लेयर**
बाबर आजम: टी20I में सर्वाधिक रन बनाने वाले बाबर पर सारा फोकस रहेगा। पिछले कुछ समय में खास प्रदर्शन नहीं, पर उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

### अमेरिका
ICC रैंकिंग: 18 | मैच खेले: 9 | जीते: 8 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
लगातार दूसरा टी20 वर्ल्ड कप होगा। 2024 में सुपर-8 तक का सफर तय किया। इस दौरान सात मैच में उसने दो जीत भी हासिल की।

**स्टार प्लेयर**
सौरभ नेत्रवलकर: पिछले टी20 वर्ल्ड कप में अमेरिकी टीम के सनसनी बनकर उभरे। सौरभ पर फिर होंगी निगाहें। भारतीय मूल के इस पेसर को यहां सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है।

## GROUP B

### ऑस्ट्रेलिया
ICC रैंकिंग: 2 | मैच खेले: 16 | जीते: 10 | हारे: 3 | नो रिजल्ट: 3

**खास बात**
वनडे की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के लिए 7 एडिशंस का इंतजार करना पड़ा। पहला टी20 खिताब 2021 में जीता।

**स्टार प्लेयर**
ट्रेविस हेड: तीनों फॉर्मेट में उपयोगिता साबित की है। बड़े मैचों में रनों की भूख बढ़ जाती है। 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल और 2023 WTC में शतकीय पारी खेल चुके हैं।

### आयरलैंड
ICC रैंकिंग: 11 | मैच खेले: 9 | जीते: 1 | हारे: 6 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
टीम ने टी20 वर्ल्ड कप के अपने डेब्यू मैच में ही बांग्लादेश को हरा दिया था। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में आयरलैंड एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था।

**स्टार प्लेयर**
पॉल स्टर्लिंग: आयरलैंड के सारे टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप में कुल 24 मैचों में 419 रन बनाए हैं। टी20I में आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 3798 रन बनाए हैं।



### श्रीलंका
ICC रैंकिंग: 8 | मैच खेले: 18 | जीते: 9 | हारे: 9

**खास बात**
टीम 2014 में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद लगातार चार एडिशंस के सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई। 2022 में 16 टीम में सातवें पर रही।

**स्टार प्लेयर**
वानिंदु हसरंगा: टी20 में 240 मैच में 2000+ रन बनाए हैं और 337 विकेट लिए हैं। वह टी20I बोलिंग रैंकिंग्स में छठे और ऑलराउंडर्स में 12वें पर हैं।

### जिंबाब्वे
ICC रैंकिंग: 12 | मैच खेले: 25 | जीते: 10 | हारे: 13 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
जिंबाब्वे ने अब तक नौ टी20 वर्ल्ड कप के छह संस्करणों में भाग लिया है। 2022 में सुपर-12 तक पहुंचना इस टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**स्टार प्लेयर**
सिकंदर रजा: कप्तान सिकंदर को दुनिया भर की टी20 लीग्स में खेलने का अनुभव है। वह ऑलराउंडर्स की टी20I रैंकिंग्स में दूसरे स्थान पर हैं।

### ओमान
ICC रैंकिंग: 20 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 7

**खास बात**
टीम ने डेब्यू टी20 वर्ल्ड कप मैच में आयरलैंड को हराया था। टीम वर्ल्ड कप के 10 में सिर्फ दो मैच ही जीत सकी है। पिछली बार आखिरी स्थान पर रही थी।

**स्टार प्लेयर**
जतिंदर सिंह: कप्तान जतिंदर ने ओमान के लिए 72 मैचों में 1605 रन बनाए हैं, जो सर्वाधिक है। टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक टी20I खेलने वाले प्लेयर भी हैं।

## GROUP C

### इंग्लैंड
ICC रैंकिंग: 3 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 5 | नो रिजल्ट: 2

**खास बात**
साल 2010 और 2022 की टी20 वर्ल्ड चैंपियन और एक बार की रनरअप रही टीम इस बार भी दावेदारों में शामिल है।

**स्टार प्लेयर**
हैरी ब्रूक: टीम की कमान युवा हैरी ब्रूक के हाथों में है। टी20 फॉर्मेट में उनका 150+ का स्ट्राइक रेट बताता है कि वह अपना दिन होने पर कितने विध्वंसक साबित हो सकते हैं।

### इटली
ICC रैंकिंग: 27 | मैच खेले: 3 | जीते: 2 | हारे: 1

**खास बात**
फुटबॉल का पावरहाउस माना जाने वाला इटली पहली बार किसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रहा है। क्वॉलिफायर्स में बेहतर रन रेट होने के कारण टीम यहां तक पहुंची।

**स्टार प्लेयर**
वेन मैडसेन: दुनिया भर की टी20 लीग में 219 मैच का अनुभव है। उन्होंने टी20 फॉर्मेट में कुल 5516 रन बनाए हैं। वेन मेस हट्रेड, वाइटैलिटी ब्लास्ट, एसए20 और पीएसएल में खेल चुके हैं।



### नेपाल
ICC रैंकिंग: 16 | मैच खेले: 17 | जीते: 12 | हारे: 4 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने जा रही है। साल 2024 में हुए वर्ल्ड कप में नेपाल एक भी मैच नहीं जीत सका था।

**स्टार प्लेयर**
दीपेंद्र सिंह ऐरी: दीपेंद्र 2000 टी20I रन पूरे करने वाले पहले नेपाली प्लेयर बन सकते हैं। इनके नाम टी20I में सबसे तेज (नौ बॉल में) फिफ्टी लगाने का रेकॉर्ड है।

### वेस्टइंडीज
ICC रैंकिंग: 7 | मैच खेले: 23 | जीते: 7 | हारे: 15 | नो रिजल्ट: 1

**खास बात**
टीम में जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेज और मैथ्यू फोर्ड जैसे हरफनमौला हैं। रोवमैन पॉवेल, हेटमायर जैसे बिग हिटर्स भी हैं।

**स्टार प्लेयर**
शिमरॉन हेटमायर: हेटमायर का प्रदर्शन टीम के लिए सबसे अहम होगा। बाएं हाथ का यह बैटर टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकता है।

### स्कॉटलैंड
ICC रैंकिंग: 14 | मैच खेले: 7 | जीते: 3 | हारे: 4

**खास बात**
क्वॉलिफाई ना कर पाने के कारण टीम का लगातार पांचवां टी20 वर्ल्ड कप खेलने का सपना टूट गया था, लेकिन बांग्लादेश के हटने से एंट्री मिल ही गई।

**स्टार प्लेयर**
जॉर्ज मन्सी: मन्सी दुनिया के उन 10 प्लेयर्स में हैं, जिन्होंने टी20I में 30+ औसत और 140+ स्ट्राइक रेट से 2000+ रन बनाए हैं। देश के लिए 100+ सिक्स लगा चुके हैं।

## GROUP D

### न्यूजीलैंड
ICC रैंकिंग: 4 | मैच खेले: 22 | जीते: 12 | हारे: 6 | नो रिजल्ट: 4

**खास बात**
टूर्नामेंट के पहले ही एडिशन में सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली इस टीम को अपने पहले खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
टिम सीफर्ट: सीफर्ट टीम में इस फॉर्मेट के सबसे खतरनाक नाम हैं। वह बैटर्स की टी20I रैंकिंग्स में टॉप-10 में शामिल इकलौते कीवी बल्लेबाज हैं।

### अफगानिस्तान
ICC रैंकिंग: 10 | मैच खेले: 15 | जीते: 8 | हारे: 7

**खास बात**
साल 2010 टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार मौका मिला। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में अफगान टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सभी को हैरान कर दिया था।

**स्टार प्लेयर**
राशिद खान: अफगानी टीम के पहले ग्लोबल स्टार हैं। वह सबसे कम उम्र में वनडे बोलिंग रैंकिंग्स में पहला स्थान हासिल करने वाले बोलर हैं। सबसे तेज 100 वनडे विकेट का रेकॉर्ड भी बनाया।



### यूएई
ICC रैंकिंग: 17 | मैच खेले: 23 | जीते: 11 | हारे: 12

**खास बात**
टीम कुल तीसरी बार मेंस टी20 वर्ल्ड कप में भाग लेगी। 2014 और 2022 में पहले ही राउंड में बाहर हो गई थी। इस बार भी राह आसान नहीं होगी।

**स्टार प्लेयर**
मुहम्मद वसीम: कमान मुहम्मद वसीम के पास है। उनके नाम टी20I में तीन शतक हैं। उन्होंने टी20I में 150+ स्ट्राइक रेट से तीन हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।

### साउथ अफ्रीका
ICC रैंकिंग: 5 | मैच खेले: 18 | जीते: 6 | हारे: 12


**खास बात**
इस फॉर्मेट के वर्ल्ड कप के हर एडिशन में भाग लेने वाली साउथ अफ्रीकी टीम को अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब का इंतजार है।

**स्टार प्लेयर**
एडेन मार्करम: मार्करम ICC वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका को जीत दिलाने वाले इकलौते कप्तान हैं। हालांकि, यह जीत उन्होंने 2014 में अंडर-19 वर्ल्ड कप में हासिल की थी।

### कनाडा
ICC रैंकिंग: 19 | मैच खेले: 17 | जीते: 13 | हारे: 4

**खास बात**
टी20 वर्ल्ड कप में कनाडा की यह दूसरी भागीदारी होगी। उन्होंने साल 2024 एडिशन में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने आयरलैंड को हराया था।

**स्टार प्लेयर**
दिलप्रीत बाजवा: मिडल ऑर्डर के हार्ड हिटिंग बैटर हैं। कुल 17 टी20I में स्ट्राइक रेट 133.22 है। चार फिफ्टी में 57 और 68 रन की उनकी दो पारियां क्रमशः 18 और 22 गेंदों पर थीं।



*सभी जीत-हार के आंकड़े 2025 में खेले गए मुकाबलों के हैं।

महानगर > मुंबई > शनिवार, 7 फरवरी 2026 > माघ 18, शक 1947, फाल्गुन कृष्ण षष्ठी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 32 > मूल्य ₹6.00 > पेज 18 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स






मैन ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी

## US ने अपने लोगों से कहा, जल्द ईरान से निकलें

▸p12





वैभव सूर्यवंशी का फाइनल मुकाबले में सुपर शो

# U-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप का सूर्योदय, अब T20 की बारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

फाइनल जैसे दबाव वाले मुकाबले में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन की विस्फोटक पारी खेल डाली, जिसने भारत को रेकॉर्ड छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। हरारे में खेले गए फाइनल मैच में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट पर 411 रन का स्कोर बनाया। टूर्नामेंट के इतिहास में यह पहला मौका था, जब किसी टीम ने फाइनल मैच में 400 या इससे ज्यादा रन बनाए हों। 412 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी इंग्लैंड टीम 40.2 ओवर में 311 रन बनाकर आउट हो गई। मुकाबले को 100 रन से जीतने वाली भारतीय टीम टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले 18 बरस के आयुष म्हात्रे मुंबई के ही हैं। उन्होंने फाइनल मैच में 53 रन सहित टूर्नामेंट में कुल 214 रन बनाए।

### वैभव ने जीते 2 अवॉर्ड


टूर्नामेंट के 7 मैचों में 439 रन बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी ने प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता। 80 बॉल में 175 रन की पारी के दौरान वैभव ने 15 फोर और 15 सिक्स जड़ दिए। महज 55 गेंद में सेंचुरी पूरी कर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी वैभव बने। अब वैभव के नाम यूथ वनडे मैचों में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रेकॉर्ड भी हो गया है। वैभव ने टूर्नामेंट में कुल 30 सिक्स लगा दिए, जो अंडर 19 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में किसी बैटर द्वारा सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रेकॉर्ड भी है।

### भारत ने कब-कब जीती ट्रोफी

| वर्ष | कप्तान |
|---|---|
| 2000 | मोहम्मद कैफ |
| 2008 | विराट कोहली |
| 2012 | उन्मुक्त चंद |
| 2018 | पृथ्वी शॉ |
| 2022 | यश ढुल |
| 2026 | आयुष म्हात्रे |

भारत ने रेकॉर्ड छठी बार जीता वर्ल्ड कप

अंडर-19 टीम ने विश्व कप जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पूरे टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा और खिलाड़ियों ने अपने असाधारण कौशल का शानदार परिचय दिया। यह ऐतिहासिक जीत देश के असंख्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। सभी खिलाड़ियों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। - पीएम नरेंद्र मोदी



## 'लाडली बहना योजना' की E-KYC सुधार की समय-सीमा 31 मार्च तक बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सरकार ने 'लाडली बहन योजना' के लिए लाभार्थी महिलाओं द्वारा की गई ई-केवाईसी में हुई गलतियों को सुधारने की समय-सीमा 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर जानकारी दी है।

लाभार्थियों और क्षेत्रीय कार्यालयों से लगातार मिल रही शिकायतों और मांग को देखते हुए विभाग ने ऑनलाइन ई-केवाईसी सुधार की सुविधा फिर से खोलने का फैसला लिया है। जांच में पाया गया कि अधिकांश महिलाओं ने तय समय-सीमा के भीतर ई-केवाईसी पूरी कर ली थी, लेकिन सत्यापन के दौरान दर्ज गलत जानकारियों से उनके आवेदन रुक गए। सरकार ने पात्र महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पोर्टल पर लॉग-इन कर अपनी जानकारी की जांच कर लें और यदि कोई त्रुटि हो, तो तुरंत सुधार करवाएं, जिससे बिना किसी अड़चन के उन्हें योजना का लाभ मिल सके।


सत्यापन के दौरान गलत जानकारी देने के कारण रुक गए थे आवेदन

### 31 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने वालों को मौका

सरकार ने साफ किया है कि ई-केवाईसी में सुधार की सुविधा केवल उन्हीं महिलाओं को मिलेगा, जिन्होंने 31 दिसंबर 2025 तक ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर ली थी। नए आवेदकों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने योजना के आधिकारिक पोर्टल पर आवश्यक तकनीकी बदलाव भी कर दिए हैं, जिससे लाभार्थी महिलाएं आसानी से अपनी जानकारी अपडेट कर सकें।

## NEET पीजी के कटऑफ में कमी का कारण स्पष्ट करें: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) से कहा कि वह NEET-PG 2025-26 के लिए क्वॉलिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत में की गई कमी के पीछे के कारण स्पष्ट करते हुए हलफनामा दाखिल करे। बेंच NBEMS के 13 जनवरी को जारी उस नोटिस को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसके तहत क्वॉलिफाइंग कट-ऑफ प्रतिशत घटाया गया था। कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा परस्पर प्रतिस्पर्धी पहलुओं से जुड़ा है, जिनके बीच संतुलन बनाना आवश्यक है।

### बेंच ने कहा, होना चाहिए संतुलन

कोर्ट ने आगे कहा, फिर तर्क यह होगा कि मानक गिराए जा रहे हैं और इसके जवाब में कहा जाएगा कि सीटें खाली जा रही हैं। इसलिए कहीं न कहीं संतुलन होना चाहिए। हमारी अंतरात्मा को यह संतुष्टि होनी चाहिए कि इसके पीछे कोई गलत मंशा नहीं है।




खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 10

### अंतर्ज्ञान

असहमति जीवन का हिस्सा है। यह न संबंध बिगाड़ती है, न सम्मान घटाती है। बिगाड़ता है तो हमारा उसके साथ किया गया व्यवहार। असहमति को शांत मन से स्वीकारना आत्मिक परिपक्वता है। किसी को गलत साबित करने से अधिक मूल्यवान है उसे समझना। असहमति तब सुंदर बन जाती है, जब दोनों पक्ष बिना कटुता के अपना विचार रख सकें। मतभेद का मतलब दूरियां नहीं। इसका अर्थ है कि दुनिया को देखने के दो सुंदर तरीके मौजूद हैं। जहां संवाद जीवित रहता है, वहां संबंध टूटते नहीं - और जहां अहंकार शांत रहता है, वहां समाधान जन्म लेते हैं। इसलिए परिपक्व बनकर दूसरों के नजरिए से भी दुनिया देखने का प्रयत्न करें।

## अजित पवार की मौत पर राजनीति बंद होनी चाहिए : फडणवीस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत पर हो रही कथित राजनीति को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नाराजगी जताई है। अजित की मौत के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ ही महायुति में शामिल शिंदे की शिवसेना के नेता भी लगातार बयान दे रहे हैं।

शिवसेना नेताओं के बयान पर फडणवीस ने कहा है कि सुनेत्रा पवार के शपथ समारोह को लेकर जो भी विवाद हो रहा है, वह गलत है। निचले स्तर की ऐसी राजनीति बंद होनी चाहिए।



CM बोले- सुनेत्रा पवार की शपथ के बाद जो भी विवाद हो रहा है वो गलत

शिंदे सेना के नेता कदम ने अजित गुट के नेता तटकरे पर साधा था निशाना

### शपथ को लेकर भड़के थे कदम

इससे पहले शिंदे सेना के नेता रामदास कदम ने सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एनसीपी अजित गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दादा की मौत के बाद तटकरे ने गंदी पॉलिटिक्स शुरू कर दी है। तटकरे ने अजित पवार की चिता की आग शांत भी नहीं होने दी और सुनेत्रा को शपथ दिला दी गई। ▸▸शेष पेज 3 पर

## बच्चों से चर्चा पर PM ने सुनाया 75वें जन्मदिन का किस्सा- '25 अभी बाकी'


पीएम ने बच्चों से कहा, परीक्षाएं त्योहारों की तरह होती हैं, उनका उत्सव मनाएं।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बच्चों से परीक्षाओं और जीवन की चुनौतियों पर बात की। इस दौरान PM ने अपने 75वें जन्मदिन का किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बच्चों से कहा, 'एक नेता ने 17 सितंबर को मुझे जन्मदिन पर फोन किया और मुझसे कहा कि आपके 75 साल हो गए हैं, तो मैंने उनसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को गिनता नहीं हूं, जो बचा है, उसकी ही गिनती करता हूं।'

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात तब कही, जब मणिपुर की छात्रा ने उनसे कहा कि मेरा जन्मदिन भी 17 सितंबर को होता है। मोदी ने कहा कि इसीलिए मैं आप लोगों से भी कहता हूं कि जो बीता है, उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए। जो बचा है, उसे जीने के बारे में सोचिए।

### 'गेम' में अपना क़ीमती समय न करें बर्बाद

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए। आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा जीवन को सफल नहीं बनाने देती। मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए 'गेम' खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी।

'शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए'

## जिला परिषद चुनाव के लिए मतदान आज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य में 12 जिला परिषदों और उनके तहत आने वाली 125 पंचायत समिति के लिए शनिवार को वोटिंग होगी। यह चुनाव 731 जिला परिषद सीटों और 1,462 पंचायत समिति सीटों के लिए हो रहा है।

इस चुनाव में कुल 7438 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि वोटरों की कुल संख्या 2 करोड़, 8 लाख 20 हजार 702 है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ▸▸पेज 3

## गर्मी बढ़ी : मुंबई में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई में गर्मी अभी से बढ़ने लगी है। फरवरी की शुरुआत में ही मुंबई का पारा 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे शहर में गर्मी का अहसास समय से पहले होने लगा है।

मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी ने बताया, आमतौर पर मुंबई में 35 डिग्री के आसपास का तापमान मिड फरवरी के बाद दर्ज होता है। हालांकि, आने वाले दिनों में नवी मुंबई व कल्याण जैसे उपनगरीय इलाकों में तापमान थोड़ा कम दर्ज होगा। ▸▸पेज 3


## धोखाधड़ी केस : अदालत से चोकसी को राहत नहीं

■NBT रिपोर्ट, मुंबई : सीबीआई की विशेष अदालत ने हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बैंकों के साथ 55 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में राहत देने से इनकार कर दिया है।

मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने मामले में चोकसी को समन जारी किया था, जिसे उसने सीबीआई कोर्ट में चुनौती दी थी। विशेष न्यायाधीश जेपी देरेकर ने उस चुनौती को खारिज कर दिया। जज ने कहा, निचली अदालत का आदेश तर्कसंगत है, इसलिए इसमें हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि पिछले साल मामले में चोकसी के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई थी।

### चोकसी का आवेदन कोर्ट ने किया ख़ारिज

मेहुल चोकसी ने अपने आवेदन में दावा किया गया था कि निचली अदालत ने चार्जशीट पर गौर किए बिना जल्दबाजी में समन जारी कर दिया है। निचली अदालत का आदेश तर्कसंगत नहीं है। मगर इससे असहमत जज ने चोकसी के आवेदन को खारिज कर दिया।



## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग़ को गर्भपात कराने की दी इजाज़त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कोई भी कोर्ट किसी महिला, खासकर नाबालिग, को अनचाही गर्भावस्था जारी रखने के लिए बाध्य नहीं कर सकती। बेंच ने 30 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग लड़की के गर्भपात की इजाजत दी। कोर्ट ने कहा, गर्भवती लड़की की प्रजनन स्वायत्तता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, विशेषकर जब वह गर्भ जारी न रखने की इच्छा जता चुकी हो। कोर्ट ने माना कि मामला संबंध की प्रकृति से नहीं, बल्कि नाबालिग के अधिकार व हित से जुड़ा है। बेंच ने अस्पताल को आवश्यक सावधानियों के साथ प्रक्रिया करने का निर्देश दिया।

### कोर्ट ने कहा, लड़की को न पहुंचे कोई हानि

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वह सभी जरूरी सावधानियों और एहतियातों के साथ लड़की की प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट करें। अस्पताल को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रक्रिया सुरक्षित तरीके से हो और लड़की को किसी तरह की मानसिक या शारीरिक हानि न पहुंचे।



## पाक में मस्जिद पर आत्मघाती ब्लास्ट, 31 की हुई मौत

■ एपी, इस्लामाबाद : पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को शिया मस्जिद के बाहर एक आत्मघाती बम धमाका हो गया। इस घटना में तकरीबन 31 लोगों की मौत हो गई और इस घटना में 169 लोग घायल हो गए। धमाका शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद हुआ, जब मस्जिद में भारी भीड़ थी। पुलिस ने बताया कि हमलावर को गेट पर रोका गया, लेकिन उसने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया।

इस्लामाबाद में धमाका, 169 लोग घायल हुए


वैलेंटाइंस वीक शुरू
रोज़ डे आज

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई | 151469 (+422) |
| चांदी .999 टच प्रति किलो | |
| मुंबई | 244929 (+9,410) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580.40 (+266.47) |
| निफ्टी | 25,693.70 (+50.36) |
| रुपया/US डॉलर | 90.6775 (+0.327) |
| रुपया/यूरो | 107.0895 (+0.577) |

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 33.0 | 22.5 |
| सांताक्रुज | 35.1 | 20.4 |
| सूर्यास्त शनिवार | 6:35 बजे | |
| सूर्योदय रविवार | 7:11 बजे | |

NBT नवभारत सड़क व रेल मार्ग द्वारा सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

भरपाई रिजर्व बैंक ने कहा, ऑनलाइन फ्रॉड के 65% मामले 50,000 या इससे कम के

## साइबर फ्रॉड के पीड़ितों को मिलेगा अधिकतम ₹25 हज़ार मुआवजा

Sudha.Shrimali@timesofindia.com

■ मुंबई: साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के मामले में 25,000 रुपये तक का हर्जाना मिल सकेगा। देशभर में बढ़ते ऐसे मामलों के बीच रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। इसके लिए रिजर्व बैंक नया फ्रेमवर्क लाने जा रहा है। इसमें 50 हजार रुपये या उससे कम की धोखाधड़ी के मामलों को शामिल किया जाएगा। ग्राहक से 'बिना सवाल पूछे' 85% राशि (अधिकतम 25 हजार रुपये) वापस की जाएगी। ग्राहक इस सुविधा का लाभ अपने जीवनकाल में सिर्फ एक बार उठा सकेंगे। बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि कस्टमर ने भले ही खुद गलती से OTP बताया हो, तब भी वे मुआवजा पाने के हकदार होंगे। डिजिटल धोखाधड़ी में 50 हजार तक की राशि वाले मामले 65% हैं।



### रुकेगी लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी

RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी रोकने के लिए मिस-सेलिंग और अनधिकृत डिजिटल लेन-देन में ग्राहकों की देनदारी सीमित करने के लिए गाइडलाइंस का मसौदा जारी करेंगे। मिस-सेलिंग से मतलब ग्राहकों को धोखे से गलत लोन, इंश्योरेंस या इन्वेस्टमेंट प्रॉडक्ट बेचना है।

## हवाई मार्ग से जुड़ेंगी राज्य की धार्मिक और हेरिटेज साइट्स, पर्यटकों का सफ़र आसान बनाने का प्लान

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई : राज्य की धार्मिक और हेरिटेज साइट की सैर करने वाले का सफर जल्द ही आसान होने वाला है। राज्य पर्यटन विभाग ने राज्य की सभी धार्मिक व हेरिटेज साइट्स के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का प्लान बनाया है। विभाग की इस पहल से पर्यटकों का सफर घंटों के बजाय मिनटों में पूरा होगा। पर्यटन विभाग के डायरेक्टर डॉ. बीएन पाटील के अनुसार, शिर्डी, नाशिक, भीमाशंकर, अजंता, एलोरा समेत राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपैड तैयार करने की योजना है। इनमें से कुछ स्थानों पर हेलीपैड बन भी चुके हैं।

सभी साइट्स पर हेलीपैड तैयार करने की योजना

सैलानियों की संख्या में हर साल हो रही 15% की वृद्धि


AI Image

**राज्य में 75 नमो सेंटर, और भी बनाए जाएंगे:** डॉ. पाटील के अनुसार, राज्य में आने वाले सैलानियों की संख्या में हर साल 15% की वृद्धि हो रही है। सैलानियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी संख्या में हर साल 20-25% बढ़ोतरी करने की तैयारी है। पर्यटन स्थल पर लोगों का बेहतर मार्गदर्शन करने के लिए राज्य में 75 नमो सेंटर तैयार किए गए हैं। जल्द ही राज्य में और नमो सेंटर तैयार किए जाएंगे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### पर्यटकों को आकर्षित करने का योजना

राज्य में घूमने आने वाले पर्यटक सड़क मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचते हैं। कई स्थानों के बीच की दूरी अधिक होने के कारण उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने में 4-6 घंटे या उससे भी अधिक समय लगता है। हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध होने से उनका सफर तेजी से पूरा होगा। इससे उनके समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी। अब सफर को आसान बनाकर पर्यटन विभाग ने सैलानियों को आकर्षित करने का प्लान बनाया है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: prabhakar.shukla@timesofindia Time: 02-06-2026 23:13 Color:





महानगर में दिन के समय भले ही गर्मी का दबदबा कायम रहेगा, लेकिन रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। -p3

छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (CSMIA) ने टर्मिनल-2 पर 14 हाइब्रिड सेल्फ बैग ड्रॉप (SBD) काउंटर शुरू किए गए हैं। -p4



171 रहा मुंबई का AQI शुक्रवार को, जो अनहेल्दी है।

20.4 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया शुक्रवार को। दिन में उमस महसूस की गई।







मुद्दा पब्लिक का

## घाटकोपर पूर्व में पॉल्युशन से लोगों का हाल बेहाल, बिल्डिंग के डिमोलिशन के दौरान निकलने वाली धूल बढ़ा रही समस्या

# धूल में मिले धूल रोकने के नियम

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबईः मुंबई की हवा की गुणवत्ता लगातार 'अनहेल्दी' श्रेणी में बनी हुई है। लगातार वायु प्रदूषण सांसो के लिए संकट पैदा कर रहा है। हाई राइज बिल्डिंगों से घिरे घाटकोपर पूर्व की विभिन्न कंस्ट्रक्शन साइट्स का पॉल्युशन हवा की गुणवत्ता को बिगाड़ रहा है। कई जगहों पर भारी मात्रा में निर्माण सामग्री, मलबे, मिट्टी आदि बिना ढके पड़े है, जो धूल के रूप में हवा में घुल रहे है। ऐसा बीएमसी की ओर से वायु प्रदूषण रोकने कंस्ट्रक्शन साइट के लिए बनाए गए नियमों की अनदेखी के कारण हो रहा है। क्षेत्र में बिल्डिंग के डिमोलिशन के दौरान धूल न फैले, इसके लिए हरी तिरपाल से इमारत ढकने का प्रावधान है, लेकिन घाटकोपर के 60 फीट रोड पर बिल्डिंग को गिराते समय इतनी तिरपाल नहीं देखने को मिली, जिससे डस्ट को बाहर आने से रोका जा सके।

**...लेकिन पालन न के बराबर:** प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बीएमसी ने प्रभावी गाइडलाइंस तो जारी की है, लेकिन जमीन पर दिशा-निर्देशों का वैसा पालन नहीं दिखता, जो वायु गुणवत्ता के सूचकांक (AQI) को संतुलित रखें। घाटकोपर में जिस व्यापक स्तर पर निर्माण कार्य हो रहा है, उतने बड़े पैमाने पर प्रदूषण रोकथाम गाइडलाइंस को लागू करने के गंभीर प्रयास नहीं दिख रहे हैं।

**यहां करें शिकायत**

BMC हेल्पलाइन 1916, 8169681697 पर WhatsApp

**IIT बॉम्बे और CSIR-NEERI के अनुसार वायु प्रदूषण के लिए कौन कितना जिम्मेदार**

| | |
|---|---|
| सड़क की धूल/तेज हवा की धूल | 30% |
| कंस्ट्रक्शन साइट डस्ट | 9% |
| इंडस्ट्रीज और नॉन-ग्रीन फ्यूल से | 20% |
| समुद्री गतिविधियों से | 18% |
| फ्यूल वाहन से | 14% |
| सैकेंड्री प्रदूषक | 9% |



60 फीट रोड घाटकोपर पूर्व

अरिहंत बैंक के पास एक बिल्डिंग को दो दिन पहले रीडिवेलपमेंट के लिए गिराया गया है। ऐसे में डिमोलिशन से निकली धूल के बीच नागरिक आने-जाने को मजबूर है। जानकारों के मुताबिक, यह स्थिति PM 10 पॉल्युशन को बढ़ाती है।

> "निर्माणकार्य स्थलों में नियमों का पालन न होने के लिए बीएमसी अधिकारियों का उदासीन रवैया जिम्मेदार है। ट्रैफिक और फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई में जैसी सक्रियता अधिकारियों की प्रदूषण के मामले में नहीं दिखती
> -अजय बागल, सोशल वर्कर


> "कंस्ट्रक्शन साइट का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और नियमों के उल्लंघन करने वालों पर एक्शन लिया जा रहा है। कई लोगों को स्टॉप वर्क नोटिस जारी किए गए हैं।
> -गजानन बेल्लाले, असिस्टेंट म्युनिसिपल कमिश्नर (N वॉर्ड)

### मुंबई में करीब 11 हजार कंस्ट्रक्शन साइट

कंस्ट्रक्शन डस्ट और सड़क की धूल का PM 10 पॉल्युशन में 44% योगदान होता है। PM 10 एक तरह का वायु प्रदूषण है, जिसमें 10 माइक्रोमीटर या उससे छोटे धूल के कण होते हैं, जो फेफड़ों में सांस के साथ प्रवेश कर सकते हैं। यह श्वसन और हृदय संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ावा देने में सक्षम होते हैं। इसके बावजूद मुंबई में करीब 11 हजार कंस्ट्रक्शन साइट सक्रिय है। पिछले दो सालों में निर्माण कार्य के तीन हजार प्लान मंजूर किए गए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश में इस तथ्य का खुलासा हुआ है।

**ये है गाइडलाइंस**

- BMC के अनुसार, कंस्ट्रक्शन साइट पर यह सब इंतजाम होना अनिवार्य
- साइट के चारों तरफ क्या मेटल की दीवार है? कम से कम 30 फुट हो।
- साइट पर वर्किंग कंडीशन में एयर क्वॉलिटी सेंसर लगा हो।
- साइट के पास कम से कम 100 मीटर की सड़क साफ होना चाहिए।
- साइट के चारों तरफ ग्रीन पर्दे लगाना अनिवार्य है, ताकि डस्ट बाहर न जाए।
- माल ढोने वाले वाहन पूरी तरह ढके हों और ओवरलोड न हों।



पंतनगर में बीवी जूलर की कंस्ट्रक्शन साइट में मलवा खुले में पड़ा मिला। कुछ हिस्से में पतरे लगे थे, जिनकी ऊंचाई तीस फीट नहीं थी।



श्रीशुभ ट्रेडर के पास मलबे को तिरपाल से ढककर नहीं रखा गया था। सेंसर ऐसी जगहों पर लगाया जाता है, जहां सीधे न दिखे।

### 662 कंस्ट्रक्शन साइट पर सेंसर नहीं

पिछले माह बीएमसी द्वारा बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर हलफनामे के मुताबिक, मुंबई में 662 कंस्ट्रक्शन साइट पर सेंसर नहीं है। जबकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए बीएमसी लगातार कार्रवाई कर रही है।



91 स्क्वायर्ड बनाए गए हैं। बीएमसी ने डीप क्लीनिंग ड्राइव भी शुरू की है। इसके तहत नियमित तौर पर सड़कों की धुलाई की जाती है, ताकि वायुमंडल में धूल के कण न जमा हों।



ऐसा ही हाल यशवंत सेठ जाधव रोड के पास के प्रोजेक्ट का था। यहां भी पतरे निर्धारित 30 फीट ऊंचाई के नहीं लगे थे।



NO टेंशन NBT


# यह परीक्षा नहीं, आत्मविश्वास की है परख

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ **मुंबई:** दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा जैसे-जैसे नजदीक आती है, वैसे-वैसे स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता की धड़कनें तेज हो जाती हैं। सिलेबस पूरा करने की चिंता, अच्छे नंबर लाने का दबाव, परिवार और समाज की अपेक्षाएं - इन सबके बीच कई बार बच्चे खुद को अकेला, थका हुआ और घबराया हुआ महसूस करने लगते हैं। परीक्षा की यह घबराहट अगर समय रहते संभाली न जाए, तो यह पढ़ाई की तैयारी के बजाय डर और तनाव में बदल जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा की सफलता केवल किताबी ज्ञान से नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, सही दिनचर्या और सकारात्मक सोच से तय होती है।

मनोचिकित्सक डॉ. सागर मूंदड़ा के अनुसार, लगातार डर और दबाव में रहने से दिमाग की एकाग्रता कम हो जाती है। याद किया हुआ भी परीक्षा के समय भूलने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ-साथ अपने मन और शरीर दोनों का ख्याल रखें। वहीं, मनोचिकित्सक डॉ. हरीश शेट्टी का मानना है कि दसवीं की परीक्षा मंजिल नहीं, एक पड़ाव भर है। सही नींद, सादा भोजन, नियमित अभ्यास, संयमित दिनचर्या और अपनों के साथ खुलकर संवाद - यही आपकी असली ताकत है। अंकों की चिंता छोड़कर हर पन्ने पर पूरा ध्यान दें, आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें।

### ध्यान, दिनचर्या और संतुलन से होगा परीक्षा की तैयारी में फायदा





**दिमाग को स्थिर करने की चाबी है मेडिटेशन**

डॉ. मूंदड़ा का कहना है कि मेडिटेशन परीक्षा के दिनों में स्टूडेंट्स के लिए कारगर उपायों में से एक है। रोज कुछ मिनट ध्यान करने से दिमाग शांत होता है और विचारों की उथल-पुथल कम होती है। मेडिटेशन का मतलब घंटों आंख बंद करके बैठना नहीं है। सुबह उठकर या शाम को पढ़ाई के बाद 10 से 15 मिनट शांत जगह पर बैठकर गहरी सांस लेना ही काफी है। महसूस करें कि सकारात्मक ऊर्जा शरीर में जा रही है।

**पूरी नींद जरूर लें**

कई स्टूडेंट्स परीक्षा के दौरान नींद को समय की बर्बादी समझते हैं। देर रात तक जागकर पढ़ना उन्हें जरूरी लगता है, पर यह आदत नुकसानदायक है। नींद पूरी न होने पर दिमाग सुस्त हो जाता है और याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि 6 से 7 घंटे की नींद बेहद जरूरी है। सोने से पहले मोबाइल, लैपटॉप या टीवी से दूरी बनाना चाहिए।

# जब किशोर हों बॉडी इमेज और आत्म-संदेह के दौर में



चिनु अग्रवाल
मनोवैज्ञानिक

**कुछ दिनों से मीरा अपनी** 14 साल की बेटी समीरा के हाव-भाव में बदलाव महसूस कर रही थी। समीरा, जो कभी आईने के सामने नाचते-गाते तैयार हुआ करती थी, अब वहां रुकना ही नहीं चाहती थी। ढीले-ढाले कपड़े बढ़ गए थे। फोटो खिंचवाने पर चिढ़। तारीफ सुनकर अजीब-सी चुप्पी। एक दिन मीरा ने जब उससे कहा, 'आज तुम अच्छी लग रही हो।' तब समीरा ने बिना देखे जवाब दिया, 'अच्छी का मतलब सुंदर तो नहीं ना।' यह वाक्य मीरा के मन में अटक गया। अगर आप भी किसी किशोर के माता-पिता हैं, तो यह पल आपको जाना-पहचाना सा लग सकता है। असल में बढ़ते बच्चों के मन में क्या चल रहा होता है? यह शायद हम नहीं भांप पाते। किशोरावस्था वह समय है जब शरीर तेजी से बदलता है, लेकिन मन उन बदलावों को समझने और स्वीकार करने में समय लेता है।





**मनोविज्ञान क्या कहता है?**

- किशोरों को सलाह से पहले सुने जाने की जरूरत होती है।
- भावनात्मक स्वीकृति, तर्क से पहले जरूरी होती है।
- जब वे सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी खुल पाते हैं।

**माता-पिता क्या कर सकते हैं?**

माता-पिता की प्रवृत्ति अक्सर उनकी समस्या को सलाह देकर तुरंत हल करने की होती है, जो बिल्कुल भी कारगर नहीं होती। ठीक करने की जगह, पहले सुनना शुरू करें। उनकी भावनाओं को नकारने के बजाय उन्हें शब्द दें -

'तुम्हें अपने बारे में अजीब-सा महसूस हो रहा होगा और ऐसे में अगर मैं कहूं कि तुम सच में सुंदर हो, तो तुम्हारा मन मेरी बात को जल्दी मानेगा भी नहीं।'

**आत्म-संदेह को सामान्य मानें, आत्म-निंदा को नहीं**

- कहें 'इस उम्र में बहुत से बच्चे ऐसा महसूस करते हैं।' फिर धीरे से पूछें 'अगर तुम्हारी जगह तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त ऐसी बात करता, तो तुम क्या कहती?' यह सवाल अक्सर सोच बदल देता है।
- पहचान को सिर्फ लुक तक सीमित न रहने दें। उनकी दूसरी पहचानों को जगह दें।
- हुनर, रुचियां, मूल्य, दूसरों के लिए किए गए छोटे-छोटे अच्छे काम, जब भीतर की पहचान मजबूत होती है, तो बाहरी बनावट के मायने धीरे-धीरे कम होने लगते हैं।

**जरूरत से ज्यादा सजग हो जाते हैं बच्चे**

- रूप-रंग को लेकर जरूरत से ज्यादा सजग हो जाते हैं। खुद को दूसरों की नजरों से देखने लगते हैं।
- लगातार दोस्तों से और अपने हमउम्र बच्चों से तुलना करते हैं, मीडिया और सेलेब्रिटीज से प्रभावित होते हैं।
- अनायास ही उनका आत्मविश्वास उनकी बाहरी रूप-रंग से जुड़ जाता है। सोशल मीडिया के फिल्टर, परफेक्ट तस्वीरें और 'लाइक्स' इस आत्म-संदेह को और गहरा कर देते हैं।
- यह दिखावा या नखरे नहीं हैं। पहचान बनने की प्रक्रिया में आया दबाव है।

**घर के बॉडी-टॉक पर ध्यान दें**

- वजन और डाइट पर टिप्पणियां, तुलना भरी बातें
- 'अच्छा' और 'खराब' शरीर जैसे लेबल
- अपने शरीर के बारे में भी सम्मानजनक भाषा का इस्तेमाल करें।

## सजा बाबा श्याम का दरबार



■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदरः मीरा-भाईंदर के इंद्रलोक स्थित बालासाहेब ठाकरे उद्यान में श्री श्याम उत्सव मंडल ट्रस्ट भाईंदर की ओर से चतुर्थ वार्षिक महोत्सव 'एक शाम सांवरिया के नाम' संपन्न हुआ। इस अवसर पर कोलकाता के सुप्रसिद्ध कारीगरों द्वारा निर्मित राम मंदिर के प्रतिरूप में बाबा श्याम का 30 फीट ऊंचा और 60 फीट चौड़ा भव्य दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। मंडल के संस्थापक ट्रस्टी विकास केडिया ने बताया कि प्रातःकाल मुंबई की सुप्रसिद्ध मंगल पाठ वाचिका रीतू शर्मा द्वारा श्रीगणेशमती दादी का मंगल पाठ किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# अतिरिक्त शिक्षकों का होगा समायोजन

## 31 मार्च तक पूरी होगी प्रक्रिया

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** राज्य में सरकारी और अनुदानित स्कूलों में अतिरिक्त (सरप्लस) शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के समायोजन को लेकर बड़ी प्रशासनिक स्पष्टता सामने आई है। बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित सभी याचिकाएं निपटने के बाद शिक्षा निदेशालय ने सत्र 2025-26 के लिए समायोजन प्रक्रिया की समय-सारिणी जारी कर दी है। अब यह प्रक्रिया जिला, विभाग और राज्य स्तर पर चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के अनुसार, 15 मार्च 2024 के जीआर के तहत अतिरिक्त शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों के समायोजन की संशोधित कार्यपद्धति लागू की जाएगी। इससे पहले इस प्रक्रिया पर रोक लगी हुई थी। लेकिन कोर्ट ने सभी संबंधित याचिकाओं का निपटारा कर दिया है। इसके बाद अब शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सत्र 2025-26 की संच मान्यता, 23 अक्टूबर 2025 को दर्ज वैध छात्र संख्या के आधार पर तय की गई है और यह जानकारी दिसंबर 2025 में शिक्षा अधिकारियों के लॉगिन पर उपलब्ध करा दी गई थी।

**13 फरवरी को आएगी अस्थायी सूची**

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेश पालकर के अनुसार, 13 फरवरी 2026 को रिक्त पदों और अतिरिक्त शिक्षकों की जिला स्तर पर अस्थायी सूची जारी करना है। इस पर 20 फरवरी 2026 तक आपत्तियां की जा सकती हैं। इन आपत्तियों का निपटारा करने के बाद 25 फरवरी को जिला स्तर पर अंतिम सूची घोषित करना है। इसके बाद 3 मार्च को काउंसलिंग के जरिए जिला स्तर पर समायोजन करना है। इसके बाद 10 मार्च को विभाग स्तर की अस्थायी सूची जारी होगी। विभाग स्तर पर काउंसलिंग द्वारा 20 मार्च को समायोजन और 31 मार्च तक शेष खाली पदों व अतिरिक्त कर्मचारियों की जानकारी निदेशालय को भेजना है।

> 25 फरवरी को जिला स्तर पर अंतिम सूची घोषित की जाएगी

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): आज आपकी राशि पर सातवें भाव में चंद्रमा तथा द्वादश भाव में शनि भी आ जाएगा, फलस्वरूप आज आपको आपके कार्य क्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कामों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पुत्र या पुत्री के विवाह का प्रस्ताव प्रकट होकर कहकर सफल हो सकता है।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आपकी राशि का स्वामी शुक्र उच्चाभिलाषी है। नौवें भाव में बैठकर लग्न को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुखों भोगों का प्रतिनिधि है, इसीलिए जरूरी सामान की खरीदारी में लाभ तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के बुजुर्गों से बहसबाजी में न उलझें।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): पांचवें भाव में चंद्रमा और राशि से नौवें भाग्य भाव में कुंभ राशि का राहु आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। कर्ज के भार में कमी होगी। कुंभ राशि का राहु अकस्मात अधिकार भय कारक है, सावधान रहें।

**CANCER** (22 Jun - 22 Jul): आपकी राशि पर मिथुन का बृहस्पति और चौथे भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुका धन दिलवाएगा। नए संबंधों में स्थायित्व बनेगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी आपको सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात का समय मंगल उत्सव में प्रियजनों के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा।

**LEO** (23 Jul - 22 Aug): आज आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आशातीत होगा। कभी कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आपकी राशि से छठा राहु संचार कर रहा है, चंद्रमा द्वितीय कोष धन भाव में इष्ट मित्रों से निर्मूल विवाद तथा व्यर्थकारक है। इसलिए अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज का दिन आपके लिए महान पुरुषों से मेल जोल कारक है। आकस्मात आशातीत उलट फेर में आपको लाभ मिल सकता है। नए काम में वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने अटके हुए कामों को बना लेने का मौका भी मिलेगा। दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मंगल कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके मुखड़ों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का समय परिवारों के साथ व्यतीत करें।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज आपकी राशि से दशम पर चंद्रमा पाप व दूर की यात्रा तथा राज्य विजय कारक है। बहन भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो बिल्कुल न दें।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): राशि का स्वामी शनि द्वितीय कोष केंद्र में राजनीतिक क्षेत्र में सफलता कारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंद्वी आपके पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभ व्यय और कीर्ति में वृद्धि कारक है। आज के दिन पुण्य कामों पर भी व्यय हो सकता है।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति पिछले कई दिनों से मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में चल रहा है। चंद्रमा भी अष्टम केंद्र का घर में उत्तम संपत्ति प्रकट करेगा। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। पत्नी के घर से सहयोग मिलेगा। मजबूत शक्ति के बल पर किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष सिंह लग्न में प्रवेश कर रहा है। वर्ष का स्वामी सूर्य है। इस वर्ष गुरु, चंद्रमा और शुक्र मिश्रित फल देने वाले रहेंगे। हालांकि अत्यधिक सक्रियता के कारण छोटी-सी असावधानी भी असफलता और निराशा का कारण बन सकती है, इसलिए धैर्य और सतर्कता आवश्यक है। वरिष्ठों की सलाह और योजनाबद्ध कार्यशैली से जोखिम कम होंगे। फरवरी में यदि काम समय पर पूर्ण न हो पाए तो विश्वसनीयता की स्थिति बन सकती है। मार्च में नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन से अपेक्षित लाभ मिलेगा। अप्रैल-मई तक का समय स्वास्थ्य के लिए अनुकूल रहेगा। जून में सभी काम कठिन परिश्रम और अधिक व्यय के बाद पूरे होंगे। इस दौरान आर्थिक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा। जुलाई-अगस्त के महीने में किसी सफल कार्य की योजना बनेगी। सितंबर में तीर्थ यात्रा का योग है। उन स्थानों पर जाने पर विचार करें, जहां जाने का संकल्प लंबे समय से बना रखा है। अक्टूबर में ज्ञानवर्धन और मनोरंजन पर किया गया व्यय सुखद सिद्ध होगा। नवंबर से 15 दिसंबर तक नई गतिविधियों से मानसिक थकान और बीमारियां दूर होंगी। इस राशि के लिए मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड पाठ करते रहें। जनवरी 2027 में मनोरथ पूर्ण होंगे और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा


## कल का पंचांग
(रविवार, 8 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 19, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्ण सप्तमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 26, शाबान 19, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 8 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 06 बजे तक। सप्तमी तिथि अगले दिन तड़के 5 बजकर 2 मिनट तक उपरांत अष्टमी तिथि का आरंभ। स्वाती नक्षत्र अगले दिन तड़के 5 बजकर 3 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र का आरंभ। गण्डयोग अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 8 मिनट तक उपरांत वृद्धि योग का आरंभ। विष्टि करण अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | 3 | 7 | |
| | | | 3 | | | | | |
| 4 | | | | 9 | 2 | | 5 | |
| | | | 2 | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | 8 | | 5 | | 2 | 6 |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | 6 | | 4 | 2 | | | | 8 |
| | | | | | 8 | | | |
| | 1 | 7 | | | | | | 3 |

## TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 | बबलू डबलू |
| 10:00 | भद्रकुंभ बुढ़ाबाबा |
| 11:00 | राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 12:30 | हम पांच |
| 13:00 | राष्ट्र के रक्षक |
| 13:30 | भ से भाई |
| 14:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 15:00 | लिटिल कृष्णा |
| 17:00 | बबलू डबलू |
| 19:00 | चक्रधारी अजेय कृष्णा |

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 07-02-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 02-06-2026 23:20 Color:




## फटाफट खबरें

### PIL के दुरुपयोग पर HC ने लगाया जुर्माना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने जनहित याचिका से जुड़े अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग करने के लिए एक याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की रकम चार हफ्ते में हाई कोर्ट एम्प्लाई मेडिकल वेलफेयर फंड में जमा करने का निर्देश दिया है। याचिका में परिसीमन और निर्वाचित नगरसेवकों की संख्या न बढ़ाने के मुद्दे को उठाया गया था। कोर्ट ने याचिका के तथ्यों के मद्देनजर सुनवाई से इनकार कर दिया। कल्याण निवासी शख्स ने यह याचिका दायर की थी।

### छत्रपति शिवाजी महाराज पर व्याख्यान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बोरिवली सांस्कृतिक केंद्र और भारतीय इतिहास समन्वय समिति के द्वारा 'छत्रपति शिवाजी महाराज आर्थिक पॉलिसी पर अंतर्दृष्टि' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रविवार को वन विहार में आयोजित इस कार्यक्रम में रविराज पराडकर शिवाजी महाराज के आर्थिक दृष्टिकोण, प्रशासकीय व्यवस्था, शासन मॉडल पर व्याख्यान देंगे।



### कार की टक्कर से ट्रैफिक कर्मी घायल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मरीन ड्राइव पुलिस ने रैश ड्राइविंग और सरकारी कर्मी पर हमले का मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक हबीब फैजल खान (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार तड़के एन.एस. रोड पर इंटरकॉन्टिनेंटल होटल के सामने नाकाबंदी के दौरान हुई। इसी दौरान एक कार चालक बैरिकेड से टकरा गया। वहां ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल समाधान बाव कार की टक्कर से गिर पड़े। सिर में चोट लगने से कॉन्स्टेबल को बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

### लोकल में पत्थरबाजी करने वाला गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : वाद्रा सरकारी रेलवे पुलिस (GRP) ने लोकल ट्रेन में पत्थर फेंक कर एक यात्री को गंभीर जख्मी करने के आरोप में योगेंद्र बोद्धा (26) को गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार रात बांद्रा स्टेशन पर हुई, जब दो यात्रियों के बीच झगड़े के दौरान आरोपी ने पत्थर फेंका। पत्थर निशाना चूक गया और 28 वर्षीय निशात यात्री की बाईं आंख के नीचे लग गया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी आंख की रेटिना का हिस्सा फट गया है। आरोपी को CCTV फुटेज के आधार पर दादर स्टेशन से पकड़ा गया है।

# फरवरी शुरू होते ही पड़ने लगी गर्मी, 35 डिग्री पहुंचा तापमान

## मुंबई में दिन में गर्मी का रहेगा दबदबा, रात में थोड़ी राहत

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: महानगर में दिन के समय भले ही गर्मी का दबदबा कायम रहेगा, लेकिन रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है।

मुंबई में तापमान अभी से उबाल मार रहा है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी ने बताया कि आमतौर पर मुंबई में 35 डिग्री के आसपास का तापमान मिड फरवरी के बाद दर्ज होता है, लेकिन इस साल यह स्थिति कुछ दिन पहले ही बन गई है। राहत की बात यह है कि शनिवार से मंगलवार तक अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस कमी होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान की बात करें तो फिलहाल यह करीब 20 डिग्री बना हुआ है, जो 17 डिग्री तक गिर सकता है। हालांकि नवी मुंबई और कल्याण जैसे उपनगरीय इलाकों में तापमान इससे थोड़ा कम दर्ज हो सकता है। रविवार और सोमवार की सुबह हल्की ठंडक महसूस की जा सकती है। बॉम्बे अस्पताल के फिजिशियन डॉ. गौतम भंसाली ने कहा कि जैसे ही मौसम थोड़ा गर्म होता है, लोग तुरंत ठंडी चीजें, जैसे ठंडा पानी, दही या ठंडे पेय लेने लगते हैं, जिससे गला प्रभावित हो रहा है।

AI image



मौसम बदलने से बिगड़ सकती है तबीयत

मौसम में अचानक हुए इस बदलाव से लोगों की तबीयत खराब हो सकती है। इस मौसम में दिन में गर्मी और रात में ठंड से लोगों को खांसी की शिकायत हो रही है। जेजे अस्पताल के यूनिट प्रमुख डॉ. मधुकर गायकवाड़ ने कहा कि दिन और रात के मौसम में काफी अंतर है। इससे लोगों की सेहत पर बुरा असर हो रहा है। सूखी खांसी वाले मरीज बढ़ गए हैं।

### सुहाना रहेगा मौसम, AQI 100 के इर्द-गिर्द

शनिवार को टी 20 वर्ल्ड कप के लिए मौसम सुहाना होने की संभावना है। अथ्रेया ने बताया कि शाम के वक्त तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के इर्द-गिर्द रहेगा। यदि समुद्री हवा जल्दी सेट हो गई तो और राहत रहेगी। हवा में ह्यूमिडिटी कम होने के चलते अनकंफर्ट फील नहीं होगा। समुद्र से हवा का प्रवाह यदि जल्द शुरू होता है तो एक्यूआई 100 के इर्द-गिर्द रहेगा।

दिन और रात के तापमान में करीब 15 डिग्री सेल्सियस का अंतर देखने को मिल रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। हमारे पास बुखार के मामले ज्यादा नहीं, लेकिन गले में खराश, खांसी, नाक बहना और कफ की शिकायत वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है।
-डॉ. गौतम भंसाली, फिजिशियन, बॉम्बे अस्पताल


NBT Lens खबरों के अंदर की बात

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने बिगाड़ा खेल:** जनवरी के दूसरे सप्ताह के बाद से उत्तर भारत में लगातार 5-6 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय रहे, जिनमें से दो काफी मजबूत थे। इनकी वजह से राजस्थान-गुजरात क्षेत्र में बनने वाला सामान्य एंटी-साइक्लोन अपनी जगह बदलकर मध्य महाराष्ट्र में सक्रिय हो गया। इसी कारण मुंबई में पूर्वी हवाएं (इंटरली विंड्स) चलीं, जो समुद्री हवाओं को कमजोर कर देती हैं और तापमान बढ़ा देती हैं। पूर्वी हवाओं के असर से मुंबई में सी-ब्रीज देर से सक्रिय हो रही है, कई बार शाम 4–5 बजे के बाद, जिससे दोपहर तक तापमान 35 डिग्री तक पहुंच जाता है।

### खडसे और उनकी पत्नी के खिलाफ वारंट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : विशेष अदालत ने पुणे जमीन सौदे के मामले में आरोपी राज्य के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे और उनकी पत्नी के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। अदालत में गैर हाजिर होने के चलते कोर्ट ने दोनों को यह वारंट जारी किया है।

शुक्रवार को यह मामला आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए सूचीबद्ध था। खडसे ने निजी परेशानी के चलते उपस्थिति से छूट की मांग को लेकर आवेदन किया था, लेकिन कोर्ट ने कहा कि आवेदन में इस बात का उल्लेख नहीं है कि उनके सामने किस तरह की निजी परेशानी है। इस संबंध में कोई दस्तावेज भी नहीं दिया गया है। इसलिए कोर्ट ने आवेदन को खारिज कर दिया। 12 फरवरी को अगली सुनवाई होगी।





केंद्रीय बजट ने ओरेंज अर्थव्यवस्था को महत्व दिया है!

# महाराष्ट्र से राज्यसभा में BJP की ताकत बढ़ेगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : 2 अप्रैल 2026 को महाराष्ट्र से 7 राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जिन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उसमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, फौजिया खान (SP), प्रियंका चतुर्वेदी (ठाकरे गुट), रजनी पाटील (कांग्रेस), धैर्यशील पाटील (BJP), भागवत कराड (BJP) और रामदास आठवले (BJP) शामिल हैं। राज्य विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए 7 में से 6 सीटों पर महायुति के चुनाव जीतने की स्थिति में है। एक सीट महाविकास आघाडी के खाते में जा सकती है।

अप्रैल में राज्यसभा चुनाव के बाद राज्यसभा में BJP के सदस्यों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा है कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता का दिल्ली में होना महाराष्ट्र के लिए जरूरी है। बता दें कि महाराष्ट्र से राज्यसभा की कुल 19 सीटें हैं। इनमें 12 सीटें एनडीए के पास हैं, जबकि 7 सीटें महाविकास आघाडी के पास हैं। अप्रैल 2026 के बाद यह आंकड़े बदल जाएंगे।

### अप्रैल में शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी सहित 7 सीटें होंगी खाली



शरद पवार | प्रियंका चतुर्वेदी | रामदास आठवले

**ऐसा है राज्यसभा पहुंचने का गणित**

जानकारों का कहना है कि विधानसभा में पार्टी के विधायकों की संख्या के आधार पर 7 सीटों में से BJP को 4, राष्ट्रवादी (अजित गुट) को 1, शिंदे गुट को 1 सीट मिल सकती है। जबकि महाविकास आघाडी को सिर्फ 1 सीट से संतोष करना पड़ सकता है। एक राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार को 37.5 विधायकों के वोट चाहिए। विधानसभा में BJP के पास निर्दलियों सहित 137, शिंदे गुट के पास 60, एनसीपी (अजित गुट) के 41 विधायक चुने गए हैं। जबकि विपक्षी दलों उद्धव ठाकरे गुट के पास 20, कांग्रेस के 16 और शरद पवार गुट के 10 विधायक हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि 7 सीटों में से 6 सीटें महायुति को और 1 सीट महाविकास आघाडी को मिल सकती है।

# कुणाल कामरा ने दी सरकार के 'पोर्टल' की वैधता को चुनौती

## याचिका में दावा, यह सूचना के अधिकार पर प्रहार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: केंद्र सरकार के 'सहयोग पोर्टल' के खिलाफ स्टैंडअप कमीडियन कुणाल कामरा और एक सीनियर ऐडवोकेट ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इस पोर्टल का इस्तेमाल ऑनलाइन इंटरमीडियरिज जैसे यूट्यूब, एक्स सहित अन्य जगहों से ऑनलाइन कंटेंट हटाने के लिए आदेश जारी करने के खातिर होता है। याचिका में कहा गया है कि पोर्टल के जरिए सरकारी अधिकारियों को इंटरनेट पर सूचना प्रवाह पर अंकुश लगाने के लिए अनियंत्रित शक्ति मिली है। यह लोकतंत्र और नागरिकों के सूचना के अधिकार पर सीधा प्रहार है। इस विषय से संबंधित आईटी नियम 3(1D) और सहयोग पोर्टल असंवैधानिक है, क्योंकि नियम अस्पष्ट आधार पर सूचनाओं को हटाने और ब्लॉक करने का अधिकार देते हैं। यह एक तरह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनुचित प्रतिबंध है।

याचिका में सूचना प्रौद्योगिकी (IT)(दिशा निर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) के नियमों को भी चुनौती दी गई है। नियमों में संशोधन के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफार्म को किसी भी गैरकानूनी हरकत को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल जानकारी की प्रामाणिक सूचना प्राप्त होने के 36 घंटे के भीतर हटाना होगा या उस तक पहुंच को रोकना होगा। इस प्रक्रिया को ऑटोमैटिक अंजाम देने के लिए सहयोग पोर्टल विकसित किया गया है।



### 'न तो नोटिस दिया जाता है, न ही सुनवाई का मौका'


याचिका में दावा किया गया है पोर्टल सरकार को कानूनी अनिवार्यताओं का पालन किए बगैर सामग्री हटाने का अवसर देता है। ऑनलाइन सामग्री हटाने से पहले प्रभावित पक्ष को न तो नोटिस दिया जाता है और न ही सुनवाई का मौका दिया जाता है। पोर्टल सरकार को इंटरनेट की सामग्री को एकतरफा हटाने, ब्लॉक करने के लिए सक्षम बनाता है। पोर्टल के संबंध में नागरिकों के हक से जुड़े सुरक्षा उपायों की अनदेखी की गई है। ऐडवोकेट मिनाज ककालिया की याचिका के मुताबिक, पोर्टल इंटरनेट पर मौजूद सभी सूचनाओं को मनमाने ढंग से हटाने का रास्ता साफ करता है।

# शपथ ग्रहण समारोह पर गरमाई सियासत

■ पेज 1 से आगे

**अजित पवार** के निधन के बाद उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद से सुनेत्रा के शपथ ग्रहण समारोह पर कथित तौर पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। कई नेताओं ने सवाल उठाते हुए कहा है कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए जल्दबाजी की गई थी। साथ ही, शिंदे सेना के नेता रामदास कदम ने इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए एनसीपी अजित गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे पर निशाना साधा है।

रामदास कदम ने कहा है कि सुनील तटकरे गद्दार हैं। उन्होंने उन्हें पालने-पोसने वालों को खत्म करने का काम किया है। अगर शपथ ग्रहण के लिए 10 दिन रुक जाते तो क्या होता। हम हिंदू सूतक मानते हैं, लेकिन यह बहुत दुःख की बात है कि यहां कुछ नहीं है। यह हमारी संस्कृति नहीं है, महाराष्ट्र सुनील तटकरे को कभी माफ नहीं करेगा।



सुनेत्रा पवार के शपथ समारोह पर शिंदे सेना के नेता कदम का कटाक्ष

साथ ही, शिवसेना के मंत्री उदय सामंत ने भी सवाल उठाया कि यह शपथ ग्रहण समारोह इतनी जल्दी किसने करवाया? वहीं, मंत्री संजय शिरसाट ने कहा था कि अजित पवार की मौत के तुरंत बाद शपथ समारोह क्यों हुआ? इसी तरह के बयान विपक्षी उद्धव गुट, कांग्रेस सहित अन्य दलों ने भी दिए हैं। इस मुद्दे पर राज्य की राजनीति गर्मा गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत पर हो रही सियासत पर गहरी नाराजगी जताई है।

# BMC के मेयर के लिए आज होगा नामांकन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: BMC मेयर के लिए आज नामांकन किया जाएगा। मेयर की रेस में बीजेपी की ओर से राजश्री शिरवडकर और रितु तावडे के नाम सबसे अधिक चर्चा में हैं। वहीं, उद्धव ठाकरे की सेना से श्रद्धा जाधव और विशाखा राउत के नाम भी चर्चा में हैं। तीन सीट वाली अजित पवार और एक सीट वाली शरद पवार की NCP ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने की बात कही है। इससे एकनाथ शिंदे की शिवसेना और मजबूत स्थिति में आ गई है और अपनी पार्टी का उपमहापौर बनाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

BJP से राजश्री शिरवडकर और रितु तावडे रेस में

BJP के गट नेता गणेश खणकर ने बताया कि हमने शुक्रवार को ही अपनी पार्टी ऑफिस का उद्घाटन पूजा कर संपन्न कर ली है। शुक्रवार को देर रात सभी नगरसेवकों की बैठक होगी, इस बैठक में नाम पर अंतिम मुहर लगेगी और महापौर के नाम शनिवार सुबह 9 बजे तक जारी कर दिए जाएंगे।

**बीजेपी और शिंदे सेना की स्थिति मजबूत**

बीजेपी पहली बार BMC में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है इस समय BJP के पास कुल 89 नगरसेवक हैं, जबकि एकनाथ शिंदे सेना के पास 29 नगरसेवक हैं। इसके साथ ही शिंदे सेना को शरद और अजित पवार की NCP के 4 नगरसेवकों का समर्थन प्राप्त होने से दोनों ही पार्टियों को अपना महापौर और उपमहापौर बनाने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।

### विमान हादसा मामले में अजित पवार के निजी सचिव से पूछताछ

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद विमान हादसे को लेकर जांच तेज हो गई है। शुक्रवार को सीआईडी अधिकारियों ने मंत्रालय में अजित पवार के निजी सचिव अविनाश सोलवट से करीब चार घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों ने 28 जनवरी के बारामती दौरे की पूरी रूपरेखा, यात्रा का कार्यक्रम कैसे तय हुआ, अजित पवार कहां से कहां जाने वाले थे और 27 जनवरी की रात इस दौरे को लेकर कोई चर्चा हुई थी या नहीं, इन सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली। सूत्रों का कहना है कि सीआईडी ने अजित पवार के निजी सचिव से यह भी पूछा कि बारामती यात्रा की योजना किसने बनाई थी और उड़ान से जुड़ी व्यवस्था की जिम्मेदारी किस अधिकारी या एजेंसी के पास थी।




# राज्य की 731 जिला परिषद सीटों के लिए चुनाव आज, 1,462 पंचायत समितियों के लिए भी की जाएगी वोटिंग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य के 12 जिलों की 731 जिला परिषद सीटों और 125 पंचायत समितियों की 1,462 सीटों के लिए चुनाव आज होगा। सभी बारह जिला परिषदों में कुल 731 सीटें हैं, जिनमें से 369 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 83 सीटें अनुसूचित जाति, 25 सीटें अनुसूचित जनजाति और 191 सीटें पिछड़े वर्ग के नागरिकों के लिए आरक्षित हैं। इन सभी जिला परिषद सीटों के लिए कुल 2 हजार 624 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सभी 125 पंचायत समितियों में कुल 1 हजार 462 सीटें हैं, जिनमें से 731 सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। 166 सीटें अनुसूचित जाति, 38 सीटें अनुसूचित जनजाति और 342 सीटें पिछड़े वर्ग के नागरिकों के लिए आरक्षित हैं। पंचायत समिति की इन सभी सीटों के लिए कुल 4,814 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

जिला परिषदों में 369 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित



राज्य चुनाव आयोग ने 13 जनवरी, 2026 को रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, पुणे, सतारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, छत्रपति संभाजीनगर, परभणी, धाराशिव और लातूर में 12 जिला परिषदों और उनके तहत आने वाली 125 पंचायत समितियों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। यह मतदान 5 फरवरी 2026 को होना था, लेकिन उपमुख्यमंत्री अजित पवार की आकस्मिक मृत्यु के बाद राज्य में तीन दिन का शोक घोषित किया गया था। इसके कारण वोटिंग और काउंटिंग की तारीख बदल दी गई। नए शेड्यूल के अनुसार अब मतदान 7 फरवरी सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा।

# बच्चों को देख माता-पिता भी संयम पथ पर

## संयमरंगः दीक्षा उत्सव में त्याग की कठिन राह पर चल पड़े 64 दीक्षार्थी

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ मुंबई: बोरीवली के चीकूवाड़ी में आयोजित हो रहे 'संयमरंग उत्सव' में शुक्रवार को अलग ही नजारा दिखा। वर्षों पहले बच्चों ने दीक्षा लेकर संसार त्याग है और अब उन्हीं की शांति, प्रसन्नता और वैराग्य से प्रेरित होकर माता-पिता भी संयम का कठिन मार्ग अपना रहे हैं।


'संयमरंग उत्सव' में दीक्षा लेने वाले 64 दीक्षार्थियों में कुछ ऐसे माता-पिता शामिल हैं, जिनकी संतानें पहले ही साधु-साध्वी बन चुकी हैं। बच्चों की आंखों में स्थायी आनंद, चेहरे पर संतोष और जीवन में अनुशासन देखकर माता-पिता भी संयम वेश धारण कर रहे हैं।

**बेटी ने दिखाया रास्ता, माता-पिता चले अध्यात्म की राह:** दीक्षार्थी शैलेन्द्रभाई सकलेचा ने कहा, 'दो साल पहले हमारी 20 साल की बेटी ने दीक्षा ली थी। शुरुआत में मन भारी था, लेकिन जब हमने उसे गुरु महाराज के सानिध्य में आनंदित देखा, तब समझ आया कि यही जीवन की सच्ची उपलब्धि है। बेटी की प्रसन्नता ने हमें भी भीतर से बदल दिया।' सकलेचा ने बताया कि 28 वर्षों की वैवाहिक जीवन यात्रा के बाद उन्होंने और उनकी धर्मपत्नी एकताबेन सकलेचा ने निर्णय लिया कि जो रास्ता बेटी को आनंद दे रहा है, वही हमारा भी मार्ग होगा।

**'...उन्होंने संसार त्याग संयम मार्ग चुना':** 'अध्यात्म परिवार' के कार्य संचालक **आशीष गोलछा** ने कहा कि जैन धर्म के सभी तीर्थंकर राजकुलों में जन्मे, फिर भी उन्होंने वैभव, सत्ता और सुख-सुविधाओं का त्याग कर संसार को यह संदेश दिया कि केवल भौतिक साधनों से मनुष्य सुखी नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि **योगतिलक सूरीश्वर महाराज** सांसारिक जीवन में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर चुके थे और उन्होंने मुंबई के **एच.आर. कॉलेज** से शिक्षा प्राप्त की थी। इसके बावजूद उन्होंने संसार त्याग कर संयम का मार्ग चुना।

अध्यात्म परिवार के सदन संयोजक **मनीष शाह खोंगलु** ने 'संयमरंग उत्सव' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण की सामूहिक प्रक्रिया है।

**करीब 330 बोलियां लगाई गईं:** उत्सव के तीसरे दिन आयोजित अष्टप्रकारी पूजा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। संगीतकार श्रेनि शाह और शिवम सिंह की भक्ति रचनाओं के बीच, जब माता-पिता और संतानें एक साथ मंच पर दिखीं। 64 दीक्षार्थियों के संयम वेश, आवश्यक उपकरण और नामकरण दान के लिए करीब 330 बोलियां लगीं। यह दान केवल आर्थिक नहीं था, बल्कि परिवारों की आंतरिक स्वीकृति का प्रतीक था। 17 अलग-अलग समाजों से दीक्षार्थी परिवार आए हैं।



**आज निकलेगी शाही शोभायात्राः** संयमरंग उत्सव में शनिवार को शाही शोभायात्रा आयोजन का सबसे भावुक अध्याय होगी। कई परिवारों में माता-पिता और संतान एक ही दिन सांसारिक जीवन का त्याग करेंगे। मालाड से बोरीवली तक निकलने वाली इस यात्रा में करीब 10 हजार श्रद्धालु शामिल होंगे।

### तीर्थ यात्रा पर गए ड्राइवर का ऑटो रिक्शा चोरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : तीर्थ यात्रा पर गए एक ड्राइवर का ऑटो रिक्शा कुर्ला पश्चिम से चोरी हो गया है। 46 वर्षीय रिक्शा चालक सचिन मारुति चौधरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 2 फरवरी को सुबह करीब 5.30 बजे सचिन चौधरी ने अपना ऑटो रिक्शा नंबर MH-03 C.T. 8150 कुर्ला वेस्ट में ओम बजरंग क्रीड़ा मंडल के पास पार्क किया था। इसके बाद वह पारिवारिक कारणों से गांव की ओर तीर्थ यात्रा पर निकल गया था। बाद में सचिन ने आसपास के इलाकों और एलबीएस रोड पर रिक्शे की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला।

5 फरवरी की रात गांव से लौटने के बाद सचिन चौधरी ने फिर से अपने रिश्तेदार के साथ रिक्शा ढूंढने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। इसके बाद उन्होंने कुर्ला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 2 फरवरी की सुबह से 4 फरवरी की रात अज्ञात चोर ने उनका ऑटो रिक्शा चुरा लिया।

Shri Kirtilal Manilal Mehta
(1907 - 1993)




A VISIONARY IN HIS TIME
A LEGEND IN OURS

On February 7th Founder's Day, we honour our visionary founder, Late Shri Kirtilal M.Mehta, whose belief in quality healthcare for all continues to inspire us everyday.

The light you gave us, Still guides us.

Board of Trustees

Late Shri Kishor Kirtilal Mehta, Founder Permanent Trustee for Life
Smt. Charu Kishor Mehta, Chairperson, Founder Permanent Trustee for Life
Shri Rajiv K. Mehta, Permanent Trustee
Shri Rajesh K. Mehta, Permanent Trustee
Shri Prashant K. Mehta, Permanent Trustee

Lilavati Hospital and Research Centre
More than Healthcare, Human Care

Trustees

Shri Kiran Shah, Shri Sanjay Shroff, Shri Tatyaba Palve, Shri Chetan Joshi, Shri Mohit Mathur, Shri Saurav Sharma, Shri Kunal Shah

And Team Lilavati Hospital

Lilavati Hospital and Research Centre, Bandra (W), Mumbai 400050

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in